राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 155
लखनऊ, गुरुवार 05 फरवरी, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित





samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



सुमन श्रीवास्तव को एसपी ने किया सम्मानित 10
वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी की राह में यूपी पर्यटन बनेगा ग्रोथ इंजन : जयवीर सिंह 03


### -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,59,590/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,46,300/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,19,730/10 ग्राम |
| चांदी | | = 3,20,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रपति ने श्री जगन्नाथ मंदिर में किए दर्शन



**भुवनेश्वर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने ओडिशा दौरे के तीसरे दिन बुधवार को पुरी स्थित 12वीं शताब्दी के प्रसिद्ध श्री जगन्नाथ मंदिर में दर्शन कर भगवान जगन्नाथ का आशीर्वाद लिया। इससे पूर्व उन्होंने पारंपरिक पितृ कर्म भी संपन्न किए। पुरी पहुंचने पर राष्ट्रपति ने सबसे पहले श्वेतगंगा में पिंडदान किया, जो पितृ अनुष्ठानों से जुड़ा एक पवित्र स्थल है। इसके बाद वह श्री जगन्नाथ मंदिर पहुंचीं और भगवान जगन्नाथ के दर्शन किए। मंदिर दर्शन के दौरान ओडिशा के राज्यपाल हरि बाबू कंभमपटि और मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी भी राष्ट्रपति के साथ मौजूद रहे।

### तीन नाबालिक बहनों ने 9 वीं मंजिल से कूदकर की आत्महत्या

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद के थाना टीला मोड़ क्षेत्र की एक सोसाइटी में रहने वाली तीन नाबालिग बहनों जिनका नाम निशिका उम्र 16 वर्ष, प्राची उम्र 14 वर्ष और पाखी उम्र 16 वर्ष ने बीती रात को 2 बजे के करीब अपनी सोसाइटी की 9 वी मंजिल से छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रथम दृष्टया पुलिस को आशंका है कि तीनों ऑनलाइन गेम खेलती थी। टास्क पूरा करने के प्रेशर के चलते उन्होंने आत्महत्या किया है। पुलिस के अनुसार कोविड के बाद तीनों ने स्कूल जाना छोड़ दिया था। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

### टर्किश एयरलाइंस के इंजन में लगी आग, कोलकाता में आपात लैंडिंग

**नई दिल्ली।** तुर्की एयरलाइंस के एक यात्री विमान की बुधवार को कोलकाता हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग कराई गई। नेपाल से इस्तांबुल जा रही फ्लाइट TK 727 के इंजन में आग लगने के बाद पायलट ने कोलकाता एटीसी से संपर्क किया। आग के कारणों की जांच जारी है। विमान में 236 यात्री सवार थे। हालांकि सभी यात्री पूरी तरह से सुरक्षित हैं। कोलकाता एटीसी से हरी झंडी मिलते ही विमान को बेहद सावधानी के साथ रनवे पर उतारा गया। फायर ब्रिगेड की टीम और आपातकालीन सेवाएं पहले से ही हवाई अड्डे पर तैयार थीं। विमान के सुरक्षित उतरने के बाद यात्रियों को बाहर निकाला गया। फिलहाल विमान की मरम्मत का काम चल रहा है और यात्री हवाई अड्डे पर इंतजार कर रहे हैं।

### जबलपुर में स्थापित होगा देश का सबसे बड़ा मल्टी-फंक्शनल पॉवर ऑपरेटर ट्रेनिंग सिम्युलेटर

**भोपाल।** मध्य प्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी (एमपीपीजीसीएल) जबलपुर के नयागांव स्थित पॉवर जनरेटिंग प्रशिक्षण संस्थान में लगभग 14 करोड़ रुपये की लागत से देश का सबसे बड़ा मल्टी-फंक्शनल थर्मल एवं हाइड्रो ऑपरेटर ट्रेनिंग सिम्युलेटर स्थापित करने जा रही है। मानव संसाधन व प्रशासन विभाग के मुख्य अभियंता दीपक कुमार कश्यप ने बुधवार को बताया कि इस अत्याधुनिक सिम्युलेटर के माध्यम से विद्युत उत्पादन अभियंताओं को विद्युत संयंत्रों के संचालन, नियंत्रण और आपातकालीन परिस्थितियों के प्रबंधन का यथार्थपरक और व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त होगा। इससे प्लांट ट्रिपिंग जैसी घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आएगी। यह सिम्युलेटर रिमोट ऑपरेशन की सुविधा से भी युक्त होगा।

# लोकसभा में तीसरे दिन गतिरोध बरकरार, कार्यवाही स्थगित

**कांग्रेस के आठ सदस्यों के बजट सत्र के लिए निलंबन के विरोध में जबरदस्त हंगामा**

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

लोकसभा में विपक्ष के भारी हंगामे के कारण बुधवार तीसरे दिन भी कामकाज नहीं हो सका और सदन की कार्यवाही पांच बजे तक स्थगित कर दी गयी।

दो बार स्थगन के बाद सदन की कार्यवाही दो बजे शुरु होते ही विपक्षी सदस्य नारेबाजी करते हुए सदन के बीचोंबीच आ गये। पीठासीन अधिकारी कृष्ण प्रसाद तेन्नटी ने हंगामे के बीच राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा को आगे बढाते हुये तेलुगु देशम पार्टी के जीएम हरीश बालयोगी का नाम पुकारा। श्री बालयोगी ने कहा कि राष्ट्रपति का अभिभाषण सुधारों से भरा हुआ है। यह विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने वाला है। इसमें 25 लाख लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने की बात कही गयी है। निजी सुरक्षा और उत्तरदायित्व के साथ हम आगे बढ रहे है। अटल टिकरिंग के लिए अधिक धनराशि के आवंटन से नवाचार को बढावा मिलेगा। छात्राओं की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए हर जिले में एक हास्टल खोलने का प्रस्ताव किया गया है। भाजपा के निशिकांत दुबे ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर अपनी बात रखते हुए कांग्रेस पर सीधा प्रहार किया और कुछ किताबों के हवाले से आलोचना करने लगे। हालांकि इस बीच पीठासीन अधिकारी लगातार किताब के हवाले से बात करने से रोकते रहे। इस बीच हंगामा तेज हो गया जिसके कारण सदन की कार्यवाही पांच बजे तक स्थगित कर दी गई। इससे पहले लोकसभा में विपक्ष के सदस्यों ने कांग्रेस के आठ सदस्यों के बजट सत्र के लिए निलंबन के विरोध में बुधवार को ज़बरदस्त हंगामा किया जिसके कारण अध्यक्ष ओम बिरला को सदन की कार्यवाही पांच मिनट के भीतर ही 12 बजे तक के लिए स्थगित करनी पड़ी। श्री बिरला ने सदन की कार्यवाही शुरु करते हुए खाद्य प्रसंस्करण और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय से संबंधित सवालों पर सदस्यों के जवाब विभाग के मंत्री से देने को कहा। इस बीच विपक्ष के सदस्य सदन की बीचों-बीच आकर हंगामा करने लगे। अध्यक्ष ने हंगामे में ही प्रश्न काल को चलाने का प्रयास किया लेकिन विपक्षी सदस्यों ने हंगामा और तेज कर दिया। इस बीच कुछ सदस्यों ने प्रश्न पूछे और उनका जवाब भी आया लेकिन हंगामे और शोर शराबे के कारण कुछ सुनाई नहीं दिया। श्री बिरला को 12 बजे तक सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। कार्यवाही पुनः बारह बजे शुरू होते ही विपक्षी सदस्यों ने पूर्व सेनाध्यक्ष की अप्रकाशित पुस्तक के अंशों को उद्धृत करते हुए नारेबाजी और हंगामा शुरू कर दिया। कांग्रेस, द्रमुक, तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) के सदस्य अपने-अपने स्थानों पर खड़े होकर शोरशराबा और नारेबाजी करने लगे। उनके हाथ में बड़े-बड़े बैनर भी थे। विपक्षी सदस्य प्रधानमंत्री का नाम लेकर नारे लगा रहे थे। कई विपक्षी सदस्य बैनर के साथ आसन के समक्ष आ गये थे। बैनरों पर प्रधानमंत्री, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और पूर्व सेनाध्यक्ष मनोज मुकुन्द नरवणे के चित्र थे। समाजवादी पार्टी के सदस्य अहिल्या बाई होल्कर का चित्र लेकर वाराणसी में मणिकर्णिका घाट पर उनकी प्रतिमा कथित रूप से खंडित किये जाने का विरोध कर रहे थे।



### संसद परिसर में तीखी नोकझोंक, राहुल गांधी ने मंत्री रवनीत बिट्टू को बताया गद्दार

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के बीच नोकझोंक देखने को मिली जब संसद परिसर में कांग्रेस नेता ने उन्हें गद्दार कहकर संबोधित किया और उसके जवाब में बिट्टू ने कांग्रेस नेताओं को देश के दुश्मन बताया। यह घटना संसद के मकर द्वार के निकट घटी, जब वहां वर्तमान बजट सत्र की शेष अवधि से निलंबित किए गए आठ विपक्षी सांसद प्रदर्शन कर रहे थे। कांग्रेस के नेता रह चुके बिट्टू संसद भवन में प्रवेश कर रहे थे और वह टिप्पणी करते सुने गए कि ये (प्रदर्शन कर रहे सांसद) जंग जीतकर आए हैं। इस पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा, देखिए यहां एक गद्दार चला आ रहा है... मेरे गद्दार मित्र, चिंता मत करो, वापस आ जाओ। इस पर बिट्टू ने कहा कि ये देश के दुश्मन हैं। राहुल गांधी ने केंद्रीय रेल राज्य मंत्री बिट्टू से हाथ मिलाने का प्रयास किया, हालांकि भाजपा नेता ने हाथ नहीं मिलाया और सीधे संसद भवन के अंदर चले गए।

### सरकार जिस किताब के लिए कहती है कि छपी ही नहीं वही पुस्तक मैं मोदी जी को भेंट करुंगा : राहुल



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि जिस पुस्तक के उद्धरण बोलने से उन्हें यह कहते हुए संसद में रोका जा रहा है कि यह पुस्तक छपी ही नहीं है, तो आज यह पुस्तक उनके हाथ में है और इसे वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेंट करना चाहेंगे।


### सदन का अपमान करना उचित नहीं : ओम बिरला

अध्यक्ष ओम बिरला ने शोरशराबा कर रहे सदस्यों से कहा कि उनके इस आचरण से लोगों का लोकतंत्र में भरोसा कम होगा। उनका विरोध करने का यह तरीका कतई उचित नहीं है। सदन नियमों-प्रक्रियाओं से चलता है। सदन में पहले भी विरोध हुआ है, लेकिन इस तरह मर्यादायें नहीं तोड़ी गयीं। श्री बिरला ने कहा कि वैचारिक मतभेदों के कारण विरोध होते हैं, लेकिन इस तरह से सदन की गरिमा और मर्यादा का हनन नहीं किया जाता। यह सदन सभी का है और सभी सदस्यों की जिम्मेदारी इसकी गरिमा को बनाये रखने की है। सदन का इस तरह अपमान करना उचित नहीं है।

# योजना जन-केंद्रित होनी चाहिए : योगी

**लंबित आवास मामलों के निस्तारण के लिए 'एकमुश्त समाधान योजना' लागू करने के निर्देश**

**सभी पात्र आवंटियों तक ओटीएस योजना की जानकारी पहुंचे, मुख्यमंत्री ने व्यापक प्रचार-प्रसार के दिए निर्देश**



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की बैठक में लंबित आवासीय और व्यावसायिक आवंटनों के त्वरित निस्तारण के लिए एक नई 'एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस-2026)' लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्षों से लंबित देयों और विवादित मामलों के कारण न केवल योजनाओं की प्रगति प्रभावित होती है, बल्कि आम नागरिकों को भी अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ता है। सरकार का उद्देश्य ऐसी व्यवस्था लागू करना है, जिसमें समाधान तेज, पारदर्शी और सभी के लिए व्यावहारिक हो।

अपने सरकारी आवास पर बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की किसी भी योजना में लंबित भुगतान या विवादित आवंटन राज्य की विकास गति को धीमा करते हैं। इसलिए आवास विभाग को ऐसी समाधान-प्रधान व्यवस्था लागू करनी चाहिए, जिससे विभाग को आवश्यक राजस्व प्राप्त हो और आवंटियों को भी राहत मिले। उन्होंने कहा कि यह योजना जन-केंद्रित होनी चाहिए, जिसमें हर वास्तविक आवंटी को स्पष्ट और सरल विकल्प उपलब्ध हों।

बैठक में बताया गया कि वर्ष 2020 में लागू की गई ओटीएस-2020 योजना से बड़ी संख्या में मामलों का निस्तारण हुआ था लेकिन कोविड-19 के कारण कई आवंटी अंतिम भुगतान नहीं कर पाए। विभाग द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों में प्रदेश के विभिन्न आवासीय और व्यावसायिक परिसरों में मौजूद ऐसे सभी डिफॉल्ट मामलों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि ओटीएस-2026 योजना को अधिक व्यावहारिक और लाभकारी स्वरूप दिया जाए। एकमुश्त भुगतान करने वाले आवंटियों को देयों पर उपयुक्त छूट दी जाए। साथ ही, किस्तों में भुगतान की सुविधा हो। उन्होंने कहा कि योजना के प्रावधानों को अंतिम रूप देते समय यह ध्यान रहे कि योजना के मूल में आम आदमी को राहत देने का ही भाव निहित हो।

### हजारों आवंटियों को मिलेगी राहत

सीएम योगी ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि विभाग द्वारा प्रत्येक आवेदन का निस्तारण निर्धारित समयसीमा में कर दिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि नई योजना लागू होने से हजारों आवंटियों को राहत मिलेगी और विभाग को राजस्व भी प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री ने विभाग को निर्देश दिया कि योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार की विशेष व्यवस्था की जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग इससे अवगत हो सकें। उन्होंने कहा, एकमुश्त समाधान योजना के बारे में आम जनता के बीच सक्रिय रूप से जानकारी पहुंचाई जाए, ताकि सभी पात्र लोग इसका लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि योजना की संपूर्ण प्रक्रिया ऑनलाइन, पारदर्शी और उपयोगकर्ता-अनुकूल होनी चाहिए।

# मणिपुर से हटा राष्ट्रपति शासन, युमनाम खेमचंद ने ली मुख्यमंत्री पद की शपथ

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

मणिपुर में राष्ट्रपति शासन समाप्त होने के साथ ही युमनाम खेमचंद ने राज्य के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली है। राज्यपाल अजय भल्ला ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई. खेमचंद मेतई समुदाय से हैं, सिंगजामेई से विधायक और बीरेन सरकार में मंत्री रह चुके हैं।

मणिपुर में राष्ट्रपति शासन खत्म हो गया है। इसके लिए गृह मंत्रालय ने एक नोटिफिकेशन जारी किया। इसमें तत्काल प्रभाव से इसे खत्म करने का ऐलान किया गया। इसके साथ ही राज्य को नया सीएम भी मिल गया है। युमनाम खेमचंद ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली है। मणिपुर के राज्यपाल अजय भल्ला ने लोकभवन में उनको शपथ दिलाई।

मेतई सुमदाय से ताल्लुक रखने वाले 62 साल के खेमचंद सिंगजामेई



विधानसभा सीट से विधायक और पेशे से इंजीनियर रहे हैं। वे बीरेन सरकार में नगर प्रशासन और आवास विभाग के मंत्री थे। इसके साथ ही 2022 में वो मुख्यमंत्री पद के दावेदार थे। खेमचंद आरएसएस के करीबी माने जाते हैं। बीजेपी मुख्यालय में मंगलवार को बैठक हुई थी। इसमें खेमचंद सिंह को विधायक दल का नेता चुना गया था। इस चुनाव के लिए बीजेपी आलाकमान नेराष्ट्रीय महासचिव तरुण चुग को आब्जर्वर नियुक्त किया था। बता दें किमुख्यमंत्री की रेस में गोविंद दास और टी विश्वजीत सिंह सबसे आगे थे। गोविंद दास 7 बार के विधायक हैं। उन्हें बिरेन सिंह का समर्थन भी है।

### मैतेई और कुकी के बीच संघर्ष


मई 2023 में मैतेई और कुकी जातियों के बीच जातीय हिंसा हुई। इसमें अब तक 260 से अधिक लोग मारे गए। हजारों लोग बेघर हो गए। पिछले साल 13 फरवरी को बीरेन सिंह ने सीएम पद से इस्तीफा दिया था। फिर केंद्र सरकार ने राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया था। 60 सदस्यीय विधानसभा वाले मणिपुर में बीजेपी के पास कुल 37 विधायक हैं। एनडीए के सहयोगी दल में एनपीपी के 6 और नागा पीपुल्स फ्रंट (एपीएफ) के भी 5 विधायक हैं। मणिपुर में पहली बार 13 फरवरी, 2025 को 6 महीने के लिए राष्ट्रपति शासन लगाया गया था। फिर अगस्त 2025 में इसे और छह महीने के लिए बढ़ा दिया गया था।

# रिसर्च, डेवलपमेंट व नवाचार के लिए जारी करेगा फंड

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट बोर्ड के तहत रिसर्च, डेवलपमेंट और इनोवेशन फंड की पहली ओपन कॉल शुरू की। इसका उद्देश्य भारतीय तकनीकी को लैब से बाजार तक पहुंचाने में मदद करना है।

इस योजना के तहत सरकार अब निजी कंपनियों और स्टार्टअप्स को कम ब्याज पर लंबे समय के लिए फंडिंग देगी, ताकि वे नई तकनीकी को विकसित कर सकें और बाजार में उतार सकें। बुधवार को नेशनल मीडिया सेंटर में आयोजित पत्रकार वार्ता में डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि यह योजना



सरकार की पारंपरिक फंडिंग व्यवस्था से अलग है। अब तक सरकार ज्यादातर सीएसआर या दान के जरिए नवाचार को बढ़ावा देती थी, लेकिन अब निजी क्षेत्र को सीधे सरकारी समर्थन दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस फंड का कुल आकार 1 लाख करोड़ रुपये है। इसके तहत 2 से 4 प्रतिशत ब्याज दर पर लोन मिलेगा जो 15 साल तक की अवधि के लिए होगा। इसके लिए किसी तरह की जमानत नहीं देनी होगी।

### किश्तवाड़ में सुरक्षाबलों से मुठभेड़ में जैश का एक और आतंकी ढेर

**एजेंसी, किश्तवाड़।** किश्तवाड़ जिले के दिच्छर इलाके में सुरक्षा बलों ने एक मुठभेड़ में आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के एक और आतंकवादी को मार गिराया है। आज ही सुरक्षा बलों ने उधमपुर जिले में एक मुठभेड़ में दो आतंकवादियों को मार गिराया था। सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ की टुकड़ियों ने किश्तवाड़ इलाके में घेराबंदी और सर्च ऑपरेशन चलाया, जिसके बाद भागे आतंकियों से फिर संपर्क हो गया है। सेना की व्हाइट नाइट कोर ने अपने एक्स हैंडल पर कहा कि किश्तवाड़ क्षेत्र में आतंकवादियों की तलाश में निरंतर जारी अभियान के दौरान घने जंगलों और दुर्गम इलाकों में कई मुठभेड़ें हो चुकी हैं। सेना ने आगे कहा कि ऑपरेशन त्राशी-एक में एक आतंकवादी मारा गया। इससे पहले आज ही सुरक्षा बलों ने उधमपुर जिले में एक मुठभेड़ में दो आतंकवादियों को मार गिराया है।

# जनगणना 2027 में दूसरे चरण में होगी जाति गणना

**डिजिटल माध्यम से पूरी होगी प्रक्रिया : केंद्र**

**एजेंसी, नई दिल्ली ।**

केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि जनगणना 2027 के दौरान जाति गणना की जाएगी। यह जानकारी गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बुधवार को राज्यसभा में पूछे गए दो अलग-अलग प्रश्नों के लिखित उत्तर में दी।

मंत्री ने बताया कि भारत में जनगणना का संचालन दो चरणों में किया जाता है। पहले चरण में हाउस लिस्टिंग एवं हाउसिंग सेंसस (एचएलओ) के तहत मकान की स्थिति, संपत्ति, सुविधाओं आदि से संबंधित जानकारी एकत्र की जाती है। इस चरण के लिए प्रश्नों को 22 जनवरी को अधिसूचित किया जा चुका है।

दूसरे चरण यानी जनसंख्या गणना में प्रत्येक व्यक्ति से जुड़े जनसांख्यिकीय, सामाजिक-आर्थिक, सांस्कृतिक तथा जाति संबंधी विवरण जुटाए जाएंगे। दूसरे चरण के प्रश्न, जिनमें जाति से जुड़े प्रश्न भी शामिल होंगे, चरण के आरंभ से पहले निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अधिसूचित किए जाएंगे।

मंत्री ने यह भी बताया कि जाति गणना को लेकर तमिलनाडु सहित विभिन्न राज्यों के संगठनों से कई अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं, जिन पर निर्धारित प्रक्रिया के तहत विचार किया जाएगा। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में गृह राज्य मंत्री ने कहा कि जनगणना 2027 पूरी तरह डिजिटल होगी। इसके लिए मोबाइल ऐप्स, जनगणना प्रबंधन एवं निगरानी पोर्टल तथा स्व-गणना पोर्टल विकसित किए गए हैं। मोबाइल ऐप्स में ऑफलाइन डेटा संग्रह की भी सुविधा उपलब्ध होगी। केवल अपरिहार्य परिस्थितियों में ही कागजी माध्यम का उपयोग किया जाएगा, जिसे बाद में डिजिटाइज किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि गणनाकर्मी घर-घर जाकर आंकड़े एकत्र करेंगे, जिससे किसी भी व्यक्ति या परिवार के छूटने की संभावना नहीं रहेगी। स्व-गणना की सुविधा केवल अतिरिक्त विकल्प है। डेटा संग्रह, प्रसारण और सर्वर स्तर पर उचित सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए गए हैं।

### मुनव्वर राना की बेटी को पति ने घर से निकाला, दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मशहूर शायर मुनव्वर राना की बेटी हिबा राना ने अपने पति और ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा और जबरन तीन तलाक देने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। दो बच्चों की मां हिबा राना ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि विवाह के कुछ समय बाद ही ससुराल पक्ष की ओर से दहेज को लेकर दबाव बनाया जाने लगा। आरोप है कि अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर उनके साथ बार-बार मारपीट की गई और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। कई बार जान से मारने की धमकी भी दी गई। सआदतगंज थाना प्रभारी संतोष कुमार आर्या ने बताया कि पति और ससुराल पक्ष के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# एसआईआर मुद्दे पर सीएम ममता बनर्जी खुद हुईं पेश, रखीं अपनी दलीलें

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



**सुप्रीम कोर्ट ने ईसी को जारी किया नोटिस**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उच्चतम न्यायालय से मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की जारी कवायद में बुधवार को हस्तक्षेप करने का आग्रह किया ताकि लोकतंत्र की रक्षा की जा सके और आरोप लगाया कि राज्य को निशाना बनाया जा रहा है व यहां के लोगों के अधिकारों का हनन किया जा रहा है।

उच्चतम न्यायालय ने बनर्जी की याचिका और किसी सेवारत मुख्यमंत्री द्वारा उसके समक्ष प्रस्तुत दलीलों पर गौर किया और कहा कि पात्र व्यक्तियों को मतदाता सूची में शामिल होना चाहिए। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने उनकी याचिका पर निर्वाचन आयोग और पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को नोटिस जारी कर नौ फरवरी तक जवाब मांगा है।

बनर्जी ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल को निशाना बनाया जा रहा है और पूछा कि असम में यही मापदंड क्यों नहीं अपनाया जा रहा है। पीठ ने उनकी ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान के साथ-साथ खुद उन्हें (बनर्जी) भी दलील पेश करने की अनुमति दी थी।

बनर्जी ने कहा, वे पश्चिम बंगाल को निशाना बनाकर वहां के लोगों के अधिकारों को कुचलने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हमें कहीं न्याय नहीं मिल रहा है। मैंने निर्वाचन आयोग को छह पत्र लिखे हैं। सुनवाई के अंतिम चरण में, बनर्जी ने बहस करने का अवसर देने के लिए पीठ के प्रति आभार व्यक्त किया और उनसे लोकतंत्र की रक्षा का आग्रह किया। मुख्यमंत्री बनर्जी ने राज्य में एसआईआर को चुनौती दी है।

**प्रश्नचिन्ह**

**बुलडोजर कार्रवाई पर हाई कोर्ट का सवाल**

# क्या सरकार को है अपराधी के आवास के विध्वंस का अधिकार

**प्रयागराज, समृद्धि न्यूज।**

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने प्रदेश में किसी भी अपराध के बाद तत्काल बुलडोजर कार्रवाई किए जाने की प्रवृत्ति पर गंभीर सवाल उठाए हैं। हमीरपुर निवासी फहीमुद्दीन और दो अन्य को अंतरिम राहत देते हुए न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन और न्यायमूर्ति सिद्धार्थनंदन की खंडपीठ ने पूछा कि क्या राज्य को किसी अपराधी के आवास को ध्वस्त करने का अधिकार है, या उसका दायित्व नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा करना है? अदालत ने यह भी टिप्पणी की कि अपराध के तुरंत बाद विध्वंस की कार्रवाई क्या कार्यपालक विवेक का विकृत प्रयोग है? खंडपीठ ने यह स्पष्ट किया कि यदि विध्वंस की 'उचित आशंका' भी हो, तो यह नागरिकों को अदालत की शरण लेने का पर्याप्त आधार प्रदान करती है। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने नवंबर 2024 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का भी उल्लेख किया और पूछा कि क्या इनका पालन किया जा रहा है? सुप्रीम कोर्ट ने पहले स्पष्ट किया है कि किसी व्यक्ति को दंडित करने के लिए विध्वंस की कार्रवाई नहीं की जा सकती। दंड निर्धारित करना न्यायपालिका का अधिकार है, न कि कार्यपालिका का।

राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता अनूप त्रिवेदी ने अदालत को आश्वस्त किया कि बिना विधिसम्मत प्रक्रिया का पालन किए और याचियों को अपना पक्ष रखने का अवसर दिए बिना कोई विध्वंस नहीं किया जाएगा। मामले की अगली सुनवाई नौ फरवरी को निर्धारित की गई है। प्रकरण भरुआ सुमेरपुर, जनपद हमीरपुर का है। याचियों के रिश्तेदार अफान के खिलाफ पाक्सो एक्ट की धारा 3/4 और उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम, 2021 की धारा 3/5(1) के



तहत सुमेरपुर थाने में मामला दर्ज किया गया है। याचीगण फहीमुद्दीन, मोइनुद्दीन और जैबुन निशा क्रमशः पुत्र, पिता और माता हैं।

अभियुक्त अफान रिश्ते में फहीमुद्दीन का चचेरा भाई और अन्य दोनों का भतीजा बताया गया है। याचिका में कहा गया है कि एफआईआर दर्ज होने के बाद भीड़ ने उनके मकान को घेर लिया था। तीसरी याची जैबुन निशा के नाम पंजीकृत 'इंडियन लॉज' को प्रतिवादियों द्वारा सील कर दिया गया है। वहीं मोइनुद्दीन के नाम पंजीकृत आरा मशीन को 11 फरवरी 2025 को जिलाधिकारी के आदेश पर सील किया गया। याचियों ने अदालत में आशंका जताई कि उनके आवास और अन्य संपत्तियों पर बुलडोजर चलाया जा सकता है। उनका तर्क है कि अभियुक्त से पारिवारिक संबंध होने के कारण प्रशासनिक कार्रवाई की आशंका है, जबकि वे स्वयं मामले में आरोपी नहीं हैं। राज्य सरकार की ओर से याचिका को 'प्री-मेच्योर' बताते हुए प्रारंभिक आपत्ति दर्ज की गई। अपर महाधिवक्ता ने कहा कि याचियों को केवल नोटिस जारी किया गया है, जिसका उन्हें जवाब देना है। उन्होंने यह भी कहा कि आवास और लॉज को सील नहीं किया गया है। साथ ही यह तर्क भी दिया गया कि आरा मशीन को प्रतिबंधित लकड़ी नीम और ढाक के भंडारण के कारण सील किया गया था, न कि किसी आपराधिक मामले से संबंधित कार्रवाई के तहत।

# 27 लाख हवा, सैकड़ों गायें गायब—गौशालाएं बनीं भ्रष्टाचार का अड्डा

**मिहींपुरवा में गोवंश के नाम पर महालूट**

**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** मिहींपुरवा विकासखंड में गोवंश संरक्षण की आड़ में सरकारी धन की खुली और संगठित लूट सामने आई है। जिन गौशालाओं को निराश्रित गोवंश के जीवन की गारंटी बनना था, वे आज भूख, भ्रष्टाचार और प्रशासनिक मिलीभगत की कब्रगाह बन चुकी हैं। कागजों में सब कुछ दुरुस्त, लेकिन जमीनी हकीकत डरावनी और शर्मनाक है। महज 9 दिन पहले एक माह के लिए जारी किए गए 27 लाख 9 हजार रुपये चंद दिनों में ही गायब हो गए। नतीजा यह कि विकासखंड की 11 गौशालाओं में न चारा है, न भूसा और न ही जिम्मेदारों के पास कोई जवाब। यह कोई साधारण लापरवाही नहीं, बल्कि पूर्व नियोजित घोटाले की ओर साफ इशारा करता है। कागजों में 1806 गोवंश, धरातल से सैकड़ों लापता सरकारी अभिलेखों में 1806 गोवंश दर्ज हैं, लेकिन मौके की स्थिति चौंकाने वाली है। दर्जनों नहीं, सैकड़ों गायें जमीनी स्तर पर नदारद हैं। न मृत्यु का रिकॉर्ड, न स्थानांतरण का विवरण—सवाल सीधा है कि आखिर ये गायें गईं कहां? नियमों के अनुसार प्रति गोवंश प्रतिदिन 1 किलो पशुआहार और 4 किलो भूसा अनिवार्य है। इस हिसाब से एक माह में 541.8 कुंटल पशुआहार और 2167.2 कुंटल भूसा मौजूद होना चाहिए था, लेकिन वास्तविकता यह है कि अधिकांश गौशालाओं में एक दाना तक उपलब्ध नहीं है।इस मामले को लेकर विकास खंड अधिकारी डॉ जयप्रकाश वर्मा को फोन किया गया तो उन्होंने बाहर होने की बात बताई।और इस मामले में बाद मे बात करने को कहा।

**जांच के नाम पर दिखावा, पहले सूचना—फिर खानापूर्ति**

सबसे गंभीर तथ्य यह है कि जांच व्यवस्था भी संदेह के घेरे में है। आरोप है कि अधिकारी जिस गौशाला में निरीक्षण को पहुंचते हैं, वहां पहले से सूचना देकर आनन-फानन में चारा-भूसा पहुंचा दिया जाता है। यदि एक ही दिन में 11ों गौशालाओं की निष्पक्ष और अचानक जांच कराई जाए, तो पूरा घोटाला परत-दर-परत उजागर हो सकता है। **भूखा गोवंश, उजड़ती फसलें—किसान भुगत रहा सजा**

इस प्रशासनिक गठजोड़ की कीमत किसान चुका रहा है। भूखे गोवंश खेतों में घुसकर फसलों को तबाह कर रहे हैं। कड़ाके की ठंड में किसान रात-रात भर जागकर खेतों की रखवाली करने को मजबूर हैं, जबकि चारा घोटाले के जिम्मेदार अधिकारी रजाइयों में चैन की नींद सो रहे हैं। सड़कों पर घूमते आवारा गोवंश राहगीरों के लिए भी जानलेवा बन चुके हैं।

**संरक्षण केंद्र नहीं, भ्रष्टाचार का सुरक्षित ठिकाना**

अब यह सवाल बेमानी हो चुका है कि अनियमितता हुई या नहीं।

सच्चाई यह है कि मिहींपुरवा की गौशालाएं अब गोवंश संरक्षण केंद्र नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार का सुरक्षित ठिकाना बन चुकी हैं।

## बेटे से कहासुनी के बाद मां ने खाया जहर, हालत गंभीर

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** जिले के मोतीपुर इलाके में बेटे से कहासुनी के बाद एक महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया। महिला की हालत गंभीर बनी हुई है और उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना मोतीपुर थाना क्षेत्र के तमोलीपुरवा गांव की है। यहां की निवासी 50 वर्षीय जमुना देवी का अपने बेटे के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। विवाद के बाद जमुना देवी ने घर में रखा जहरीला पदार्थ पास के खेत में जाकर खा लिया। आसपास मौजूद लोगों ने महिला की बिगड़ती हालत देखकर परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलने पर परिवार के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और महिला को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए।

# मतदाता बनना फ़र्ज़, वोट करना अधिकार है, इससे वंचित न रहें : राम निवास वर्मा

**मतदाता जागरूकता व मतदाता सूची से मतदाता को जोड़ने के लिए लगाई चौपाल**



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** बुधवार दोपहर विकास खंड शिवपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत चौंगोई में बूथ संख्या 366 पर मतदाता जागरूकता एवं मतदाता सूची से मतदाता को जोड़ने के लिए चौपाल लगाई गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे विधायक रामनिवास वर्मा ने मौजूद जनसमूह से नए मतदाता से फॉर्म 6 भरकर लोकतंत्र को मजबूत करने का आवाहन किया। साथ ही 210 मतदाता अनुपस्थित होने पर लोगों से सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि आप लोग खोए हुए मतदाता की पहचान एवं खोज करने में मदद करे। संशोधन के लिए फॉर्म 8 भरें। उन्होंने कहा कि सरकार की नीयत है कि कोई व्यक्ति मतदान से वंचित न रहे। जो 18 वर्ष की उम्र पूरी कर रहे हैं। वह फॉर्म 6 भरे। आगे कहा कि मतदाता बनना फ़र्ज़ है, वोट करना अधिकार है, इससे वंचित न रहें। इस दौरान मंडल अध्यक्ष राकेश पाण्डेय, मंडल महामंत्री यशवंत सिंह, ओम प्रकाश लोधी, संजय शुक्ला, कार्यक्रम आयोजक इंद्रसेन गुप्ता सहित बीएलओ जालंधर चौहान, लेखपाल शुभम यादव सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# मिहींपुरवा विकासखंड के गेट पर टंगा 'मौत का फरमान'

**हादसे का खुला इंतज़ार करता प्रशासन**



**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** विकासखंड मिहींपुरवा के मुख्य द्वार पर लगा क्षेत्र पंचायत कार्यालय का जर्जर बोर्ड अब केवल लापरवाही नहीं, बल्कि सीधा जानलेवा खतरा बन चुका है। लोहे का यह भारी बोर्ड एक ओर से पूरी तरह टूटकर हवा में झूल रहा है और हर गुजरते इंसान के सिर पर मौत की तरह लटक रहा है। बावजूद इसके, जिम्मेदार अधिकारी गहरी नींद में सोए हुए हैं। तेज हवा चलने पर यह बोर्ड इस कदर हिलता-डुलता है कि किसी भी पल नीचे गिरकर बड़ा हादसा कर सकता है। यही नहीं, यही मुख्य मार्ग विकासखंड कार्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और बाल पुष्टाहार भवन को जोड़ता है, जहां से रोजाना सैकड़ों ग्रामीण, मरीज, महिलाएं, बच्चे, कर्मचारी और वाहन गुजरते हैं। सवाल यह है कि क्या प्रशासन किसी लाश के गिरने का इंतज़ार कर रहा है? स्थानीय लोगों के अनुसार यह बोर्ड वर्षों से जंग, सड़न और उपेक्षा का शिकार था। लोहे की चादरें गल चुकी थीं, पेंच ढीले हो चुके थे, लेकिन अधिकारियों ने न मरम्मत कराई, न हटवाया। अब जब यह बोर्ड हवा में झूलता हुआ साफ़ तौर पर खतरे की घंटी बजा रहा है, तब भी प्रशासन की संवेदनहीनता जस की तस बनी हुई है। सबसे शर्मनाक स्थिति यह है कि इन दिनों एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) का कार्य पूरे जोर पर है। ब्लॉक से लेकर जिला स्तर तक के अधिकारी लगातार विकासखंड मिहींपुरवा के चक्कर काट रहे हैं। मुख्यमंत्री के संभावित दौरे को लेकर जिलाधिकारी समेत तमाम आला अधिकारी निरीक्षण कर चुके हैं, लेकिन विकासखंड के मुख्य द्वार पर टंगा यह मौत का बोर्ड किसी को दिखाई नहीं दिया—या फिर जानबूझकर नजरअंदाज कर दिया गया। ग्रामीणों में जबरदस्त आक्रोश है। उनका साफ कहना है कि जो अधिकारी विकास, सुरक्षा और जनहित की बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, अगर वे अपने ही कार्यालय के गेट पर टंगे खतरे को नहीं देख पा रहे, तो क्षेत्र के विकास के दावे केवल खोखले नारे हैं।

## कतर्नियाघाट जंगल में मिला तेंदुए का शव



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिले के कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के मोतीपुर रेंज में एक तेंदुए का शव मिलने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम के बाद ही तेंदुए की मौत के कारणों का पता चल पाएगा। मोतीपुर रेंज के बनघुसरी बीट स्थित पकड़िया गांव के पास जंगल में ग्रामीणों ने झाड़ियों में मृत तेंदुए को देखा। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना वन चौकी को दी, जिसके बाद रेंजर अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

# बहराइच में परिवार नियोजन काउंसलिंग कॉर्नर का लक्ष्य पूरा

**सीएचसी रिसिया में अंतिम एफपीसीसी का उद्घाटन, जिले में अब कुल 20 केंद्र सक्रिय**



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिले में परिवार नियोजन सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग ने बड़ा लक्ष्य हासिल कर लिया है। नॉन-उम्मीद ब्लॉक स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रिसिया में परिवार नियोजन काउंसलिंग कॉर्नर (एफपीसीसी) का उद्घाटन किया गया। इसके साथ ही जनपद में निर्धारित 20 एफपीसीसी स्थापित करने का लक्ष्य पूरा हो गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय शर्मा ने सीएचसी रिसिया में एफपीसीसी का शुभारंभ करते हुए कहा कि परिवार नियोजन केवल जनसंख्या नियंत्रण नहीं, बल्कि मातृ-शिशु स्वास्थ्य, सुरक्षित गर्भधारण और स्वस्थ परिवार की नींव है। एफपीसीसी के माध्यम से योग्य दंपतियों को गर्भनिरोधक विकल्पों, प्रजनन स्वास्थ्य और सुरक्षित मातृत्व से जुड़ी सही जानकारी एक ही स्थान पर मिलेगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी कई लोग भ्रांतियों और झिझक के कारण परिवार नियोजन सेवाओं से दूर रहते हैं। प्रशिक्षित काउंसलरों की मदद से अब दंपतियों को उनके नज़दीकी स्वास्थ्य केंद्र पर ही परामर्श मिलेगा, जिससे वे सोच-समझकर निर्णय ले सकेंगे। सीएचसी रिसिया में आयोजित कार्यक्रम में 52 आशा कार्यकर्ता, 15 एएनएम, 5 मेडिकल ऑफिसर, आईसीटीसी काउंसलर, लेबर रूम स्टाफ नर्स सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे। सीएमओ ने काउंसलरों को निर्देश दिया कि वे प्रभावी काउंसलिंग करें और परिवार नियोजन सेवाओं की स्वीकार्यता बढ़ाने पर विशेष ध्यान दें। पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के प्रतिनिधि राम बरन यादव ने बताया कि जिले में स्वास्थ्य विभाग के मार्गदर्शन में पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया और मोबियस फाउंडेशन के वित्तीय सहयोग से उम्मीद परियोजना का संचालन किया जा रहा है, जिसके तहत उम्मीद ब्लॉकों में 15 और नॉन-उम्मीद ब्लॉकों में 5 एफपीसीसी स्थापित किए गए हैं। इस प्रकार जनपद बहराइच में कुल 20 परिवार नियोजन काउंसलिंग कॉर्नर सक्रिय हो चुके हैं, जिससे सेवाओं की पहुँच ब्लॉक से लेकर समुदाय स्तर तक मजबूत हुई है।

रिसिया सीएचसी अधीक्षक डॉ धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि एफपीसीसी स्थापित होने से 15 से 49 वर्ष आयु वर्ग के योग्य दंपतियों को सुरक्षित गर्भनिरोधक विकल्प, व्यक्तिगत परामर्श और आवश्यक जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध होगी।

## खबरें एक नजर में

### गैंड़ास बुजुर्ग थाना क्षेत्र में मिशन शक्ति के तहत महिला जागरूकता कार्यक्रम



**समृद्धि न्यूज, उतरौला (बलरामपुर)।** बुधवार को थाना गैंड़ास बुजुर्ग जनपद बलरामपुर क्षेत्र में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिलाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं जागरूकता को लेकर एक व्यापक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडेय तथा क्षेत्राधिकारी राघवेन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का नेतृत्व थानाध्यक्ष राजीव कुमार मिश्रा, थाना गैंड़ास बुजुर्ग द्वारा किया गया। मिशन शक्ति अभियान के तहत गठित एंटी रोमियो टीम/मिशन शक्ति टीम के प्रभारी उप निरीक्षक शुभम कुमार यादव, महिला आरक्षी सुप्रिया सिंह एवं महिला आरक्षी गरिमा सिंह द्वारा क्षेत्र की महिलाओं को जागरूक किया गया। टीम ने महिलाओं को केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी, जिनमें कन्या सुमंगला योजना, वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना सहित अन्य योजनाएं प्रमुख रहीं। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को महिला अपराध, घरेलू हिंसा, लैंगिक उत्पीड़न, छेड़छाड़ जैसी समस्याओं के प्रति सतर्क रहने एवं किसी भी प्रकार की प्रताड़ना की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना देने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों के बारे में भी जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त, तेजी से बढ़ते साइबर अपराधों को ध्यान में रखते हुए टीम द्वारा ओटीपी शेयरिंग फ्रॉड, लकी ड्रॉ कॉल, स्मार्ट एडिटिंग वीडियो कॉल फ्रॉड, बैंकिंग फ्रॉड, पेंशन धोखाधड़ी जैसे मामलों से बचाव के उपायों की विस्तार से जानकारी दी गई और किसी भी संदिग्ध कॉल या संदेश से सतर्क रहने की अपील की गई। महिलाओं को आपात स्थिति में सहायता के लिए उपलब्ध हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई, जिनमें 1090 (वीमेन पावर लाइन), 112 (यूपी आपातकालीन सेवा), 102/108 (एम्बुलेंस सेवा), 181 (महिला हेल्पलाइन), 1930/155260 (साइबर हेल्पलाइन) तथा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 शामिल हैं। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं से अपील की गई कि वे स्वयं जागरूक बनें, दूसरों को भी जागरूक करें और किसी भी प्रकार की समस्या या अपराध की स्थिति में बिना संकोच पुलिस व संबंधित विभाग से संपर्क करें। स्थानीय महिलाओं ने इस पहल की सराहना करते हुए पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

### कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय देहात की छात्राएं नव-निर्मित भवन सिसई में हुईं शिफ्ट

**बलरामपुर।** जनपद में बालिका शिक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के अंतर्गत कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय देहात की छात्राओं को सिसई स्थित नव-निर्मित, आधुनिक भवन में सफलतापूर्वक स्थानांतरित कर दिया गया है। यह कार्य जिलाधिकारी श्री विपिन कुमार जैन महोदय के निर्देशन एवं जिला बेसिक शिक्षा विभाग के सतत प्रयासों से सम्पन्न हुआ। पूर्व में विद्यालय का संचालन समाज कल्याण विभाग के भवन में किया जा रहा था। अब छात्राएं एक समर्पित, सुव्यवस्थित एवं उच्च सुविधाओं से युक्त आवासीय परिसर में अध्ययन एवं निवास कर रही हैं। नव-निर्मित भवन में छात्राओं के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर लैब, सोलर पैनल आधारित ऊर्जा व्यवस्था, उत्तम आवासीय सुविधा, स्वच्छ पेयजल एवं शौचालय, तथा सुरक्षा के समुचित इंतजाम उपलब्ध कराए गए हैं। आधुनिक शैक्षणिक संसाधनों से पढ़ाई अधिक प्रभावी होगी, वहीं बेहतर आवासीय व्यवस्था से छात्राओं का स्वास्थ्य, सुरक्षा और आत्मविश्वास सुदृढ़ होगा। नए भवन में स्थानांतरण से छात्राओं को अनुकूल शैक्षणिक वातावरण, डिजिटल शिक्षा की सुविधा और सम्मानजनक आवास प्राप्त हो रहा है, जिससे उनकी सीखने की क्षमता और भविष्य की संभावनाओं में निरंतर वृद्धि होगी। बालिका शिक्षा के उन्नयन और सशक्तिकरण की दिशा में यह महत्वपूर्ण पहल है।

# स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के तहत उच्च प्राथमिक विद्यालय पिपराराम में जागरूकता कार्यक्रम

**समृद्धि न्यूज, उतरौला (बलरामपुर)।**




बुधवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय पिपराराम में स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के अंतर्गत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कुष्ठ रोग के लक्षणों, उपचार की उपलब्धता तथा समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करना रहा। कार्यक्रम में डॉ. अमरेंद्र कुमार, चिकित्सा अधिकारी ऋऋय, ने उपस्थित छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बताया कि कुष्ठ रोग एक पूरी तरह से उपचार योग्य रोग है और समय पर पहचान एवं इलाज से इसे पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। उन्होंने कुष्ठ रोग के प्रमुख लक्षणों जैसे त्वचा पर सुन्नता, सफेद या लाल धब्बे, हाथ-पैरों में कमजोरी आदि की जानकारी दी और लक्षण दिखने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करने की अपील की। इस अवसर पर आशुतोष कुमार उपाध्याय ने कुष्ठ रोग को लेकर समाज में फैली गलत धारणाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह रोग छूने से नहीं फैलता और न ही इससे पीड़ित व्यक्ति को समाज से अलग-थलग करने की आवश्यकता है।

उन्होंने सभी से कुष्ठ रोगियों के प्रति मानवीय दृष्टिकोण अपनाने का आग्रह किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य मुस्ताक अहमद ने स्वास्थ्य विभाग की टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम बच्चों और समाज दोनों के लिए अत्यंत उपयोगी हैं, जिससे स्वास्थ्य संबंधी जानकारी जमीनी स्तर तक पहुंचती है।


कार्यक्रम में नंद लाल, राकेश, कमलेश यादव, रिंका देवी, सविता विश्वकर्मा, विद्यालय के अध्यापकगण तथा टीम से शैलेन्द्र राव, ज्ञान प्रकाश, रेखा शर्मा और श्वेता भारती उपस्थित रहे। सभी ने अभियान को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। अंत में उपस्थित लोगों को कुष्ठ रोग के प्रति जागरूक रहने, लक्षणों को नजरअंदाज न करने और समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करने का संकल्प दिलाया गया।

## देव आई हॉस्पिटल उतरौला में 5 वर्षीय बच्ची की आंखों को मिली नई रोशनी



**उतरौला (बलरामपुर)।** नगर स्थित देव आई हॉस्पिटल उतरौला में नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में एक सराहनीय उपलब्धि सामने आई है। अस्पताल के वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अरुण कुमार पाठक ने मात्र 5 वर्ष की बच्ची उर्मिला का दोनों आंखों का मोतियाबिंद (कैटरेक्ट) का सफल ऑपरेशन कर उसे नई रोशनी प्रदान की। प्राप्त जानकारी के अनुसार बच्ची उर्मिला को लगभग डेढ़ वर्ष की उम्र से ही दोनों आंखों में मोतियाबिंद की समस्या थी, जिसके कारण उसकी दृष्टि प्रभावित हो रही थी। परिजनों द्वारा लंबे समय से इलाज की कोशिश की जा रही थी। देव आई हॉस्पिटल पहुंचने के बाद आवश्यक जांचों के उपरांत ऑपरेशन का निर्णय लिया गया, जो पूरी तरह सफल रहा। इस अवसर पर डॉ. अरुण कुमार पाठक ने कहा कि आज के समय में बच्चों में होने वाला मोतियाबिंद भी आधुनिक तकनीक और समय पर इलाज से पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। जरूरी है कि माता-पिता बच्चों की आंखों से जुड़ी किसी भी असामान्यता को नजरअंदाज न करें और तुरंत नेत्र विशेषज्ञ से परामर्श लें। समय रहते उपचार मिलने से बच्चे का भविष्य सुरक्षित किया जा सकता है। डॉ. पाठक ने आगे बताया कि ऑपरेशन के बाद बच्ची की स्थिति संतोषजनक है और धीरे-धीरे उसकी दृष्टि में सुधार होगा।

## बैंक सुरक्षा पर सवाल : माया देवी के नाम से फर्जीवाड़ा कर 62 हजार की ठगी


Rs. 62,000 debited from A/c XX5301 on 31/01/2026 at 13:54:06:/Tfr/chq No.851971/Indra Mani/ Indra Ma Avl Bal- Rs. 1,544.40 CR -Indian Bank

BNPL Code No TN/BD/SP/NAF/74
Dear Customer, Here is your Personalized Cheque Book as mentioned ... Banking, Mobile Banking, Phone Banking etc. Please ...
Account No. SB 2184730530 1
Ms. MAYA DEVI
DHUSWA KHAS GONDA DHUSWA K...
GONDA MANKAPUR - 271302
UTTAR PRADESH INDIA Tel: 98390...
If undelivered, Please return to: INDIAN BANK, MANKA... VILL PO MANKAPUR, DIST GONDA UTTAR PRADESH

**पीड़िता पर समझौते का दबाव**

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** सरकारी तंत्र और पुलिस की लाखों जागरूकता कार्यक्रम के बावजूद फरेबी लगातार लोगों की गाढ़ी कमाई पर हाथ साफ कर रहे हैं। ताज़ा मामला कोतवाली मनकापुर क्षेत्र के धुसवा खास गांव का है गांव की निवासी माया देवी के नाम से फर्जीवाड़ा करके माया देवी के चेक से 62 हजार रुपये गलत ढंग से आहरित करने का मामला सामने आया है। पीड़िता का बेटा रिंकू सिंह ने बताया कि गांव के ही एक व्यक्ति ने उनकी मां माया देवी बनकर फर्जी हस्ताक्षर करके बैंक द्वारा डाक से भेजा गया चेक रिसीव कर लिया। इसके बाद बलरामपुर जनपद के इंडियन बैंक, ग्वालियर ग्रांट शाखा से फर्जी तरीके से 62 हजार रुपये निकाल लिए। मामले की जानकारी उस समय हुई, जब रिंकू सिंह और उनकी मां के मोबाइल पर पैसे निकासी के मैसेज आने लगे। मैसेज देखकर दोनों के होश उड़ गए और गांव में सनसनी फैल गई। आनन-फानन में पीड़िता अपनी मां को लेकर इंडियन बैंक की मनकापुर शाखा पहुंचा, जहां पूछताछ के बाद पूरे फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ। रिंकू सिंह का आरोप है कि रुपये हड़पने वाला व्यक्ति अब बार-बार समझौता करने का दबाव बना रहा है, ताकि मामला दबा दिया जाए इसके साथ ही पीड़ित ने बताया कि जिस माया देवी ने पैसे को आहरित किया है उसके परिवार के लोग गांव की प्रधानी भी चलाते हैं। पीड़ित परिवार का कहना है कि यह सिर्फ धोखाधड़ी का मामला नहीं, बल्कि बैंकिंग सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़ा करता है। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर आक्रोश है। लोगों का कहना है कि यदि कोई व्यक्ति आसानी से दूसरे के नाम से चेक प्राप्त कर धन आहरित कर सकता है, तो आम खाताधारक की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी।

पीड़ित परिवार ने मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं मामले में जब बात की गई तो मनकापुर इंडियन बैंक के शाखा प्रबंधक आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि दोनों माया देवी एक ही गांव की थी लेकिन पता नहीं कैसे दूसरी माया देवी पत्नी मुन्नालाल त्रिपाठी ने चेक को रिसीव करके पैसे आहरित कर लिया था लेकिन पैसा वापस कर दिया गया है कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

# हर घर जल मिशन पर सवाल, अधूरे निर्माण से परेशान ग्रामीण

**सादुल्ला नगर क्षेत्र में पाइपलाइन बिछी, टंकी का काम रुका, बढ़ी नाराज़गी**

**सादुल्ला नगर (बलरामपुर)।** केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण इलाकों में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चलाए जा रहे हर घर जल, हर घर नल मिशन की हकीकत रेहराबाजार ब्लॉक क्षेत्र गांवों में बनी रंकीबदलपुर, मीरपुर, देवरिया इनायत, विसम्भरपुर, जखौली, कुरथुआ खानपुर, मद्दोघाट, मुबारकपुर नथ ईपुर कुंवर ,नथ ईपुर कानूगों ,रानीपुर लालपुर भलुहिया , विशुनपुर खरहना किशनपुर सागर व अचलपुर रूप सवालों के घेरे में है। क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति के लिए बिछाई गई पाइपलाइन तो लगभग पूरी कर दी गई, लेकिन पानी की टंकी का निर्माण महीनों से अधर में लटका हुआ है। अधूरे कार्य के कारण ग्रामीणों को आज भी पेयजल संकट से जूझना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि योजना शुरू होते ही लोगों में उम्मीद जगी थी कि अब घर-घर स्वच्छ पानी पहुंचेगा। गांव की गलियों में पाइपलाइन बिछा दी गई, लेकिन पानी की आपूर्ति के लिए जरूरी टंकी का निर्माण ठप पड़ गया। आरोप है कि संबंधित ठेकेदार अधूरा काम छोड़कर फरार हो गया, जिसके बाद से निर्माण कार्य पूरी तरह रुक गया है। कई महीनों का समय बीत चुका है, लेकिन काम दोबारा शुरू नहीं हुआ। स्थानीय निवासी ओमप्रकाश, मुकेश कुमार, रामायण मिश्र , सुनील, सुधिर , मोहनलाल, विरेन्द्र , कल्लू व झिनकन बताते हैं कि गर्मी के दिनों में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। 'नल तो लगा दिया गया है, लेकिन पानी एक बूंद नहीं आता। बच्चों और बुजुर्गों को दूर-दराज़ के हैंडपंपों से पानी भरना पड़ता है। योजना कागजों में पूरी हो चुकी है, लेकिन जमीनी हकीकत बिल्कुल अलग है,' उन्होंने कहा। ग्रामवासी उस्मान ,जमुना , मोहित व रंगीलाल ने बताया कि यदि समय से टंकी का निर्माण पूरा हो गया होता, तो क्षेत्र में जलापूर्ति शुरू हो जाती और लोगों को राहत मिलती। लेकिन अधिकारियों और ठेकेदार की लापरवाही के कारण ग्रामीण परेशान हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार पैसा खर्च कर रही है, लेकिन उसका सही उपयोग नहीं हो रहा। 'योजना बहुत अच्छी है, लेकिन सिर्फ आश्वासन से समस्या हल नहीं होगी। कार्य समय पर पूरा होना चाहिए,' ग्रामीणों ने कहा। ग्रामीणों का कहना है कि अधूरे निर्माण की वजह से सरकारी धन भी व्यर्थ जा रहा है। कई जगह पाइपलाइन तो बिछी है, लेकिन बिना पानी टंकी के सप्लाई शुरू होने का सवाल ही नहीं उठता। लोगों ने मांग की है कि प्रशासन तत्काल अधूरे कार्य की जांच कराए और जिम्मेदार अधिकारियों व ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करे। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि शासन-प्रशासन को जल्द से जल्द टंकी निर्माण दोबारा शुरू करवाकर कार्य पूरा करना चाहिए, जिससे क्षेत्र में पेयजल संकट का समाधान हो सके। फिलहाल, हर घर जल मिशन का लाभ ग्रामीणों तक पहुंचने की बजाय कागजों तक ही सीमित दिख रहा है।

# पूर्व प्रत्याशी और पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत को नोटिस

**गोण्डा सदर के बीएलओ को दी जा रही धमकी : सूरज सिंह**



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** जहां एक ओर पूरे देश में और खास तौर पर दूसरे चरण में उत्तर प्रदेश में हो रहे एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग खासा परिश्रम कर रहा है वहीं अब मतदाताओं को अनावश्यक नोटिस देने का दौर शुरू हो गया। इसी क्रम में गोंडा जिले की सदर विधानसभा सीट से पूर्व सपा प्रत्याशी सूरज सिंह और उनकी पत्नी एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रद्धा सिंह को नोटिस देकर पुनः एसआईआर कराने के लिए कहा गया है। मूल रूप से वजीरगंज ब्लाक के बल्लीपुर गांव निवासी और पूर्व मंत्री स्वश पंडित सिंह के परिजन सूरज सिंह और पत्नी श्रद्धा सिंह को प्रशाशन ने नोटिस दी है। इसी क्रम में सूरज सिंह ने सोशल मीडिया पर लाइव वीडियो जारी कर सरकार और प्रशासन के अलावा चुनाव आयोग पर पक्षपात करने का आरोप लगाया है। सूरज सिंह ने वीडियो के माध्यम से बताया कि गैर भाजपाइयों और समुदाय विशेष के लोगों को विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में उलझाकर उनको परेशान किया जा रहा है। समुदाय विशेष और समाजवादी पार्टी समर्थक मतदाताओं का वोट मतदाता सूची से हटवाने की मंशा से प्रशासन ऐसा काम कर रहा है। सपा नेता सूरज सिंह ने डीएम, एडीएम और एसडीएम गोण्डा को फ़ोन एवं पत्र के माध्यम से एवं तरबगंज एसडीएम को पत्र लिखकर यह बात पूछी है कि उनका और उनकी पत्नी श्रद्धा सिंह को नोटिस किस नियत से दिया गया है।

सूरज सिंह ने आगे बताया कि 2003 की मतदाता सूची में उनका नाम था और उसी सूची से मैपिंग भी कराई गई थी बावजूद इसके उनका नाम नो मैपिंग में डालकर उनको नोटिस थमा दी गई है।

## खेत की सिंचाई करते समय दो सगे भाइयों पर धारदार हथियार से हमला

**एक भाई की मौत, एक घायल, जमीन के विवाद को लेकर की गई हत्या**

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** कर्नल गंज कोतवाली क्षेत्र के दुल्हिन पुर ग्राम पंचायत के नारायण पुर मांझा में मंगलवार की देर शाम को दो सगे भाई 32 वर्षीय शिव शंकर दुबे उर्फ लल्ला और अमर नाथ दुबे दोनो भाई खेत की सिंचाई के साथ ही खेत में काम भी कर रहे थे, तभी अचानक छत्तर बलि दुबे अपने चार पुत्रों के साथ खेत में पहुंच गए। जिस को लेकर दोनों के बीच कहा सुनी होने लगे तभी हमला वरों ने शिव शंकर दुबे उर्फ लल्ला के ऊपर एक के बाद धारदार हथियार से हमला कर के लहुलुहान कर दिया।बचाने दौड़े भाई अमर नाथ पर धार दार से हमला कर दिया।

# मिथिला की कला-संस्कृति को मिलेगी वैश्विक पहचान

## मिथिला की संस्कृति, लोकपरंपरा व कला के विविध आयामों को गैलरी में प्रमुखता से दर्शाएं : मुख्यमंत्री

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीअयोध्या धाम में माता सीता के जीवन और आदर्शों पर केंद्रित एक विशेष 'वैदेही आर्ट गैलरी' की स्थापना के निर्देश दिए हैं। यह गैलरी भारतीय संस्कृति, मर्यादा, करुणा और नैतिक मूल्यों की अनुपम प्रतीक सीता माता के जीवन-चरित को आधुनिक तकनीक के माध्यम से नई पीढ़ी के सामने प्रस्तुत करेगी।

मुख्यमंत्री आवास पर आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान बुधवार को मुख्यमंत्री ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना की रूपरेखा साझा की। उन्होंने कहा कि सीता मइया भारतीय सभ्यता की आत्मा हैं और उनका जीवन त्याग, धैर्य, साहस, करुणा और नारी शक्ति का अद्वितीय उदाहरण है। नई पीढ़ी को उनके चरित्र से गहराई से परिचित कराना आज के समय की आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि 'वैदेही आर्ट गैलरी' केवल एक पारंपरिक कला-संग्रहालय नहीं होगी, बल्कि यह एक जीवंत सांस्कृतिक अनुभव-स्थल के रूप में विकसित की जानी चाहिए। इसमें सीता माता के जीवन प्रसंगों का आधुनिक तकनीक, डिजिटल माध्यम, दृश्य-श्रव्य प्रस्तुति और कलात्मक अभिव्यक्ति के जरिए पुनर्पाठ किया जाएगा।

उन्होंने निर्देश दिया कि गैलरी की कथा-वस्तु, डिजाइन, विजुअल भाषा, कला और तकनीकी प्रस्तुति इस भावना को प्रतिबिंबित करे कि यह एक दिव्य और शाश्वत विरासत है, जिसे भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत के रूप में संरक्षित और प्रस्तुत किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस गैलरी की मूल अवधारणा यह होनी चाहिए कि आगंतुक सीता माता के जीवन-संदेश को केवल देखें ही नहीं, बल्कि उसे महसूस करें, समझें और अपने जीवन में आत्मसात करें। गैलरी में ऐसा वातावरण निर्मित किया जाए, जिससे दर्शक भावनात्मक और सांस्कृतिक रूप से जुड़ सकें।

अंत में मुख्यमंत्री ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि परियोजना की रूपरेखा, डिजाइन और क्रियान्वयन में गुणवत्ता, संवेदनशीलता और सांस्कृतिक गरिमा का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि 'वैदेही आर्ट गैलरी' आने वाले समय में श्रद्धा, संस्कृति और प्रेरणा का प्रमुख केंद्र बन सके।

### अयोध्या में वरिष्ठ भवन परिसर में तैयार होगी वैदेही आर्ट गैलरी

अयोध्या विकास प्राधिकरण के साथ संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने सुझाव दिया कि यह परियोजना श्रीअयोध्या धाम में श्री राम जन्मभूमि मंदिर के निकट वरिष्ठ वशिष्ठ भवन परिसर में विकसित की जा सकती है। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र प्रतिदिन लाखों श्रद्धालुओं की आवाजाही का केंद्र है, जिससे 'वैदेही आर्ट गैलरी' को व्यापक पहचान और वैश्विक मंच मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'वैदेही आर्ट गैलरी' का निर्माण श्रीअयोध्या धाम को वैश्विक सांस्कृतिक नगर के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा। यह न केवल धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देगा, बल्कि भारत की सांस्कृतिक विरासत को विश्व पटल पर और अधिक मजबूती से प्रस्तुत करेगा। उन्होंने विशेष रूप से निर्देश दिया कि गैलरी में मिथिला की संस्कृति, लोकपरंपराओं और कला के विविध आयामों को प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाए। मिथिला चित्रकला, लोककथाएं, परंपरागत संगीत और सांस्कृतिक प्रतीकों के माध्यम से माता सीता के जीवन और उनकी भूमि की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाया जाए।

# वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी की राह में यूपी पर्यटन बनेगा ग्रोथ इंजन : जयवीर सिंह

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



प्रदेश के पर्यटन रोडमैप के तहत समयबद्ध लक्ष्यों के माध्यम से वर्ष 2047 तक पर्यटन का राज्य की जीवीए (ग्रॉस वैल्यू एडेड) में योगदान 5 प्रतिशत तक बढ़ाने, देश के पर्यटन जीवीए में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी 16 प्रतिशत करने, पर्यटक आगमन को 100 करोड़ से अधिक पहुंचाने और प्रदेश को देश के शीर्ष तीन पर्यटन राज्यों में शामिल करने की दिशा में काम किया जा रहा है। यह बात पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य के अनुरूप पर्यटन भवन, लखनऊ में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में कही।

बैठक में मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी भी मौजूद रहे। इस बैठक में प्रदेश की अर्थव्यवस्था में पर्यटन की भूमिका को सशक्त करने और भविष्य की रणनीति पर चर्चा हुई, वहीं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि 2027-28 तक 1 ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी के लक्ष्य को हासिल करने में पर्यटन एक मजबूत ग्रोथ इंजन साबित होगा और इसके लिए बुनियादी ढांचे के विस्तार, निजी निवेश बढ़ाने और पर्यटन सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

बैठक में उत्तर प्रदेश पर्यटन के लिए तय किए गए अल्पकालिक, मध्यकालिक और दीर्घकालिक लक्ष्यों को प्रस्तुत किया गया। रोडमैप के अनुसार राज्य की जीवीए (ग्रॉस वैल्यू एडेड) में पर्यटन का योगदान मौजूदा 1.2 प्रतिशत से बढ़ाकर 2047 तक 5 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं, देश के कुल पर्यटन जीवीए में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी 9.2 प्रतिशत से बढ़ाकर 16 प्रतिशत करने की योजना है। पर्यटन आगमन के मोर्चे पर भी बड़े लक्ष्य तय किए गए हैं। प्रदेश में कुल आगमन पर्यटकों की संख्या को 2047 तक 100 करोड़ से अधिक करने, विदेशी पर्यटकों की संख्या 45 लाख से अधिक तक पहुंचाने और उत्तर प्रदेश को भारत के शीर्ष तीन पर्यटन राज्यों में शामिल करने का लक्ष्य रखा गया है। रोजगार सृजन को लेकर भी रोडमैप काफी महत्वाकांक्षी है।

## खबरें एक नजर में

### बेकाबू कार ने स्कूटी सवार को रौंदा, इलाज के दौरान मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सरोजनी नगर थाना क्षेत्र में मंगलवार रात एक सड़क हादसे में स्कूटी सवार 40 साल के ललित चौधरी की मौत हो गई। वह ड्यूटी से घर लौट रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार वैगनआर कार ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल ललित को अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। यह घटना अमौसी औद्योगिक क्षेत्र (नादरगंज) में बद्री नगर पुलिया से आगे उस समय हुई, जब ललित चौधरी रात करीब 11 बजे अपनी ड्यूटी खत्म कर घर वापस जा रहे थे। विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार वैगनआर कार ने उनकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ललित बुरी तरह घायल हो गए। आसपास के लोगों ने तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर हालत में ललित को लोक बंधु अस्पताल पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने उन्हें ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया, लेकिन ट्रामा सेंटर ले जाते समय रास्ते में ही ललित चौधरी की मौत हो गई। बंथरा के औरावां निवासी राममिलन के अनुसार, उनके चचेरे भाई ललित चौधरी (40) अपनी पत्नी पूजा के साथ सरोजनी नगर की जयराज पुरी कॉलोनी में रहते थे। वह अमौसी औद्योगिक क्षेत्र (नादरगंज) स्थित गोमती ब्रेड कंपनी में नौकरी करते थे। घटना के बाद कार चालक अपना वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और वैगनआर कार को कब्जे में ले लिया है। पुलिस मामले की आगे की कार्रवाई कर रही है और फरार चालक की तलाश जारी है। राममिलन ने बताया कि ललित को आज अपने मामा के बेटे की शादी में शामिल होने के लिए काकोरी के मौंदा गांव जाना था।

### सेल्समैन ने ग्राहक से निजी खाते में लिए रुपए मैनेजर ने कार देने से मना कर भगाया


**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के कृष्णानगर स्थित रेनो शोरूम में ट्राइबर कार खरीदने आए युवक के साथ लाखों रुपए की ठगी हो गई। सेल्समैन अपने निजी अकाउंट में रुपए लेकर गायब हो गया। युवक जब शोरूम पहुंचा तो मैनेजर ने कार देने से मना कर दिया। महसी, बहराइच निवासी खलील ने बताया कि कृष्णानगर स्थित रेनो शोरूम में ट्राइबर कार खरीदने गया था। शोरूम में उनकी मुलाकात सेल्समैन राकेश गजेन्द्र सिंह से हुई। फाइनेंस के बाद गाड़ी की कुल कीमत 8 लाख 75 हजार रुपए बताई गई। उन्होंने बुकिंग अमाउंट के रूप में 25 हजार रुपए नगद दिए, जिसकी रसीद उनके पास मौजूद है। खलील का आरोप है कि फाइनेंस राशि में से 3 लाख 98 हजार रुपए उन्होंने अपने बेटे निजामुद्दीन और भतीजे सोनू अली के अकाउंट से सेल्समैन के बताए गए क्यूआर कोड पर 1 दिसंबर से 10 दिसंबर के बीच कई बार में ऑनलाइन भेजे। यह रकम पुलकित और अजीत सोनी के खातों में ट्रांसफर की गई, जिसमें पुलकित के खाते में 48 हजार रुपए और अजीत सोनी के खाते में 3 लाख 50 हजार रुपए भेजे गए। खलील ने बताया कि जब वह 15 दिन बाद कार लेने शोरूम पहुंचे तो वहां सेल्समैन राकेश गजेंद्र सिंह मौजूद नहीं था। उन्होंने शोरूम मैनेजर मधुकर मिश्रा से संपर्क किया। मैनेजर ने सिर्फ 25 हजार रुपए की बुकिंग राशि मिलने की बात कही। बाकी 3.98 लाख रुपए मिलने से इनकार कर दिया। खलील का कहना है कि उन्होंने मैनेजर को ऑनलाइन भुगतान की जानकारी और सबूत दिखाए। मैनेजर ने उसकी बात नहीं सुनी और कार देने से मना कर दिया। मैनेजर ने कहा कि जिसे पैसे दिए हो, उसी से संपर्क करो। उसके बाद उन्हें शोरूम से भगा दिया। उन्होंने कृष्णानगर थाने में शिकायत की। मामले में इंस्पेक्टर कृष्णानगर पीके सिंह का कहना है मुकदमा दर्ज करके साक्ष्यों के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

### उत्तर प्रदेश बना देश में सर्वाधिक पंजीकरण वाला राज्य, कौशल विकास में रचा नया कीर्तिमान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार युवाओं को आत्मनिर्भर, रोजगारोन्मुख और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए सक्षम बनाने की दिशा में निरंतर प्रभावी कदम उठा रही है। इसी क्रम में प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा इंडिया स्किल्स कॉम्पीटिशन-2025-26 के अंतर्गत राज्य स्तरीय कौशल प्रतियोगिता के विजेताओं का सम्मान समारोह बुधवार को कौशल विकास मिशन मुख्यालय, लखनऊ में भव्य रूप से आयोजित किया गया। इस अवसर पर व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम एवं मिशन निदेशक पुलकित खरे ने 20 विभिन्न स्किल ट्रेड्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कुल 40 विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। प्रत्येक स्किल ट्रेड से दो विजेताओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने कौशल, समर्पण और परिश्रम से प्रदेश का नाम रोशन किया। समारोह को संबोधित करते हुए प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम ने विजेता प्रतिभागियों से संवाद कर उनके प्रशिक्षण अनुभव, प्रतियोगिता यात्रा और भविष्य की योजनाओं की जानकारी ली तथा उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को आधुनिक, रोजगारोन्मुख एवं वैश्विक मानकों के अनुरूप कौशल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# यूपी में राज्य पक्षी सारस की संख्या में रिकॉर्ड बढ़ोतरी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



**शीतकालीन गणना में 20,628 दर्ज**

उत्तर प्रदेश में वन एवं वन्यजीव संरक्षण को लेकर सरकार के निरंतर प्रयास अब स्पष्ट रूप से नजर आने लगे हैं। प्रदेश की हालिया शीतकालीन राज्यव्यापी गणना में राज्य पक्षी सारस की कुल संख्या 20,628 दर्ज की गई है, जो बीते वर्षों की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाती है।

बुधवार को प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) अनुराधा वेमुरी ने बताया कि वन विभाग द्वारा प्रतिवर्ष ग्रीष्मकालीन और शीतकालीन दो चरणों में सारस गणना कराई जाती है। इस वर्ष शीतकालीन गणना प्रदेश के 68 वन प्रभागों में संपन्न हुई।

इसमें इटावा वन प्रभाग सबसे आगे रहा, जहां 3,304 सारस पाए गए। वहीं मैनपुरी में 2,899, औरैया में 1,283, शाहजहांपुर में 1,078, गोरखपुर में 950, कन्नौज में 826, कानपुर देहात में 777, हरदोई में 752, सिद्धार्थनगर में 736 और संतकबीर नगर में 701 सारस दर्ज किए गए।

उन्होंने कहा कि, प्रदेश के 10 वन प्रभागों में सारसों की संख्या 500 से अधिक रही। इसके अलावा 29 वन प्रभागों में 100 से 500 के बीच और शेष 29 वन प्रभागों में 100 से कम सारस पाए गए। इस व्यापक गणना अभियान में प्रदेशभर से करीब 10 हजार नागरिकों की सहभागिता रही, जिससे जनभागीदारी के साथ संरक्षण प्रयासों को नई मजबूती मिली। प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) अनुराधा वेमुरी ने बताया कि वन्यजीव संरक्षण अभियानों का ही परिणाम है कि सारस की संख्या लगातार बढ़ रही है। वर्ष 2023 में जहां 19,196 सारस दर्ज किए गए थे, वहीं 2024 में यह संख्या 19,994 तक पहुंची और अब 2026 की शीतकालीन गणना में 20,628 हो गई है। उन्होंने बताया कि गणना से पहले वन विभाग ने सारस बाहुल्य प्राकृतिक आवासों का विस्तृत सर्वे कर प्रमुख क्षेत्रों की पहचान की थी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में विभाग वन्यजीव संरक्षण के लिए लगातार कार्य कर रहा है, जिसका सकारात्मक असर सारस की बढ़ती आबादी के रूप में सामने आ रहा है।

# घुमंतू समाज को मिलेगा स्थायी आवास

**▶ राज्यमंत्री असीम अरुण ने दिया भरोसा, प्रतिनिधियों ने मुलाकात कर उठाई मांग**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

समाज के सबसे वंचित वर्ग को मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से बुधवार को घुमंतू समाज के प्रतिनिधियों ने गोमती नगर स्थित भागीदारी भवन में समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधियों ने अपने समाज से जुड़ी प्रमुख समस्याओं को उनके सामने रखा। प्रतिनिधियों ने बताया कि घुमंतू समाज के अधिकांश लोग आज भी स्थायी निवास के बिना जीवन यापन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे अपने बच्चों को पढ़ाना चाहते हैं, लेकिन पहचान से जुड़े दस्तावेज न होने के कारण उन्हें कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। घुमंतू समाज के लोगों ने जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र और आधार कार्ड उपलब्ध कराने की मांग की। इस पर राज्यमंत्री असीम अरुण ने आश्वासन दिया कि घुमंतू समाज के लोगों को प्राथमिकता के आधार पर सभी आवश्यक प्रमाण पत्र उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार घुमंतू समाज के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ा जाएगा। इस मौके पर घुमंतू समाज के प्रतिनिधि रवेंद्र कुमार, गौतम कुमार समेत कई लोग उपस्थित रहे।

# फेसबुक पर धमकी से सियासी हड़कंप कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष निशाने पर

**▶ हुसैनगंज थाने में एफआईआर दर्ज**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय को सोशल मीडिया पर धमकी दिए जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में कांग्रेस नेताओं ने कड़ा विरोध जताते हुए लखनऊ के हुसैनगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और साइबर सेल की मदद ली जा रही है।

कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रुद्र दमन सिंह 'बबलू' ने हुसैनगंज थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि फेसबुक के माध्यम से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय को धमकी दी गई है। तहरीर में कहा गया है कि धमकी देने वाला अकाउंट फर्जी प्रतीत हो रहा है और इसका उद्देश्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को डराना और उनकी छवि धूमिल करना है। हुसैनगंज थाना प्रभारी निरीक्षक शिवमंगल सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए साइबर सेल से सहायता मांगी गई है। फेसबुक अकाउंट संचालित करने वाले व्यक्ति की पहचान की जा रही है और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच आगे बढ़ाई जा रही है। उन्होंने कहा कि दोषी पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस मामले को लेकर कांग्रेस नेताओं में खासा आक्रोश देखने को मिला। जिलाध्यक्ष रुद्र दमन सिंह के साथ कांग्रेस नेता प्रमोद सिंह, शैलेंद्र दीक्षित समेत कई कार्यकर्ता हुसैनगंज थाने पहुंचे और भाजपा नेता मनीष शुक्ला के खिलाफ अलग से तहरीर दी।

कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि भाजपा विधायक राजेश्वर सिंह के समर्थक मनीष शुक्ला ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक सहित अन्य माध्यमों पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय की आपत्तिजनक और अपमानजनक तस्वीरें पोस्ट की हैं।

कांग्रेस नेताओं ने इसे लोकतांत्रिक मर्यादाओं का उल्लंघन बताते हुए कहा कि राजनीतिक असहमति के नाम पर इस तरह की भाषा और तस्वीरों का इस्तेमाल निंदनीय है।

उन्होंने मांग की कि सोशल मीडिया पर नफरत और धमकी फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। कांग्रेस का कहना है कि पार्टी नेतृत्व को डराने की कोशिशें सफल नहीं होंगी और लोकतंत्र व अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए कानूनी लड़ाई जारी रहेगी। वहीं पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं की निष्पक्ष जांच की जा रही है।

# डील नहीं-ढील है, यह समझौता नहीं, समर्पण है : अखिलेश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

**▶ सदन में कृषि और डेयरी को बचाने के दावे किए जा रहे हैं, जबकि जमीनी सच्चाई कुछ और है**



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रस्तावित ट्रेड डील को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि डील नहीं, ढील है, जो भी समझौता देश की 70 प्रतिशत कृषि आधारित जनता के हितों के खिलाफ होगा, वह कभी लाभकारी साबित नहीं हो सकता।

बुधवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि सदन में कृषि और डेयरी को बचाने के दावे किए जा रहे हैं, जबकि जमीनी सच्चाई कुछ और है। उन्होंने कहा, जब डील की शर्तें अभी तय ही नहीं हुई और न ही हस्ताक्षर हुए हैं, तो पहले से फायदे के दावे कैसे किए जा सकते हैं? हर ट्रेड डील लाभ-हानि की तराजू पर तोली जाती है, सवाल यह है कि फायदे में कौन है और नुकसान में कौन।

उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में इन दावों का संज्ञान लिया जाएगा और अगर ये झूठे साबित हुए तो कार्रवाई की मांग की जाएगी। सपा प्रमुख ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा, भाजपाई हानि का उत्सव न मनाएं। यह डील एक आपदा है, इसमें कमीशनखोरी के अवसर न तलाशें।

अखिलेश यादव ने समझौते को समर्पण करार देते हुए कहा कि लोग यह तक कह रहे हैं मानो भारत से 500 अरब डॉलर की रंगदारी वसूली जा रही हो।

उन्होंने सरकार समर्थकों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जो इसे कूटनीति की जीत बता रहे हैं, वे भी जानते हैं कि अंतरराष्ट्रीय ताकतें अपनी शर्तों पर मुनाफे का ढांचा तैयार कर रही हैं। उन्होंने अंत में कहा कि इस सौदे को मील का पत्थर बताने वालों की समझ पर सवाल उठते हैं और जो इसे सरकार के दबदबे की जीत बता रहे हैं, वे भीतर ही भीतर दबाव महसूस कर रहे हैं।

# लखनऊ में होगी बजरंग दल की अखिल भारतीय बैठक

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



बजरंग दल की दो दिवसीय अखिल भारतीय बैठक आगामी 07 व 08 फरवरी को लखनऊ के एसआर इंस्टीट्यूट में होगी। इस बैठक में देश के सभी क्षेत्र व 47 प्रान्तों के संयोजक, सह संयोजक सहित 250 प्रतिनिधि शामिल होंगे।

बैठक के उद्घाटन सत्र में विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) के केन्द्रीय संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे, रंगमहल मंदिर अयोध्या के महंत राम शरण दास महराज, बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक किशन प्रजापति और सह संयोजक विवेक कुलकर्णी उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी बजरंग दल के पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के क्षेत्र संयोजक पूर्णेन्दु ने बुधवार को दी।

क्षेत्र संयोजक पूर्णेन्दु ने बताया कि प्रयागराज व अयोध्या में बैठक हो चुकी हैं लेकिन लखनऊ में बजरंग दल की अखिल भारतीय बैठक पहली बार हो रही है। बैठक में प्रान्त संयोजक व सह संयोजक के अलावा बजरंग दल के सभी आयामों के प्रान्त प्रमुखों को भी बुलाया गया है। बैठक में बजरंग दल के सभी आयामों के साथ संगठनात्मक चर्चा के अलावा आगामी कार्यक्रमों व अभियानों के बारे में चिंतन मंथन होगा।

विश्व हिन्दू परिषद अवध प्रान्त के प्रान्त संगठन मंत्री विजय प्रताप ने बैठक की तैयारी की दृष्टि से विहिप के प्रान्तीय कार्यालय श्रीराम भवन में कार्यकर्ताओं के साथ बुधवार को बैठक की। उन्होंने प्रमुख कार्यकर्ताओं को अलग-अलग व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सौंपी है।

छह माह पहले किशन प्रजापति को बजरंग दल का राष्ट्रीय संयोजक और विवेक कुलकर्णी को सह संयोजक बनाया गया है। दोनों पदाधिकारियों के नवीन दायित्व की घोषणा के बाद होनी वाली यह पहली अखिल भारतीय बैठक है।

### अगले पांच दिन पड़ेगी कड़ाके की ठंड



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में सुबह कोहरा छाया रहा। शीतलहर भी चली। 10 बजे के बाद हल्की धूप निकली। अधिकतम तापमान सामान्य से 3.6 डिग्री घटकर 20.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई। रात में 14.3 डिग्री सेल्सियस के नीचे तापमान नहीं गया। यह सामान्य से 5.3 डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहा। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 5 दिन कड़ाके की ठंड पड़ेगी।

**मदद**

### जिलाधिकारी के निर्देश पर पर हुई त्वरित कार्रवाई

# दिव्यांग महिला को मिली ई-स्कूटी, बच्चे का हुआ एडमिशन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



राजधानी लखनऊ में दिव्यांग महिला को प्रशासन के सहयोग से इलेक्ट्रिक 3-व्हील स्कूटी दी गई है। महिला ने 29 जनवरी 2026 को जनता दर्शन के दौरान जिलाधिकारी विशाखा को प्रार्थना पत्र देकर मदद मांगी थी।

जिलाधिकारी के निर्देश पर 4 फरवरी को जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कार्यालय की ओर से उन्हें स्कूटी सौंपी गई। उनके 6 साल के बेटे का स्कूल में एडमिशन भी कराया गया। पारा निवासी दिव्यांग खुशबू चलने-फिरने में असमर्थ हैं। घर से बाहर निकलना, रोजमर्रा के काम करना और अपने 6 साल के बेटे को साथ लेकर आना-जाना उनके लिए बेहद मुश्किल हो रहा था। उन्होंने अपनी समस्या प्रशासन तक पहुंचाने का फैसला किया।

29 जनवरी 2026 को जनता दर्शन के दौरान खुशबू ने जिलाधिकारी, लखनऊ को प्रार्थना पत्र सौंपा। उन्होंने कहा कि बिना किसी सहारे के आने-जाने में काफी दिक्कत होती है। उन्हें इलेक्ट्रिक व्हीलचेयर या ई-स्कूटी की जरूरत है, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। अपने बच्चे की देखभाल कर सकें। इस पर जिलाधिकारी ने मामले में जिला दिव्यांगजन अधिकारी शशांक सिंह को उचित कार्रवाई का निर्देश दिया। इस पर शशांक सिंह ने खुशबू की समस्या के समाधान की प्रक्रिया शुरू कराई।

प्रशासनिक सहयोग से उनके बेटे का स्कूल में दाखिला कराया। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की ओर से फिलहाल ई-स्कूटी या ई-वाहन की कोई शासकीय योजना संचालित नहीं है। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि खुशबू को कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के माध्यम से सहायता उपलब्ध कराई जाए। इसके बाद सीएसआर सहयोग के जरिए 4 फरवरी 2026 को जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कार्यालय, लखनऊ में खुशबू को इलेक्ट्रिक 3-व्हील स्कूटी सौंपी गई।

ई-स्कूटी मिलने के बाद खुशबू ने बताया कि अब उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा। वह अपने बच्चे के साथ बाहर जा पाएंगी। रोजमर्रा के काम आसानी से पूरे कर पाएंगी। भविष्य में स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने का आत्मविश्वास बढ़ेगा। खुशबू ने उत्तर प्रदेश सरकार, जिला प्रशासन, जिलाधिकारी और दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग का आभार जताया है। उनका कहना है कि इस सहयोग से वह अब सम्मानपूर्वक और आत्मनिर्भर जीवन की ओर कदम बढ़ा सकेंगी।

# नादरगंज में निर्माण कार्य से रास्ता बंद

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

**▶ लखनऊ-कानपुर रोड पर वाहन चालकों को 2 किमी अतिरिक्त चक्कर पड़ रहा लगाना**

लखनऊ के सरोजनी नगर क्षेत्र में नादरगंज तिराहे के पास निर्माण कार्य के कारण कानपुर रोड की एक लेन बुधवार को बंद कर दी गई। इससे नादरगंज से बाग नंबर 3 की ओर आने वाले मार्ग पर आवागमन प्रभावित हुआ है, जिससे आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

लखनऊ-कानपुर एलिवेटेड रोड का निर्माण कर रही पीएनसी कंपनी ने नादरगंज में ज्वाला देवी मंदिर के पास नाला रोड क्रॉसिंग के लिए खुदाई का काम शुरू किया है। इसी के चलते नादरगंज तिराहे पर ओवरब्रिज के नीचे कानपुर से लखनऊ की ओर आने वाली सर्विस लेन को बैरिकेडिंग लगाकर बंद कर दिया गया है।

इस मार्ग के बंद होने से नादरगंज से 3 नंबर बाग और चिल्लावां की ओर जाने वाला रास्ता भी अवरुद्ध हो गया है। अमौसी औद्योगिक क्षेत्र, गिंदनखेड़ा, बेहटवा, अनौरा, मौंदा, थर, चकौली, समदा, टीएसएम हॉस्पिटल और आगरा एक्सप्रेस-वे से चुंगी व आलमबाग जाने वाले वाहनों को अब सरोजनी नगर थाने की ओर मोड़ा जा रहा है।

ये वाहन नादरगंज तिराहे से लगभग एक किलोमीटर आगे जाकर हज हाउस के पास से यू-टर्न लेते हैं और फिर ओवरब्रिज के ऊपर से चुंगी तथा आलमबाग की ओर जाते हैं। इस डायवर्जन के कारण यात्रियों को करीब दो किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ रहा है। हज हाउस कट के पास अक्सर जाम की स्थिति बन रही है। इंडियन गैस बॉटलिंग प्लांट से डीजल, पेट्रोल और गैस सिलेंडर लेकर जाने वाले टैंकर तथा ट्रक भी इसी परिवर्तित मार्ग से गुजर रहे हैं। इंडियन गैस बॉटलिंग प्लांट से डीजल, पेट्रोल और गैस सिलेंडर लेकर जाने वाले टैंकर तथा ट्रक भी इसी परिवर्तित मार्ग से गुजर रहे हैं। इसके अतिरिक्त, अमौसी रेलवे स्टेशन के पास स्थित हिंदुस्तान पेट्रोलियम, इंडियन ऑयल डिपो और इंडियन गैस बॉटलिंग प्लांट से डीजल,पेट्रोल और गैस सिलेंडर लेकर जाने वाले टैंकर तथा ट्रक भी इसी परिवर्तित मार्ग से गुजर रहे हैं। इस अव्यवस्था के कारण राहगीर और स्थानीय लोग असुविधा महसूस कर रहे हैं। लोगों का सुझाव है कि यह कार्य रविवार को किया जाना चाहिए था, क्योंकि उस दिन सड़क पर यातायात का दबाव कम रहता है और कम लोगों को परेशानी होती।

## खबरें एक नजर में

### दलित युवक को दबंग युवक ने पीटा

मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर। क्षेत्र के ग्राम हरिहरपुर निवासी धर्मपाल पुत्र गंगाराम ने बताया कल शाम लगभग 8:00 बजे अपने किसी काम से खेत पर जा रहा था तभी गांव के ही निवासी जगदीश पुत्र मानसिंह ने मुझे रास्ते में रोक कर मारा पीटा मेरा सर फोड़ दिया। पीड़ित थाने में प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

### प्रबंधकीय विकास कार्यक्रम का दूसरा दिन

शाहजहांपुर। स्वामी शुकदेवानंद महाविद्यालय के वाणिज्य में चल रहे प्रबंधकीय विकास कार्यक्रम का दूसरे दिन में महात्मा ज्योतिबा फुले रोहिलखंड विश्वविद्यालय, बरेली से क्षेत्रीय अर्थशास्त्र विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. रुचि द्विवेदी ने युवाओं को संबोधित करते हुए प्रनेता के रूप में स्वयं को समझनाऊ विषय पर युवा उद्यमियों को आत्म–जागरूकता, नेतृत्व कौशल तथा संतुलित आत्मविश्वास के महत्व से अवगत कराया। अपने संबोधन में कहा कि आज का युवा केवल नौकरी तलाशने वाला नहीं, बल्कि रोज़गार सृजनकर्ता बनने की क्षमता रखता है। इसके लिए आवश्यक है कि वह पहले स्वयं की क्षमताओं, रुचियों और सीमाओं को पहचाने। उन्होंने आत्म–जागरूकता को प्रभावी नेतृत्व का आधार बताते हुए कहा कि जो युवा अपनी सोच, भावनाओं और व्यवहार को समझता है, वही सही निर्णय लेने में सक्षम होता है एक सफल उद्यमी केवल व्यवसाय चलाने वाला व्यक्ति नहीं, बल्कि एक प्रेरणादायक नेता होता है, जो अपनी टीम को साथ लेकर चलता है। आत्म–जागरूकता से व्यक्ति में सहानुभूति, धैर्य और सुनने की क्षमता विकसित होती है, जो किसी भी स्टार्टअप या उद्यम की सफलता के लिए अत्यंत आवश्यक है। डॉ. द्विवेदी ने आत्मविश्वास और अति–आत्मविश्वास के अंतर को स्पष्ट करते हुए युवाओं को सावधान किया। उन्होंने कहा कि आत्मविश्वास व्यक्ति को आगे बढ़ाता है, नई चुनौतियाँ स्वीकार करने की शक्ति देता है, जबकि अति–आत्मविश्वास निर्णय क्षमता को प्रभावित कर सकता है और असफलता का कारण बन सकता है। एक सच्चा नेता अपनी टीम की राय सुनता है, गलतियों से सीखता है और निरंतर स्वयं को बेहतर बनाने का प्रयास करता है। इससे पूर्व वाणिज्य विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर बृज लाली चौबे ने डॉ द्विवेदी को पटका पहनाकर स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया।

### स्वच्छता की मिशाल पेश कर रहा कटरा को मोहल्ला बंगशान



मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर। नगर पंचायत कटरा क्षेत्र के मोहल्ला बंगशान प्रथम में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल सामने आई है। डीसीसीसी (जिला कंट्रोल एंड कमांड सेंटर) के निर्देशन में ग्रीन फ्यूचर कलेक्टिव द्वारा मोहल्ले में घर–घर जाकर नागरिकों को सोर्स सेग्रीगेशन यानी कचरे को स्रोत पर ही गीला और सूखा अलग–अलग करने के प्रति जागरूक किया गया। यह अभियान नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। निगरानी के दौरान पाया गया कि मोहल्ले के लगभग 90 प्रतिशत परिवार अपने घरों का कूड़ा गीला और सूखा अलग–अलग करके दे रहे हैं, जो नागरिकों की जागरूकता और अभियान की सफलता को दर्शाता है। वहीं जो लोग अब भी कचरा एक साथ दे रहे थे, उन्हें मौके पर ही गीला और सूखा कचरा अलग करने की सही विधि समझाई गई तथा इसके लाभों के बारे में जानकारी दी गई, ताकि कचरे का वैज्ञानिक और प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके। इस निरीक्षण एवं जागरूकता अभियान के दौरान नगर पंचायत कटरा के अधिशासी अधिकारी शिवलाल राम मौके पर मौजूद रहे। उनके साथ नगर पंचायत के कंप्यूटर ऑपरेटर मुजीब, वाहिद, सुपरवाइजर जावेद, सफाई कर्मचारी तथा ग्रीन फ्यूचर कलेक्टिव की टीम से सुपरवाइजर आकाश द्विवेदी, मयंक शर्मा, नेहा सक्सेना, नितिन यादव एवं नितिन गुप्ता भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की कि वे नियमित रूप से कचरे का पृथक्करण कर नगर पंचायत के स्वच्छता अभियान को सफल बनाएं। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। यह अभियान अन्य मोहल्लों के लिए भी एक प्रेरणादायक उदाहरण बन रहा है।

### महिला को घर से खींचकर पीटा

सिंधौली, शाहजहांपुर। सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव नगरिया बुजुर्ग निवासी बीना देवी पत्नी गुरु पाल सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते 19 जनवरी 2026 को दिन के लगभग 11:30 बजे राजू सिंह पुत्र कुंवर पाल सिंह निवासी गांव नगरिया बुजुर्ग थाना सिंधौली जनपद शाहजहांपुर शराब के नशे में आए और गंदी–गंदी गालियां देने लगे जब उसने गालियों का विरोध किया तो उक्त राजू ने उसे घर से खींचकर खड़ंजे पर लात घुसो , लाठी डंडों से मारना पीटना शुरू कर दिया। जिससे वीना देवी के शरीर में खुली व बन्द चोटे आईं। वह किसी तरह जान बचाकर भागी। जाते हुए राजू ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।

### 15 दिन से जारी आशा कार्यकर्त्रियों का धरना



सिंधौली, शाहजहांपुर समृद्धि न्यूज़। समुदाय स्वास्थ्य केंद्र सिंधौली में आशा कार्यकर्ताओं का धरना 15वें दिन भी लगातार जारी रहा। आशा कार्यकर्ता अपने बकाया मानदेय व विभिन्न मदों के भुगतान की मांग को लेकर आंदोलनरत हैं। धरने की सूचना पर जिले से सहायक मुख्य चिकित्सा अधिकारी (एसीएमओ) पीपी श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे और आशा कार्यकर्ताओं से बातचीत कर उन्हें समझाने का प्रयास किया। एसीएमओ पीपी श्रीवास्तव ने आशा कार्यकर्ताओं से कहा कि शेष भुगतान की प्रक्रिया चल रही है और जल्द ही उनके खातों में धनराशि भेज दी जाएगी। उन्होंने आशा कार्यकर्ताओं से लिखित में देने को कहा कि उनका पैसा खाते में भेज दिया गया है। इस पर आशा कार्यकर्ताओं ने लिखित रूप में अवगत कराया कि अभी भी कई मदों का पैसा बकाया है, जिसका भुगतान अब तक नहीं किया गया है। आशा कार्यकर्ताओं ने संगिनी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके खातों में ?12 हजार की धनराशि डाली गई थी, जिसमें से ?6 हजार संगिनी द्वारा ले लिए गए। इस पर एसीएमओ ने कहा कि पैसा सीधे आशाओं के खाते में भेजा गया था और यदि किसी को धनराशि दी गई है तो वह व्यक्तिगत मामला है। जवाब में आशा कार्यकर्ताओं ने कहा कि लालच में आकर उन्होंने रुपये दिए, लेकिन उनके साथ ठगी हो गई। आशा कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे अनशन पर बैठने को मजबूर होंगी। धरने में आशा विमला देवी, प्रिया मिश्रा, संजूरानी, ओमकांति, कुसुमलता, आलिया बेगम, गीता देवी, ममता देवी, मीरा देवी, मंजूरानी, रामबेटी सहित कई आशा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डीएम ने 12 फरवरी से 2 मार्च तक चलने वाले समारोह की तैयारियों का किया निरीक्षण



शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।

जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने नगर आयुक्त डॉ विपिन कुमार मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी डॉ अपराजिता सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र के साथ श्री रामचंद्र मिशन के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 12 फरवरी से 2 मार्च तक चलने वाले समारोह के संबंध में तैयारियों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने एनएचआई के अभियंता को निर्देश दिए कि रोड एवं डिवाइडर का कार्य कराया जाए। उन्होंने फायर सेफ्टी एवं विद्युत सेफ्टी की जांच करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। आरसी मिशन में पर्याप्त सीसीटीवी कैमरे लगाए जाए। आरओ टैंक के पानी की जांच कराई जाए। सीओ ट्रैफिक यातायात व्यवस्था के लिए, अच्छे से प्लान तैयार करें। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए कि आरसी मिशन में 10 फरवरी से 5 मार्च तक समारोह के समय 24 घंटे बिजली आपूर्ति कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए की समस्त व्यवस्थाएं 10 फरवरी तक पूर्ण ली कर जाए। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने मंडी रोड स्थित अहमदपुर रेती में साफ सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। नगर आयुक्त को निर्देश दिए कि रोड के पास का कीचड़ हटाकर साफ सफाई कराई जाए तथा साफ सफाई सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार, जिला विकास अधिकारी ऋषिपाल सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## सड़क चौड़ीकरण और नाला निर्माण कार्य को आयुक्त ने देखा



शाहजहांपुर। नगर आयुक्त डा. बिपिन कुमार मिश्र द्वारा अपर नगर आयुक्त एसके सिंह के साथ लोहारो वाले चौराहे पर सड़क चौड़ीकरण व नाला निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त महोदय द्वारा सड़क चौड़ीकरण व नाला निर्माण कार्य की स्थिति को देखा, सम्बंधित को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य को अतिशीघ्र पूर्ण कराये, जिससे महानगर वासियों को सुगम यातायात में सुविधा हो सके। वार्ड संख्या 21 रेती में ग्रीन वैली से मेजबान होटल वाले रोड पर नगर निगम टीम द्वारा किये जा रहे सफाई कार्य का निरीक्षण नगर आयुक्त किया गया। निरीक्षण के समय क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को बेहतर रखने व जलभराव वाले स्थल पर पानी निकासी की स्थायी व्यवस्था को दुरुस्त करने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। उक्त निरीक्षण के समय नगर निगम से मुख्य अभियंता निर्माण आशीष त्रिवेदी, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सतेंद्र कटियार व अन्य लोग उपस्थित रहे।

## प्रो. राजकुमार को किया गया सम्मानित

शाहजहांपुर। प्रेम किशन खन्ना राजकीय महाविद्यालय जलालाबाद के प्राचार्य प्रोफेसर राजकुमार सिंह को सेवानिवृत्त होने के उपलक्ष्य में स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज में शुभकामनाएं देते हुए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य प्रो आर के आजाद ने कहा कि प्रो सिंह ने प्राचार्य पद पर कुशलतापूर्वक कार्य करते हुए विभिन्न दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं तत्परता के साथ किया। उनके अनुभव हम सभी को भविष्य में प्रेरणा देते रहेंगे। इस अवसर पर कॉलेज के उपप्राचार्य प्रो अनुराग अग्रवाल, प्रो आलोक मिश्र, प्रो आदित्य कुमार सिंह, प्रो प्रभात शुक्ला, प्रो अजीत सिंह चारण, डॉ आलोक कुमार सिंह, कमलेश त्रिवेदी सहित अनेक शिक्षक मौजूद रहे।

# राजकीय मेडिकल कॉलेज की तीसरी मंजिल से कूदा टीवी का मरीज, मौत

- मेडिकल कालेज की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल, काफी देर तक नहीं पहुंचे जिम्मेदार अधिकारी
- पुलिस ने शवउ कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा, परिजनों में कोहराम

### मेडिकल कालेज की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल

अनुज ने तीसरी मंजिल से कूदकर जान दी है। लेकिन सबसे बड़ा सवाल है कि कोई मरीज भर्ती है तो उसकी सुरक्षा व्यवस्था की भी जिम्मेदारी वहां के लोगों की होती है। ऐसे में कोई मरीज कभी–कभी कहीं उठकर चला जाए और कोई भी मरीज के पास चला जाए, कोई उससे पूछने वाला नहीं है। क्योंकि मेडिकल कालेज में सुरक्षा व्यवस्था की इंतजामों की पोल खुलकर सामने आ गई है। हालांकि मेडिकल कालेज में व्यवस्थाएं तो राम भरोसे हैं ही, लेकिन इस घटना से सुरक्षा व्यवस्था की भी पोल खुलकर सामने आ चुकी है।

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।

राजकीय मेडिकल कालेज की तीसरी मंजिल से एक मरीज की गिरकर मौत हो गयी। मृतक की पहचान सीतापुर के रहने वाले 25 साल के अनुज कुमार के रूप में हुई है। हादसे से मेडिकल कालेज में हड़कंप मच गया। वार्ड के बाहर सो रहे मां बाप चीख की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे। मरीज की तीसरी मंजिल से गिरकर मौत की घटना के बाद मेडिकल कालेज में मरीजों की सुरक्षा को लेकर बड़ी लापरवाही सामने आई है। बाबजूद इसके मौके पर मेडिकल कॉलेज प्रशासन का कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा था। इसके बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों में कोहराम मच गया।

जनपद सीतापुर के थाना महोली क्षेत्र के महोरनिया गांव के रहने वाले रविंद्र पाल का 25 साल का बेटा अनुज कुमार पिछले करीब एक साल से टीबी की बीमारी से ग्रसित था। उसका पहले सीतापुर में छह महीने का कोर्स चला फिर तबियत बिगड़ने पर उसको शाहजहांपुर के राजकीय मेडिकल कालेज में 22 जनवरी को भर्ती कराया गया। पिछले करीब 14 दिन से अनुज का मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा था। यहां उसको डीआरटीबी सेंटर के बेड नंबर तीन पर भर्ती किया गया था। परिजनों के अनुसार उसकी टीबी की बीमारी लास्ट स्टेज पर चल रही थी। मंगलवार की रात करीब साढ़े 11 बजे उसके दवा चढ़ रही थी। उसके बाद मां राधा उसके पास खाना लेकर गई थीं। उसको दवा भी दी थी लेकिन उसने दवा नही खाई थी। उसके बाद मां बाप दोनो वार्ड के बाहर आकर जमीन पर लेटकर सो गए थे तभी अचानक बेड पर लेटा अनुज वार्ड से बाहर आ गया। स्टाफ ने भी उससे कुछ भी पूछने की जहमत नही उठाई। उसके बाद मरीज की रेलिंग से नीचे गिरकर मौत हो गयी। ग्राउंड फ्लोर पर लेटे लोगों ने देखकर चीखना शुरू कर दिया। चीखपुकार सुनकर मां बाप भी नीचे आए तो उनका बेटा अनुज मृत अवस्था में मिला। सूचना पर शहर कोतवाली इंस्पेक्टर अश्वनी कुमार सिंह मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने बताया अनुज ने कूदकर जान दे दी हैं और बीमारी से तंग था। प्राचार्य राजेश कुमार ने बताया वह बीमारी से तंग था, इसलिए, रात में उसने छत से कूदकर जान दे दी है।

# पेड़ को प्रधान ने कटवाया, प्रधानाध्यापक को नोटिस जारी

खुटार, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।

> पेड़ काटे जाने की जानकारी हुई है। विद्यालय परिसर में खड़े सेमल के पेड़ को बिना प्रस्ताव के कटवा दिया गया था। विद्यालय में कार्यरत प्रधानाध्यापक को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।
>
> –मृत्युंजय यादव, खंड शिक्षा अधिकारी खुटार

विकास खंड खुटार की ग्राम पंचायत रूज्हा कलां में रविवार रात प्राथमिक विद्यालय परिसर में खड़े सेमल के विशालकाय है पेड़ ग्राम प्रधान के द्वारा कटवा दिया प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया कि विद्यालय परिसर में सेमल का एक बड़ा पेड़ खड़ा हुआ था जिसको ग्राम पंचायत के प्रधान के द्वारा बिना प्रस्ताव कराए रविवार को किसी समय मुझे सूचना किए बगैर कटवा लिया गया जब मैं सोमवार को विद्यालय पहुंचा तो पेड़ कटा हुआ पाया स्थानीय लोगों ने मुझे बताया कि पेड़ को प्रधान जी ने कटवा लिया है सरकारी विद्यालय में खड़े पेड़ के काटे जाने के संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा सरकारी विद्यालय के प्रधानाध्यापक को नोटिस जारी करते हुए सूचना मांगी है। लेकिन प्रधान पर कार्यवाही के मामले में खंड शिक्षा अधिकारी बचते नजर आए।आखिर दो दिन बीत जाने के बाद भी पेड़ के मामले में सिर्फ नोटिस क्या खाना पूर्ति की जा रही है।

# जीएसटी वसूली में शाहजहांपुर प्रदेश में छठवें एवं मंडल में पहले पायदान पर

- जनवरी माह 2026 में 34 करोड़ 20 लाख जीएसटी में राजस्व वसूली की गई



> इस बार जीएसटी राजस्व वसूली में हम लोग मंडल में अच्छी पोजीशन में रहे हैं। कुछ सेक्टरों में अच्छी वृद्धि दर्ज की गई है। साथ ही जिन सेक्टरों में गिरावट दर्ज की गई है, उनमें बेहतर राजस्व वृद्धि के लिए टीम के साथ कार्य किया जाएगा।
>
> –प्रवेश तोमर, उपायुक्त राज्यकर

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।

प्रदेश का खजाना बढ़ने में जनपद शाहजहांपुर ने सूबे में छठवां एवं बरेली मंडल में पहला स्थान पाया है। माह जनवरी 2026 में जीएसटी राजस्व वसूली में जनपद 34 करोड़ 20 लाख रहा है, जबकि जनवरी 2025 में 24 करोड़ 74 लाख रुपए राजस्व रहा था। राजस्व में 2024-25 की तुलना में 2026 में वृद्धि प्रतिशत 38.23 दर्ज किया गया है। जीएसटी संग्रह में अच्छी पोजीशन पर आने पर राज्यकर विभाग के अधिकारियों ने खुशी जाहिर की। बता दें कि आटोमोबाइल सेक्टर में चार पहिया, केमिकल, खाद्य तेल,कोयला, लोहा, स्टील, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, कास्मेटिक में इस बार वृद्धि हुई है। वही दो पहिया वाहन, सीमेंट, उर्वरक, रेडिमेड, ठेकेदारों से प्राप्त कर में गिरावट दर्ज की गई है। बात अगर मंडलवार जीएसटी संग्रह की जनवरी माह की स्थिति की करें तो बदायूं 781.36 लाख, बरेली 10934.94, पीलीभीत 939.60 व शाहजहांपुर 3420.13 लाख रुपए राजस्व आया है।

## अकीदत के साथ मनाया गया शबे बारात त्योहार

तिलहर – शाहजहांपुर। नगर व आसपास के इलाकों में शबे–बरात का मुकद्दस त्योहार मुस्लिम समाज द्वारा पूरी अकीदत, एहतराम और शांति के साथ मनाया गया। इस मौके पर लोगों ने पूरी रात जागकर इबादत की, नफ़्ल नमाज़ अदा की और कुरआन–ए–पाक की तिलावत में मशगूल रहे। अल्लाह तआला से अपने गुनाहों की माफ़ी, देश में अमन–चैन और खुशहाली की दुआएं मांगी गईं। शबे–बरात की रात मस्जिदों, दरगाहों और कब्रिस्तानों में खास रौनक देखने को मिली। अकीदतमंदों ने अपने बुजुर्गों और मरहूम रिश्तेदारों की कब्रों पर फातिहा पढ़ी और दुआएं कीं। कब्रिस्तानों में देर रात तक लोगों की आवाजाही बनी रही। इस अवसर पर मुस्लिम समाज के युवाओं व सामाजिक संगठनों द्वारा जगह–जगह सबील लगाई गई। दरगाहों, मस्जिदों और कब्रिस्तानों के बाहर आने–जाने वाले अकीदतमंदों को चाय पिलाई गई। ठंड को देखते हुए चाय की सबील से लोगों को काफी राहत मिली। दरगाह शाह शमसुद्दीन मियां के सज्जादा नशीन इकबाल हुसैन उर्फ फूलमियां द्वारा खानकाह पर लोगों के लिए खान पान की व्यवस्था की गई थी वहीं नगर की मस्जिदों में शबे–बरात के महत्व पर तकरीरें भी की गईं, जिनमें उलमा–ए–कराम ने बताया कि शबे–बरात इबादत, तौबा और इंसानियत की ख़िदमत का पैग़ाम देती है। उन्होंने आपसी भाईचारे, मोहब्बत और समाज में अमन कायम रखने की अपील की। शबे–बरात के मौके पर सुरक्षा व्यवस्था के भी पुख्ता इंतजाम रहे। पुलिस प्रशासन द्वारा संवेदनशील स्थानों पर निगरानी रखी गई, जिससे त्योहार शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। चांद साबरी, आसिफ फरीदी, शरीफ कुरैशी, राहतुल्ला खान, साजिद, इमरान, शादान, शाबाज, अंजुम खान समेत सैकड़ों लोग शामिल रहे।

# सीओ सिटी ने बड़े लाठ साहब जुलूस को लेकर की बैठक



शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।

सीओ सिटी पंकज पंत ने बड़े लाट साहब जुलूस के दृष्टिगत अधिकारियों के साथ समन्वय बैठक की। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा बड़े लाट साहब जुलूस के शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आयोजन के दृष्टिगत थाना प्रभारी सदर बाजार, थाना प्रभारी कोतवाली एवं समस्त चौकी इंचार्ज के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जुलूस मार्ग, यातायात व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन, संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता, पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती तथा किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से निपटने हेतु आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की गई तथा सभी संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों को कानून–व्यवस्था बनाए रखने, सतत निगरानी रखने एवं आपसी समन्वय के साथ ड्यूटी निर्वहन करने के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। इसके साथ ही सभी थाना प्रभारियों एवं चौकी इंचार्जों को अपने–अपने क्षेत्र में आमजन से संवाद स्थापित कर शांति, सौहार्द एवं सहयोग बनाए रखने हेतु अपील करने तथा जुलूस के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या की सूचना तत्काल उच्चाधिकारियों को देने के निर्देश दिए गए।

## दहेज उत्पीड़न व दूसरी शादी कर लेने के मामले में दामाद समेत नौ नामजद

तिलहर – शाहजहांपुर। बेटी को दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए दामाद समेत ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली क्षेत्र के गांव जोगीपुर निवासी हरिपाल ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि तीन जून 2025 को क्षेत्र के गांव गोपालपुर ठठिऊरा निवासी शैलेंद्र कुमार पुत्र बृजपाल के साथ उन्होंने अपनी पुत्री की शादी सामर्थ्य के अनुसार दान दहेज देकर हिंदू रीति रिवाज से की थी।लेकिन शादी के कुछ दिनों बाद ही लड़की को दहेज के लिए जब परेशान किया गया तो उन्होंने दीपावली पर एक लाख रुपये मोटरसाइकिल खरीदने के लिए दिए लेकिन इसके बावजूद दहेज लोभी ससुराल पक्ष के लोगों ने पुत्री को मारा पीटा और 7 दिसंबर 2025 को मेरे घर पर छोड़कर चले गए और कहा कि एक सोने की चेन 50 हजार रूपए नगद लेकर आना तभी मेरे घर वापस आना।इसी बीच लड़की पीड़ित पिता को पता चला कि शैलेंद्र कुमार ने 27 नवंबर 2025 को आर्य समाज प्रयागराज उत्तर प्रदेश में दूसरी लड़की शिखा देवी निवासी थाना जलालाबाद क्षेत्र के साथ दूसरी शादी कर ली । पीड़ित पिता ने पुत्री के पति शैलेंद्र कुमार,ससुर बृजपाल,सास अनारकली,जेठ देवेंद्र,देवर रणवीर और सत्यम,ननद ज्योति,पड़ोसी श्याम बिहारी तथा अजय प्रताप सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

### सूचना

मेरे पिता का नाम पुरानी खतौनी में दिलीप सिंह दर्ज है, जबकि उनका पूरा नाम गुरदीप सिंह उर्फ दिलीप सिंह पुत्र सूबा सिंह है। उक्त दोनों मेरे पिता के ही नाम हैं। भविष्य में उन्हें इन्हीं नाम से ही जाना व पहचाना जाए। हरदेव सिंह पुत्र गुरदीप सिंह उर्फ दिलीप सिंह, नि.ग्रा. मैनिया, तहसील पुवायां, जनपद शाहजहांपुर।

# एसपी ने किया मदनापुर थाने का निरीक्षण, दिए निर्देश

- शिशु गृह एवं बाल मित्र केंद्र का किया शुभारंभ

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।



पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना मदनापुर का वार्षिक निरीक्षण कर शिशु गृह एवं 'बाल मित्र केन्द्र' का विधिवत शुभारम्भ किया गया।

एसपी राजेश द्विवेदी और अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी सदर के साथ थाना मदनापुर का वार्षिक निरीक्षण किया गया। वार्षिक निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की समस्त व्यवस्थाओं का विस्तृत एवं गहनता से अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाना कार्यालय की कार्यप्रणाली, अपराध व सामान्य अभिलेखों की अद्यावधिक स्थिति, लंबित एवं प्रचलित विवेचनाओं की प्रगति, मालखाना, शस्त्रागार, हवालात, सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था, साफ–सफाई, सुरक्षा प्रबंध, बैरक, मेस, आवासीय परिसर तथा जनसुनवाई व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा की गई। महिला एवं बाल अपराध से संबंधित प्रकरणों के निस्तारण, शिकायतों की समयबद्ध सुनवाई तथा पीड़ितों के प्रति संवेदनशील व्यवहार सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। निरीक्षण के दौरान अनुशासन, समयपालन एवं कार्यकुशलता बनाए रखने के निर्देश देते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा कहा गया कि थाना स्तर पर अभिलेखों का सही रखरखाव, विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्ण एवं निष्पक्ष निस्तारण तथा आमजन के साथ शालीन एवं सहयोगात्मक व्यवहार पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसके साथ ही कानून–व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, नियमित गश्त, प्रभावी जनसंपर्क एवं अपराध नियंत्रण हेतु सतर्क दृष्टि बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के उपरांत पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना परिसर में स्थापित शिशु गृह एवं बाल मित्र केन्द्र का विधिवत शुभारम्भ किया गया । बाल मित्र केन्द्र की स्थापना का उद्देश्य ड्यूटीरत महिला पुलिसकर्मियों के बच्चों तथा थाने में आने वाले बच्चों, विशेषकर पीड़ित अथवा साक्षी के रूप में उपस्थित बच्चों को भयमुक्त, सुरक्षित, सहयोगी एवं सम्मानजनक वातावरण उपलब्ध कराना है। इसके अलावा वहाँ पर मौजूद छोटे बच्चों को चॉकलेट वितरित की गई । शिशु गृह के माध्यम से छोटे बच्चों की देखभाल एवं सुरक्षा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी, जिससे महिला पुलिसकर्मियों एवं थाना आने वाली महिलाओं को सुविधा प्रदान की जा सके।

## खुदागंज में सोशल सेक्टर कैम्प में विभागीय योजनाओं का प्रचार प्रसार

शाहजहांपुर। डीएम के निर्देशानुसार व सीडीओ के नेतृत्व में बुधवार को विकास खण्ड खुदागंज में सोशल सेक्टर कैम्प का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कटरा विधायक डा. वीर विक्रम सिंह प्रिन्स के द्वारा कैम्प का शुभारंभ किया गया। खुदागंज के ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान के साथ पंचायत सचिव भी कैंप में उपस्थित रहें। कैम्प में खण्ड विकास अधिकारी खुदागंज, डा.रोहिताश, प्रेमशंकर मौर्य, संतोष कुमार, राजेश कुमार, शादाब सिद्दीकी, कीर्ति, रश्मर देवी मदनपाल आदि द्वारा कैम्प का संचालन किया गया। कैम्प में विभागीय अधिकारियों–कर्मचारियों द्वारा योजनाओं के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी तथा लाभार्थियों का पेंशन में आधार प्रमाणीकरण किया गया।

### सूचना

मेरा नाम पूर्व में राजीव चोपड़ा पुत्र रमेश चंद्र चोपड़ा था लेकिन अब मेरा नाम रंजीव कुमार चोपड़ा हो गया है। अब राजीव चोपड़ा व रंजीव कुमार चोपड़ा दोनों मेरे ही नाम है। भविष्य में रंजीव कुमार चोपड़ा नाम से जाना व पहचाना जाऊंगा। रंजीव कुमार चोपड़ा पुत्र रमेश चंद्र चोपड़ा निवासी बाजपेई कॉलोनी जिला लखीमपुर खीरी।

### सूचना

मेरे नाम एक मूल बैनामा की प्रति मेरे बैग में रखी थी जिसको लेकर फोटोकॉपी करवाने के लिए जाते समय 03/02/ 2026 को किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा मोटरसाइकिल से निकाल लिया गया या फिर कहीं अज्ञात जगह पर गिर गया। विवेक कुमार गुप्ता पुत्र श्री मदन लाल निवासी मोहल्ला सिविल लाइन शहर व तहसील लखीमपुर खीरी।

### सूचना

मैं शपथिनी श्रीमती सोनल त्रिपाठी पत्नी अनुभव शुक्ला निवासी मोहल्ला पोस्ट / बड़गांव परगना तहसील शहर व जिला गोंडा सशपथ बयान करती हूं कि मेरी पुत्री सस्मिता शुक्ला फातिमा स्कूल की छात्रा है तथा उसके स्कूल के अभिलेख में सस्मिता शुक्ला की माता का नाम गलती से सोनल शुक्ला लिख गया है जबकि माता का सही नाम सोनल त्रिपाठी होना चाहिए अतः स्कूल के अभिलेख में सही नाम सोनल त्रिपाठी लिखा व पढ़ा जाना चाहिए।

# समिति ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

- हाईकोर्ट के आदेशों के अनुपालन में जिला कारागार में 0-6 वर्षीय बच्चों की देखभाल योजना की समीक्षा



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

उच्च न्यायालय इलाहाबाद में योजित क्रिमिनल मिसलेनियस जमानत याचिका संख्या 25953/2024 (रेखा बनाम उत्तर प्रदेश राज्य) आदेश 20 जनवरी 25 एवं जमानत प्रार्थना पत्र संख्या 11262/2025 ( संतोष बनाम उत्तर प्रदेश राज्य व अन्य) आदेश 16 अप्रैल 25 में पारित आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु चार सदस्यीय समिति गठित की गई है। समिति द्वारा बुधवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया। इस गठित समिति में राम औतार त्रिपाठी, मुनीश कुमार सिंह, परिहार सदस्यगण, न्यायपीठ, बाल कल्याण समिति (प्रदत्त शक्तियां- प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट) तथा जिला बाल संरक्षण इकाई से प्रतिभा मिश्रा परामर्शदाता, सुप्रिया अवस्थी सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा जिला कारागार में निरुद्ध विचाराधीन तथा सिद्ध दोष महिला बंदियों के साथ रह रहे 0 से 6 वर्ष तक के 4 बच्चों (जो अपने संरक्षक/माता-पिता के साथ हैं) की व्यक्तिगत देखभाल योजना की समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण, शिक्षा, पोषण, संरक्षण, मनोरंजन तथा समग्र विकास संबंधी जानकारी प्राप्त की गई। समिति ने बच्चों की देखभाल सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक सुझाव दिए। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक जितेंद्र प्रताप तिवारी, प्रभारी जेलर अनिल विश्वकर्मा, डिप्टी जेलर पूनम तिवारी, डिप्टी जेलर राघवेंद्र सिंह, डिप्टी जेलर कृष्ण कुमार पांडेय, जिला बाल संरक्षण इकाई से संरक्षण अधिकारी निकेत कुमार सिंह, आरक्षी अंकित कुमार आदि उपस्थित रहे। जेल अधीक्षक जितेंद्र प्रताप तिवारी द्वारा उच्च न्यायालय इलाहाबाद के अनुपालन में गठित समिति को बुके देकर सम्मानित किया गया।

# फॉर्मर रजिस्ट्री व तकनीकी जानकारी पर दिया गया प्रशिक्षण



**कांट, शाहजहांपुर।** ब्लॉक कार्यालय मे खंड विकास अधिकारी इंद्र कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में ब्लॉक के सभी पंचायत सहायकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य पंचायत सहायकों को फार्मर रजिस्ट्री तथा शासन द्वारा लागू की जा रही विभिन्न तकनीकी प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी देना रहा। बैठक में सहायक खंड विकास अधिकारी अरविंद शर्मा एवं अजय भदोरिया ने पंचायत सहायकों को फार्मर रजिस्ट्री के महत्व, पंजीकरण की प्रक्रिया, ऑनलाइन डाटा अपडेट करने की विधि तथा तकनीकी त्रुटियों से बचाव के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से किसानों को सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिलेगा, इसलिए कार्य को पूरी गंभीरता और पारदर्शिता के साथ किया जाना आवश्यक है।खंड विकास अधिकारी इंद्र कुमार शुक्ला ने पंचायत सहायकों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने ग्राम पंचायतों में किसानों का पंजीकरण समय से पूर्ण कराएं और शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करें। उन्होंने तकनीक के सही उपयोग पर जोर देते हुए कहा कि डिजिटल कार्य प्रणाली से पारदर्शिता बढ़ेगी और योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचेगा।बैठक के अंत में पंचायत सहायकों की शंकाओं का समाधान किया गया और उन्हें क्षेत्र में जाकर किसानों को जागरूक करने के निर्देश दिए गए।इस दौरान पंचायत सचिव संजीव भारद्वाज, अनामिका गौतम, विनीत चौधरी, पुष्पा बाजपेई, अनिल कुमार वर्मा, अनिल वर्मा, शिवानंद सिंह राठौड़, विनेश कुमार, शिवओम अग्निहोत्री, एपीओ ज्ञान प्रकाश सिंह सहित ब्लॉक का समस्त स्टाफ एवं पंचायत सहायक उपस्थित रहे।

# सीएनजी ऑपरेटर की सड़क हादसे में हुई मौत

- पुलिस ने पिकअप को लिया कब्जे में, रिपोर्ट दर्ज



**तिलहर - शाहजहांपुर।** हाईवे पर पिकअप की टक्कर से बाइक सवार सीएनजी पंप ऑपरेटर की मौत हो गई । पुलिस ने पिकअप को कब्जे में लिया। और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। मंगलवार देर शाम करीब सात बजे हाइवे पर गांव धनेला के समीप कटरा थाना क्षेत्र के गांव फीलनगर निवासी विशेष कुमार 26 की बाइक को पीछे से आ रही तेजरफ्तर पिकअप ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी । जिससे विशेष गंभीर रूप से घायल हो गए । मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को तत्काल एंबुलेंस से सीएचसी भिजवाया । जहां से गंभीरावस्था में विशेष को जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया । जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया । इस मनहूस खबर से मृतक के घर में कोहराम मच गया। मृतक के भाई रामवीर पुत्र श्री कृष्ण ने बताया कि विशेष कुमार सीएनजी पंप ऑपरेटर था । वह तिलहर के एक पंप पर काम करके घर वापस लौट रहा था । और यह हादसा हो गया । रामबीर ने पिकअप संख्या यूपी 27 टी 4069 के चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाल जुगल किशोर पाल ने बताया कि दुर्घटना बाली पिकअप को कब्जे में ले लिया गया है । चालक की तलाश की जा रही है।

# पूर्व समाज कल्याण अधिकारी गैंग लीडर घोषित, चल-अचल संपत्ति की कुर्की

- डीएम ने 2023 के पेंशन घोटाले में दिया आदेश, 4.49 करोड़ की संपत्ति शामिल

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



वर्ष 2023 में वृद्धावस्था पेंशन घोटाले के मामले में बड़ी कार्रवाई की गई है। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने तत्कालीन समाज कल्याण अधिकारी राजेश कुमार की करीब 4.49 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क करने का आदेश दिया है। साथ ही उक्त आरोपी अधिकारी को इस घोटाले का %गैंग लीडर% बताया गया है। डीएम स्तर से की गई बड़ी कार्यवाही से भ्रष्टाचार के खिलाफ एक अच्छा संदेश भी दिया गया है। कार्यवाही के आदेश सुनकर समाज कल्याण दफ्तर में पूरे दिन तमाम तरह की चर्चाएं होती रही।

बता दें कि पेंशन घोटाला वर्ष 2023 में हुआ था, जब राजेश कुमार शाहजहांपुर में समाज कल्याण अधिकारी के पद पर तैनात थे। उन्होंने 2390 बुजुर्गों की वृद्धावस्था पेंशन को उनके वास्तविक खातों के बजाय दूसरे खातों में भेजकर लगभग 2 करोड़ 52 लाख रुपये का गबन किया था। खुलासा होने के बाद एफआईआर दर्ज की गई थी। जांच के बाद राजेश कुमार को निलंबित कर दिया गया और उनके सहित करीब दस अन्य लोगों को जेल भेजा गया था। डीएम के आदेश के अनुसार, कुर्क की गई संपत्ति में राजेश कुमार के नाम पर दो कारें, उनके बेटे के नाम पर एक कार, सीतापुर जिले के सिधौली क्षेत्र में कृषि भूमि शामिल है। इसके अतिरिक्त, लखनऊ में उनकी पत्नी के नाम पर एक भवन और एक गेस्ट हाउस भी कुर्क किया गया है। सभी संपत्तियों की अनुमानित कीमत 4 करोड़ 49 लाख 24 हजार 941 रुपये है।

> जनपद में 2023 में वृद्धावस्था पेंशन में तत्कालीन समाज कल्याण अधिकारी द्वारा फर्जी तरीके से करोड़ों का गोलमाल किया था। जिसमें वह जेल भी जा चुके हैं। अब उनके खिलाफ उत्तर प्रदेश गिरोहबंद व समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम के अंतर्गत चल अचल संपत्तियों को कुर्की का आदेश दिया है। भ्रष्टाचार किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।
>
> –धर्मेंद्र प्रताप सिंह, जिलाधिकारी

> समाज कल्याण विभाग में पेंशन घोटाले में डीएम द्वारा बड़ी कार्यवाही करते हुए, तत्कालीन समाज कल्याण अधिकारी की संपत्ति कुर्की का आदेश दिया गया है। 2 करोड़ 52 लाख की रकम खातों को बदल कर इधर उधर की गई थी। जिसमें अब तक समाज कल्याण विभाग ने विभिन्न खातों से लगभग 60 लाख रुपए की रिकवरी कर ली है। रिकवरी प्रक्रिया जारी है।
>
> –डा.अपराजिता सिंह, सीडीओ

# महिला किसान नेता भूख हड़ताल पर, प्रशासन की अनदेखी जारी



- तहसीलदार के अस्वासन पर तोड़ी भूख हड़ताल

**जलालाबाद, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

भारतीय किसान यूनियन महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष मालती कश्यप द्वारा सड़क निर्माण में कथित अनियमितता के मामले को लेकर शुरू किया गया आंदोलन लगातार तेज होता जा रहा है। शुक्रवार सुबह से ही वह अपने समर्थकों के साथ ब्लॉक परिसर में भूख हड़ताल पर बैठ गईं, लेकिन खबर लिखे जाने तक कोई भी प्रशासनिक अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। मालती कश्यप ने बताया कि वह अपने गांव में वर्षों से जर्जर हो चुकी सड़क के निर्माण की शिकायत लेकर कुछ दिन पूर्व ब्लॉक कार्यालय गई थीं। इस दौरान वहां मौजूद वीडीओ , एडीओ कोऑपरेटिव और ग्राम पंचायत अधिकारी की मौजूदगी में उनसे कथित रूप से 20 लाख रुपये की मांग की गई। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो उनके साथ धक्का-मुक्की की गई और अभद्र व्यवहार किया गया। घटना के बाद मालती कश्यप ने कार्रवाई की मांग को लेकर ब्लॉक गेट पर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया था। हालांकि पुलिस प्रशासन के समझाने पर उन्होंने अपना धरना अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया था। अधिकारियों द्वारा जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया गया था, लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इससे आहत होकर मालती कश्यप ने आज सुबह पुनः अपने समर्थकों के साथ ब्लॉक परिसर में धरना शुरू कर दिया और भूख हड़ताल पर बैठ गई। उन्होंने साफ कहा कि जब तक दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होगी, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।धरना स्थल पर मौजूद समर्थकों ने प्रशासन पर उदासीनता का आरोप लगाते हुए कहा कि एक महिला किसान नेता की शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। वहीं स्थानीय लोगों में भी प्रशासन की कार्यशैली को लेकर नाराजगी देखी जा रही है। वही देर शाम तहसीदार के आश्वासन पर किसान नेता मालती कश्यप को लेखपाल द्वारा जूस से पिलाकर भूख हड़ताल को समाप्त कराया गया।

## अकीदत और एहतराम के साथ मनाई गई शब-ए-बारात

**शाहजहांपुर।** इस्लाम धर्म की अत्यंत पवित्र और बरकतों वाली रात शबे–बरात महानगर में पूरी अकीदत, एहतराम और सुकून भरे वातावरण में मनाई गई। इस मुबारक रात को लेकर मुस्लिम समाज में उत्साह देखने को मिला। शहर की मस्जिदों, इमामबाड़ों और कब्रिस्तानों में देर रात तक इबादत, दुआ और रौशनी का नूरानी नज़ारा बना रहा। शबे–बरात की रात ईशा की नमाज़ के बाद मस्जिदों में नफ्ल नमाज़, कुरआन–ख़्वानी, ज़िक्र और तौबा का सिलसिला शुरू हुआ, जो फज्र की नमाज़ तक लगातार चलता रहा। उलेमा–ए–किराम ने इस मौके पर शबे–बरात की फज़ीलत पर छोटे–छोटे खुतबे दिए और बताया कि यह रात अल्लाह तआला की बारगाह में अपने गुनाहों से तौबा करने, मग़फ़िरत मांगने और नेक रास्ते पर चलने का पैग़ाम देती है। महानगर के विभिन्न इलाकों में इस मौके पर विशेष रौनक देखने को मिली। बड़े खुतबे और छोटे खुतबे को आकर्षक ढंग से सजाया गया, जहां देर रात तक अकीदतमंदों की आवाजाही बनी रही। मेहमान शाह व महमंद हद्दफ़ स्थित बेरी वाले कब्रिस्तान व ईदगाह कब्रिस्तान के अलावा अन्य कब्रिस्तानों में लोगों की भारी भीड़ उमड़ी, जहां मरहूम रिश्तेदारों और बुज़ुर्गों की कब्रों पर फातिहा पढ़ी गई और उनकी आत्मा की शांति के लिए विशेष दुआएं की गईं। इसी तरह झंडा कलां में रोशनी का विशेष इंतज़ाम किया गया, जिससे पूरा इलाका नूरानी माहौल में डूबा नजर आया। इन इलाकों में बच्चों, युवाओं और बुज़ुर्गों की मौजूदगी ने शबे–बरात की रौनक को और बढ़ा दिया। शबे–बरात के अवसर पर लोगों ने आपसी मेल–जोल बढ़ाया और एक–दूसरे को मुबारकबाद दी। कई स्थानों पर लोगों ने जरूरतमंदों की मदद कर और खैरात देकर इंसानियत और भाईचारे का संदेश दिया। इस पाक रात को लोगों ने अपने और अपने परिवार की भलाई के साथ–साथ देश में अमन, आपसी सौहार्द और खुशहाली की दुआएं मांगीं। पूरे महानगर में शांति व्यवस्था बनी रही और शबे–बरात का पर्व पूरी धार्मिक श्रद्धा और सौहार्द के साथ संपन्न हुआ।

## सीओ सदर ने आगामी त्योहारों को लेकर की समीक्षा बैठक



**शाहजहांपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा आगामी त्योहारों के दृष्टिगत थाना मदनापुर में हल्का प्रभारी एवं समस्त बीट प्रभारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान क्षेत्राधिकारी सदर प्रियांक जैन द्वारा यक्ष ऐप के प्रभावी एवं नियमित उपयोग के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई तथा निर्देशित किया गया कि ऐप के माध्यम से संदिग्ध व्यक्तियों, गतिविधियों, संवेदनशील स्थलों एवं महत्वपूर्ण सूचनाओं का समयबद्ध रूप से संकलन एवं अपडेट किया जाए। इसके साथ ही आगामी त्योहारों के दौरान कानून–व्यवस्था बनाए रखने, भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था, संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी, नियमित पैदल,वाहन गश्त एवं पुलिस की तत्परता सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि सभी हल्का एवं बीट प्रभारी अपने–अपने क्षेत्रों में आमजन से संवाद स्थापित करें, शांति, सौहार्द एवं सहयोग बनाए रखने हेतु निरंतर संपर्क में रहें तथा किसी भी प्रकार की अफवाह, विवाद या आपात स्थिति की सूचना तत्काल थाना प्रभारी एवं उच्चाधिकारियों को उपलब्ध कराएं। क्षेत्राधिकारी सदर महोदय द्वारा स्पष्ट किया गया कि आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनपद पुलिस द्वारा कानून–व्यवस्था एवं जनसुरक्षा को लेकर पूरी तरह सतर्क रहते हुए सभी आवश्यक तैयारियाँ सुनिश्चित की जा रही हैं।

# खुटार में कब्रिस्तान के गेट को लेकर विवाद, कई घंटे रखा रहा शव

- पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शांत कराया विवाद, हुआ समझौता



**खुटार, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के गांव हिटोटा निवासी रामकुमार ने बुधवार को थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि उनके मकान के सामने कब्रिस्तान है। जिसके चारों ओर तारबंदी है और कब्रिस्तान में जाने के लिए रोड के पश्चिम से रास्ता है। कब्रिस्तान के किनारे खाली पड़ी जमीन पर गांव में रहने वाले अनुसूचित जाति के लोग कंडा थोपते हैं और गोबर आदि डाल देते हैं। मंगलवार को गांव निवासी मुस्तफा की बुजुर्ग मां का इंतकाल हो गया था। शाम को उनका शव को दफन किया जाना था। लेकिन मुस्तफा के मां के शव को हिंदू आबादी की ओर गेट बनाकर कब्रिस्तान में ले जाना चाहते थे। लेकिन रामकुमार व अनुसूचित जाति के अन्य लोगों ने पूर्व में बने गेट से ही शव को कब्रिस्तान में ले जाने की बात कही और मामले की सूचना पुलिस को दे दी। जिसके बाद मुस्तफा ने शव को दफन नहीं किया और बुधवार सुबह थाने पर पहुंचकर रामकुमार पर कब्रिस्तान में गेट लगाने से मना करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दे दी। जिसके बाद पुलिस हरकत में आ गई। इसी बीच हल्का दरोगा सोहन लाल व सिपाही इंद्रेश पटेल मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलते ही हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) के संस्थापक अध्यक्ष अवनीश मिश्र भी मौके पर पहुंच गए। जिसके बाद बाद दोनों समुदाय में ये फैसला हुआ कि कब्रिस्तान का गेट हिंदुओं के घरों के सामने लगाने के बजाय कब्रिस्तान के पास रहने वाले अब्दुल बाराती के मकान के सामने लगेगा। जिस पर दोनों पक्ष तैयार हो गए। इसके बाद मुस्तफा की मां के जनाजे को कब्रिस्तान लाया गया और शव को दफन कर दिया गया। इस दौरान दोनों समुदायों के कई लोगों के साथ ही पुलिस बल भी मौजूद रहा।

# ईओ ने पालिका टीम के साथ बाजार में हटवाया अस्थाई अतिक्रमण

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



नगर की मुख्य बाजारों में अस्थाई अतिक्रमण के चलते लगने वाले जाम से निजाम दिलाए जाने के मद्देनजर ईओ सत्येंद्र प्रकाश ने पालिका टीम के साथ पुलिस की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाया । इस मौके पर कई दुकानदारों की जुर्माना रसीद भी काटी गई । इससे दुकानदारों में खासा हड़कंप मचा रहा।

अतिक्रमण हटाए जाने के पूर्व में किए गए एनाउंस के क्रम में मंगलवार को ईओ सतेंद्र प्रकाश के निर्देशन में अपरान्ह साढ़े तीन बजे मौजमपुर बाजार स्थित पुराने तंग स्टैंड से अभियान शुरू किया गया । जो आंबेडकर पार्क बिरियागंज तक चला । इस दौरान पालिका प्रशासन से कई दुकानदारों की नोक झोंक भी हुई । हालांकि एनाउंस हो जाने से तमाम दुकानदारों ने अभियान शुरू होने से पहले ही सड़क पटरी पर स्वयं के अस्थाई अतिक्रमण को हटा लिया । वहीं कुछ दुकानदारों से नाली पर डाले गए पटलों व झाप बतौर डाली गई टिन आदि को हटाए जाने की हिदायत दी गई। सड़क पटरी पर टायर व क्रॉकरी रखे पाए जाने पर दो दुकानदारों के एक एक हजार की जुर्माना रसीद काटी गई । जबकि एक मिष्ठान भंडार पर पॉलीथिन मिलने पर दो हजार का जुर्माना किया गया । अम्बेडकर पार्क के समीप पटरी से लेकर सड़क भाग पर भी लगाई जाने वाली दुकानों को पीछे हटबाते हुए प्लास्टिक की क्रेटे भी जब्त की गईं। ईओ ने बताया कि अभियान जारी रहेगा । उन्होंने दुकानदारों को हिदायत दी कि यदि सड़क पटरी व उससे आगे समान आदि रखा पाए जाने और पॉलीथिन मिलने पर जुर्माना के साथ ही रिपोर्ट भी दर्ज कराई जाएगी। अभियान में आर आई सुशांत कुमार, एसआई राजीव कुमार, जेई नितिन गुप्ता, प्रधान लिपिक अयूब हुसैन, लिपिक कमलदीप श्रीवास्तव, इस्लाम अली, अरविंद कुमार, नईम फरीदी व सफाई मित्र के अलावा पुलिस बल भी मौजूद रहा।

# डीएम ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के पटलों का किया औचक निरीक्षण

**पीलीभीत, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने आज कलेक्ट्रेट के कार्यालयों के विभिन्न पटलों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने फौजदारी अभिलेखागार, राजस्व सहायक पटल, सामान्य अभिलेखागार, डी0एल0आर0सी, न्याय सहायक, वेतन लिपिक अनुभाग के पटलों से संबंधित पत्रावलियों की जांच की। निरीक्षण के दौरान राजस्व पटल में गार्ड पत्रावली, देय रजिस्टर, तैनाती अभिलेख सहित आदि प्रमुख पत्रावलियों की जांच की गई। न्याय सहायक पटल के निरीक्षण के दौरान आकास्मिक रजिस्टर, चरित्र हैसियत एवं व्यक्तिगत पत्रावलियां को देखा एवं सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश दिये। सामान्य लिपिक पटल के निरीक्षण के दौरान रूटेशन रजिस्टर, विभागीय कार्यवाही रजिस्टर, एसीपी वेतन वृद्धि रजिस्टर को देखा। सामान्य अभिलेखागार के निरीक्षण के दौरान सत्यापन रजिस्टर, डाकबही का अवलोकन किया। राजस्व अभिलेखागार के दौरान निरीक्षण पंजिका, नकल रजिस्टर सहित अन्य अभिलेखों को देखा।शस्त्र कार्यालय के निरीक्षण के दौरान लाइसेंस सूची, गार्ड पत्रावली, डाकबही, निरीक्षण पंजिका, विरासत रजिस्टर का अवलोकन कर सम्बन्धित पटल सहायक को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।उन्होंने निर्देश देते हुये कहा कि पत्रावलियों के साथ साथ उनसे सम्बन्धित प्रत्येक रजिस्टर नियमित अपडेट करना सुनिश्चित किया जाये। कोई पत्रावली, दाखिल चरित्र लम्बित न रहें समय से निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाये व समस्त पटल सहायकों को नेम प्लेट, अभिलेखों को व्यवस्थित ढंग से रखने तथा साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक,नगर मजिस्टेट, उप जिलाधिकारी न्यायिक सहित सम्बन्धित पटल सहायक उपस्थित रहे।


## उत्तर रेलवे

### ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट / जोन | लखनऊ–उ०रे०–मण्डल–वाणिज्य / उ०रे० |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | 14216-SLR-F2- LKO-PYGS-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 31.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 17.02.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.02.2026 at 11:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | 14210-SLR-F1-LKO-PYGS-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 31.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 17.02.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.02.2026 at 11:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | 24204-SLR-R1-LKO-BSB-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 31.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 17.02.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.02.2026 at 11:50 hrs. |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | 14262-SLR-F2-LKO-GAYA-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 31.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 17.02.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.02.2026 at 12:00 hrs. |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | 14216-SLR-R1-LKO-PYGS-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 31.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 17.02.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.02.2026 at 12:10 hrs. |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | 12231-SLR-R1-LKO-CDG-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 31.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 17.02.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.02.2026 at 12:20 hrs. |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | 14216-SLR-F1-LKO-PYGS-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 31.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 17.02.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.02.2026 at 12:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | 19402-SLR-F1-LKO-SBIB-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 31.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 17.02.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.02.2026 at 12:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | 24204-SLR-F1-LKO-BSB-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 31.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 17.02.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.02.2026 at 12:50 hrs. |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | 24204-SLR-F2-LKO-BSB-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 31.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 17.02.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.02.2026 at 13:00 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

No.: C/SLR Leasing contract-2019/KS Date:- 03.02.2026 376/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## कायर्यालय ग्राम पंचायत छकड़ापुर वि.ख. तिलहर (शाहजहांपुर)

### निविदा आमंत्रण सूचना

समस्त पंजीकृत कर्मो के आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्रा.प.-छकड़ापुर वि.ख.-तिलहर (शाहजहापुर) में ग्राम विकास योजना के अन्तगर्न वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुसार 15 वें वित्त। केन्द्रीय वित्त। राज्य वित्त/एवं मनरेगा योजना की धनराशि से ग्रा.प. में इन्टरलाकिंग व नाली, व, खड़ंजा निर्माण कार्य आदि हेतु, सीमेन्ट, सरिया, ईट इन्टरलाकिंग ईट अब्बल, रेता देसी, मोरंग ईट गिट्टी, बजरी वजर फुट आदि की आपूर्ति हेतु दिनांक 06, 02,2026,को आमंत्रित की जाती है जो कि दिनांक-11-02,-2026,को अपराहनः 4 बजे पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। किसी भी दशा में निविदा को स्वीकार अथवा निरस्त करने अधिकार सचिव/अध्यक्ष को निहित होगा।

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | माप | अनु. लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | मेन रोड से बलराम के मकान तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य। | ल.×चौ. अनु 90 मी.3.30मी. | 3.92 लाख रूपये |
| 2. | ग्राम छकड़ापुर में तालाब रिटर्निंग बाल निर्माण कार्य। | लंबाई लगभग 70 मी. | 3.95 लाख रुपए |

श्रीमती लौंगश्री
प्रधान

अशोक कुमार गंगवार
सचिव



## कार्यालय ग्राम पंचायत अमनपुर वि.ख.-तिलहर जनपद शाहजहांपुर

### अल्पकालीन निविदा आमन्त्रण सूचना

समस्त पंजीकृत फर्मो एवं आपूर्तिकाओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत अमनपुर की स्वीकृत कार्ययोजना के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में पंचम राज्य वित्त, पन्द्रहवां वित्त/केन्द्रीय वित्त/मनरेगा योजना/आ0जी0एस0ए0/एस0एल0डब्ल्यू0एम0/आई.सी.डी.एम. की धनराशि से आंगनवाड़ी केन्द्र निर्माण/शौचालय। ओपन जिम, पुस्तकालय, निर्माण विद्यालय कायाकल्प कार्य, रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, बाउन्ड्री वाल निर्माण, हैण्डपम्प रिवोर/मरम्मत, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट क्रय/मरम्मत, RRC सेन्टर, सिल्ट कैन्चर, खाद के गड्ढे, वर्मी कम्पोस्ट, कूड़ादान ई-रिक्शा क्रय एवं SLWM तथा SBM के अन्य कार्य, फर्नीचर क्रय, ह्यूम पाइप स्टेशनरी क्रय कल्पेंटिंग कार्य वृक्षारोपड़ ठेली रिक्शा क्रय/मरम्मत, फागिंग मशीन क्रय, सी0सी0टी0वी0 फिटिंग कार्य आदि कराये जाने हैं। उक्त कार्य के लिए ईट, सीमेंट मौरंग, रेता, बजरी, सरिया, एंगल, टीन चादर इन्टरलॉकिंग ईट, रोड़ी, मिट्टी, भराव, टंकी फिटिंग सामान, स्प्रे मशीन, सफाई किट, प्रचार प्रसार बोर्ड, कम्प्यूटर प्रिंटर मरम्मत एवं पंचायत कार्यालय हेतु अन्य उपकरण सामग्री क्रय/मरम्मत, पी0ए0एस0 साउन्ड सिस्टम एवं अन्य सभी वस्तुओं की आपूर्ति हेतु सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय पंचायत भवन पर दिनांक दिनांक 06.02,2026 से 12.02,.2026 तक आमंत्रित की जाती है। जिसे 12.02.2026 को 02 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पंचायत भवन पर खोला जायेगा। निविदा को स्वीकृत, अस्वीकृत अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत का होगा।

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | अनु. लागत |
|---|---|---|
| 1. | आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण | 12 लाख रुपया |
| 2. | ओपन जिम निर्माण | ढाई लाख रुपए |

राशिद अली
प्रधान

संतोष बाबू
सचिव

## आत्मनिर्भरता के लिए विकास

राजग सरकार द्वारा रविवार को पेश आम बजट कई मायनों में खास रहा। तमिलनाडु के लोगों की आकांक्षाओं की पर्याय कांजीवरम साड़ी पहने लगातार नौवीं बार बजट पेश करके निर्मला सीतारमण ने नारी शक्ति का परचम ही लहराया। प्रधानमंत्री मोदी ने बजट की दशा-दिशा पर तीन शब्दों में संदेश दिया कि यह स्किल, स्केल और सस्टेनबिलिटी का बजट है। वहीं गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि यह विकास व आत्मनिर्भरता के लिए बजट है। दूसरी ओर विपक्षी नेताओं ने आरोप लगाया कि इसमें आम आदमी के लिए कुछ खास नहीं है।

आम आदमी की जिज्ञासा यही होती है कि क्या सस्ता होगा और किस पर उसकी जेब ढीली होगी। कहा जा रहा है कि माइक्रोवेव्स, सोलर पैनल, चमड़ा उत्पाद, 17 दवाइयां तथा सात दुर्लभ बीमारियों की दवाएं सस्ती होंगी। हर बार की तरह शराब, सिगरेट व तंबाकू प्रेमियों की जेब ढीली होगी। नये प्रावधानों में विदेशों में पढ़ रहे छात्रों को भेजे जाने वाले पैसे पर टीसीएस कम होगा। विदेश यात्रा पैकेज पर भी छूट दी गई है। आने वाले महीनों में जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव होंगे, उनका भी बजट में खास ख्याल रखा गया है। दुनिया में इलेक्ट्रॉनिक व अन्य उत्पादों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले दुर्लभ रेयर अर्थ पर ध्यान केंद्रित कर रेयर अर्थ कॉरिडोर बनाने का लक्ष्य रखा गया, जिसमें तमिलनाडु-केरल का खास ध्यान रखा गया।

आसन्न चुनाव वाले इन राज्यों के मछुआरों व नारियल उत्पादकों को प्रोत्साहन व छूट दी गई है। हालांकि, एसटीटी बढ़ाने के मुद्दे पर शेयर बाजार को बजट रास नहीं आया। वहीं दूसरी ओर इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए इस उद्योग में चालीस हजार करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव है। वहीं सस्ती दवाओं के लिए 'बॉयोफार्मा शक्ति योजना' के लिए दस हजार करोड़ रुपये का प्रावधान होगा, जिससे देश में मधुमेह व कैंसर की सस्ती दवाइयां उपलब्ध हो सकेंगी। दूसरी ओर आसन्न चुनाव वाले राज्यों पश्चिम बंगाल, असम व तमिलनाडु को हाई-स्पीड ट्रेन कॉरिडोर का लाभ देने का प्रस्ताव है। वहीं असम को बौद्ध सर्किट का लाभ दिया गया है। यह योजना बौद्ध तीर्थों के विकास, यात्री सुविधाओं के विस्तार तथा यहां तक कि तीर्थयात्रियों की पहुंच आसान बनाने की कोशिश है। वहीं दूसरी ओर डिजिटल मनोरंजन क्रांति हेतु रचनात्मक बढ़ाने वाली 'ऑरेंज इकॉनोमी' को भी प्राथमिकता बनाया गया है ताकि इस क्षेत्र में युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों में वृद्धि की जा सके। हर बार नौकरी पेशा वर्ग की आस होती है कि इनकम टैक्स में छूट मिले। लेकिन इस बार किसी स्लैब में परिवर्तन नहीं हुआ।

हां, अप्रैल 26 तक नया आयकर कानून लागू करने की बात बजट में कही गई है, जिसमें आयकर रिटर्न की फाइलिंग से जुड़ी समय सीमा और नियमों में बदलाव होगा। निश्चित रूप से दुनिया आपूर्ति श्रृंखला में जारी वैश्विक उथल-पुथल और टैरिफ युद्ध के बीच राजग सरकार ने आम बजट में आत्मनिर्भरता को प्राथमिकता दी है। साथ ही आजादी के सौ साल पूरे होने पर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प की दिशा में भी कदम बढ़ाया गया है।

# हादसों के देश भारत में प्रशासन की समस्या

*पूनम आई. कौशिश*



*सरकार के पास भीड़ प्रबंधन की भी व्यवस्था नहीं है। गत वर्ष सितंबर में तमिलनाडु में अभिनेता से राजनेता बने विजय की रैली में पुलिस के भीड़ प्रबंधन में नाकाम रहने से 45 लोगों की मौत और अनेक लोग घायल हो गए। यह बताता है कि हमारे देश में जन सुरक्षा को बिल्कुल महत्व नहीं दिया जाता है। इसी तरह रॉयल चौलेंजर द्वारा पहली बार आई.पी.एल. ट्राफी जीतने के बाद आयोजित समारोह में भीड़ में भगदड़ मच गई। पिछले वर्ष प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में मीडिया की खूब चकाचौंध रही जिसमें 50 करोड़ से अधिक लोग आए। इस मेले में हुई भगदड़ में 200 से अधिक लोग मारे गए और सैंकड़ों घायल हुए। उसके एक माह बाद नई दिल्ली के रेलवे स्टेशन पर भीड़ के चलते भगदड़ में 40 लोग मारे गए और अनेक घायल हुए किंतु दोनों ही घटनाओं को नजरंदाज कर दिया गया। यदि ऐसी घटनाओं को नजरंदाज किया जाता रहा तो फिर सुधारात्मक कदम कैसे उठाए जाएंगे? सड़क, रेल या हवाई दुर्घटना या भगदड़, किसी को भी ले लें, हर समय हर घटना के समय सुरक्षात्मक उपाय नहीं किए जाते हैं। इनके लिए कौन जवाबदेह होगा? प्रश्न उठता है कि क्या बाबुओं के पास स्वयं में सुधार करने का साहस है? क्या चयन का मानदंड क्षमता और सत्यनिष्ठा होगी या सिफारिश और संपर्क होंगे? यह सर्वविदित है कि जो सत्ता में उच्च पदों पर हैं सबसे पहले अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ देते हैं। उसके बाद राजनेताओं का नंबर आता है और ये दोनों मिलकर काम करते हैं। जिसके चलते भ्रष्टाचार और अव्यवस्था बढ़ती है।*

वर्ष 2026-27 का बजट पेश किया जा चुका है और सरकार ने सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 75 प्रतिशत रहने के लिए स्वयं को शाबाशी दी है किंतु एक प्रश्न अभी भी अनुत्तरित रह गया है कि क्या हम विश्व में आपदाग्रस्त देश बन गए हैं? ऐसा लगता है कि हम एक के बाद एक आपदा का सामना कर रहे हैं और इन आपदाओं में मरने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है परंतु समय पर निवारात्मक कदम उठाने के लिए हमारे अधिकारियों के कानों पर कभी भी जूं नहीं रेंगती है। हाल ही में कोलकाता के बाहरी हिस्से में एक गोदाम में अग्निकांड में 29 लोगों के मरने की खबर है तथा यह संख्या और बढ़ सकती है।

इस बात का पता लगाने की बजाय कि यह किसकी लापरवाही से हुआ या किसे रिश्वत दी गई, भाजपा और तृणमूल कांग्रेस जवाबदेही को नजरंदाज कर रहे हैं। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आरोप लगाया है कि यह किसका पैसा है और अब तक किसी की गिरफ्तारी क्यों नहीं हुई है? इस पर तृणमूल कांग्रेस ने उत्तर दिया है कि निजी गोदाम को नियंत्रित करना संभव नहीं है। यह समझा जा सकता है क्योंकि राज्य में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और सत्ता की लड़ाई चल रही है। इससे पूर्व दिसंबर में गोवा के नाइट क्लब में भयावह अग्रिकांड में 25 लोग मारे गए। बाद में पता चला कि इस नाइट क्लब का निर्माण अवैध ढंग से किया गया था और यह बिना लाइसेंस के चल रहा था। मैजिस्ट्रेट की जांच में सामने आया कि इसके निर्माण में गंभीर खामियां थीं और विभिन्न स्तरों पर अधिकारियों के साथ सांठ-गांठ थी किंतु किसी को जवाबदेह नहीं ठहराया गया और केवल नाइट क्लब के मालिकों को गिरफ्तार किया गया।

इससे पूर्व कोलकाता के एक अस्पताल में 89 लोग मारे गए। आशानुरूप अस्पताल का लाइसेंस रद्द किया गया और मुख्यमंत्री ने इस घटना के लिए कठोर दंड देने की घोषणा की तथा इसके मालिकों को गिरफ्तार किया गया किंतु अग्नि शमन उपायों के बारे में वह मौन रहीं। 'राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो' के आंकड़ों के अनुसार देश में प्रति वर्ष होने वाले डेढ़ लाख अग्निकांडों में 27,000 से अधिक लोग मारे जाते हैं। अग्निकांडों में 57 प्रतिशत से अधिक मौतें आवासीय क्षेत्रों में होती हैं और अक्सर ऐसी घटनाएं रात के समय होती हैं जब वहां रहने वाले लोग सो रहे होते हैं। इसके अलावा देश में प्रति वर्ष लाखों लोग दोषपूर्ण योजना निर्धारण के कारण काल के ग्रास बन जाते हैं।

सड़क दुर्घटनाओं में निरंतर वृद्धि हो रही है। गत वर्ष भारत में 4.73 लाख सड़क दुर्घटनाओं में 1.70 लाख मौतें हुई हैं। उदाहरण के लिए पिछले महीने की एक घटना को ही लें। दिल्ली में एक दंपति 8 घंटे तक अपनी कार में फंसे रहने के कारण मारे गए। किसी ने भी उनकी मदद नहीं की। यदि उन्हें समय पर अस्पताल पहुंचाया गया होता तो वे बच सकते थे। हैरानी की बात यह है कि पीड़ित और उनके परिवार को पहुंचने वाले मनोवैज्ञानिक आघात के बावजूद सरकार ने सड़क सुरक्षा के लिए कोई ठोस अभियान नहीं चलाया और यही स्थिति अग्निकांडों के बारे में है जिन्हें रोकने के लिए अखिल भारतीय स्तर पर कोई अभियान नहीं चलाया गया है।

इन दुर्घटनाओं में एक सामान्य-सा पैटर्न दिखाई देता है। दैनिक शासन-प्रशासन में कड़ाई पर ध्यान देने की बजाय वर्ष 2047 तक विकसित भारत के राजनीतिक दिखावे पर ध्यान दिया जा रहा है। भारत में सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में पिछले माह लोक स्वास्थ्य आपदा आई जहां सीवेज की लीकेज के कारण पेयजल दूषित हो जाने के चलते फैली बीमारी में अनेक लोग मारे गए और सैंकड़ों लोग बीमार हो गए पर इस बारे में भी केवल बातें ही की गई। सम्बन्धित अधिकारियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई और जल सुरक्षा निगरानी के किसी प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया गया।

सरकार के पास भीड़ प्रबंधन की भी व्यवस्था नहीं है। गत वर्ष सितंबर में तमिलनाडु में अभिनेता से राजनेता बने विजय की रैली में पुलिस के भीड़ प्रबंधन में नाकाम रहने से 45 लोगों की मौत और अनेक लोग घायल हो गए। यह बताता है कि हमारे देश में जन सुरक्षा को बिल्कुल महत्व नहीं दिया जाता है। इसी तरह रॉयल चौलेंजर द्वारा पहली बार आई.पी.एल. ट्राफी जीतने के बाद आयोजित समारोह में भीड़ में भगदड़ मच गई। पिछले वर्ष प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में मीडिया की खूब चकाचौंध रही जिसमें 50 करोड़ से अधिक लोग आए। इस मेले में हुई भगदड़ में 200 से अधिक लोग मारे गए और सैंकड़ों घायल हुए। उसके एक माह बाद नई दिल्ली के रेलवे स्टेशन पर भीड़ के चलते भगदड़ में 40 लोग मारे गए और अनेक घायल हुए किंतु दोनों ही घटनाओं को नजरंदाज कर दिया गया। यदि ऐसी घटनाओं को नजरंदाज किया जाता रहा तो फिर सुधारात्मक कदम कैसे उठाए जाएंगे? सड़क, रेल या हवाई दुर्घटना या भगदड़, किसी को भी ले लें, हर समय हर घटना के समय सुरक्षात्मक उपाय नहीं किए जाते हैं। इनके लिए कौन जवाबदेह होगा? प्रश्न उठता है कि क्या बाबुओं के पास स्वयं में सुधार करने का साहस है? क्या चयन का मानदंड क्षमता और सत्यनिष्ठा होगी या सिफारिश और संपर्क होंगे? यह सर्वविदित है कि जो सत्ता में उच्च पदों पर हैं सबसे पहले अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ देते हैं। उसके बाद राजनेताओं का नंबर आता है और ये दोनों मिलकर काम करते हैं। जिसके चलते भ्रष्टाचार और अव्यवस्था बढ़ती है।

आज हमारे राज्य 'समर्पित नौकरशाही' या पार्टियों से जुड़ी नौकरशाही के लिए कुख्यात हो गए हैं जिसके चलते राजनीतिक बदलाव पर नौकरशाहों के बड़े पैमाने पर स्थानांतरण किए जाते हैं। राज्य में सत्ता बदलने पर अनिवार्यतरू स्थानांतरण किए जाते हैं जिसके चलते अधिकतर अधिकारी कोई पहल नहीं करते हैं। वस्तुतः अधिकारियों की राजनीतिक पहचान आजकल इतनी स्पष्ट हो जाती है कि नौकरशाह भी भविष्यवाणी कर देते हैं कि किस पार्टी के सत्ता में आने पर किस नौकरशाह को शीर्ष पद मिलेगा।

सिविल सेवा एक संभ्रांत क्लब बन गया है जो अपने हितों की रक्षा करता है और सभी शीर्ष पदों पर कब्जा करते हैं। इसी के चलते इन नौकरशाहों ने विभिन्न समितियां आदि बना ली हैं और उनमें उच्च पद प्राप्त करते हैं और ये पद उन्हें किसी पार्टी को लाभ पहुंचाने के बदले में दिए जाते हैं। सही व्यक्ति को सही पद पर तैनात करने की बजाय हमारे नेता लोग गलत कारणों से गलत व्यक्ति को सही पद पर नियुक्त करते हैं जिससे ऐसी स्थिति बनती है जिसमें जाति, भ्रष्टाचार, राजनीतिक संपर्क आदि महत्वपूर्ण होते हैं और पदोन्नति में भी यही मानदंड अपनाए जाते हैं जिसके चलते प्रशासन कमजोर और स्वेच्छाचारी होता जा रहा है क्योंकि नौकरशाहों को अपने कर्त्तव्यों के निर्वहन के लिए न्यूनतम ज्ञान प्राप्त करने का समय भी नहीं मिल पाता।

निःसंदेह हम शासन के संकट का सामना कर रहे हैं। हमारी नौकरशाही का निर्माण मूलतः स्थिरता और नियंत्रण के लिए किया गया है न कि नागरिकों के प्रति जवाबदेही के लिए। इसके अलावा कार्य निष्पादन के दबाव के बिना रोजगार की सुरक्षा के चलते किसी अधिकारी को दंडित करना कठिन बन जाता है। इसके साथ ही विभागीय जांच में वर्षों लग जाते हैं और ये मामले वर्षों तक चलते हैं इसलिए जब तक इस पर निर्णय होता है तब तक संबंधित अधिकारी सेवानिवृत्त हो जाता है।

नौकरशाही में पदोन्नतियां कार्य निष्पादन पर आधारित होने की बजाय वरिष्ठता पर आधारित होती हैं। अतरू स्पष्ट है कि नौकरशाही को प्रशासनिक खामियों को दूर करने के लिए सामूहिक रूप से ठोस कदम उठाने के बारे में गंभीरता से विचार करना चाहिए। साथ ही व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए भी उपाय करने होंगे। इस संबंध में अमरीका की तरह जीरो टालरैंस सिद्धांत और सनसैट सिद्धांत का पालन करना चाहिए। इसके अंतर्गत सरकारी कार्यकलापों के औचित्य की हर समय समीक्षा की जाती है ताकि कोई गलत कदम न उठाया जा सके। यदि हमारे नौकरशाह स्वयं में बदलाव नहीं लाते हैं तो एक समय आएगा जब वे अप्रासंगिक बन जाएंगे। क्या नौकरशाह इस स्थिति से बाहर आकर कार्य करेंगे या वे अभी भी स्टील फ्रेम बने रहेंगे जिस पर शासन और जवाबदेही के अभाव में जंग लगता रहेगा।

विचार

# मोदी-ट्रंप का नया समझौता

*डॉ. अजीत रानाडे*

भारत और अमेरिका के बीच सोमवार रात को व्यापार समझौते की घोषणा हुई। इस समझौते का ऐलान भी ऑपरेशन सिंदूर के बीच युद्धविराम की घोषणा की तरह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ही किया। उसके बाद भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसकी सूचना देशवासियों को दी। इस बीच वाणिज्य और वित्त मंत्री क्या कर रहे थे, पता नहीं। बहरहाल, डोनाल्ड ट्रंप और नरेंद्र मोदी दोनों ने इस नए समझौते को अपनी-अपनी जीत बताया है। ट्रंप की पोस्ट में शुरुआती पंक्तियों में ही नरेन्द्र मोदी से दोस्ती की बात है और उनकी तारीफ की गई है, वहीं नरेन्द्र मोदी ने भी अपनी पोस्ट में फिर से ट्रंप को प्रिय मित्र बताया है। दो दोस्तों के बीच आपस में जो भी बात हो, किसी को फर्क नहीं पड़ना चाहिए। लेकिन जब करोड़ों देशवासियों के हितों का सवाल है, तो फिर फर्क पड़ता ही है।

टैरिफ कम करने को नरेन्द्र मोदी बड़ी जीत के तौर पर प्रस्तुत कर रहे हैं, मंगलवार सुबह ही जिस तरह एनडीए सांसदों ने श्री मोदी का अभिनंदन किया, उससे जाहिर है कि विपक्ष को जवाब देने के लिए यही गुणगान किया जाएगा। मोदी की तारीफ में यह भी कहा जा रहा है कि चंद दिनों के भीतर उन्होंने दो बड़े व्यापार समझौते किए, एक तो यूरोपीय यूनियन (ईयू) से मुक्त व्यापार समझौता और दूसरा ट्रंप से टैरिफ कम करवा लिया। हालांकि दोनों समझौतों में काफी फर्क है। ईयू को अमेरिका से छिटकने के कारण ही भारत की जरूरत पड़ी। क्योंकि ट्रंप यूरोप के देशों पर अनावश्यक धौंस दिखा रहे थे।

वहीं भारत को भी एक नए व्यापार साथी की तलाश थी। हालांकि ईयू से व्यापार समझौता कब तक जमीन पर उतरेगा और इसका क्या असर होगा, ये पता चलने में वक्त लगेगा। लेकिन अमेरिका से समझौते का तात्कालिक असर भारत पर पड़ेगा, क्योंकि इसमें न केवल अमेरिका बल्कि रूस, ईरान जैसे देशों से उसके रिश्तों पर असर पड़ेगा। ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिका अब 25 की जगह 18फीसदी टैरिफ लगाएगा, जबकि भारत शून्य टैरिफलगाएगा। इसके अलावा ट्रंप ने दावा किया कि भारत रूसी तेल नहीं खरीदेगा और 500 बिलियन डॉलर यानी करीब 45.47 लाख करोड़ का अमेरिकी सामान खरीदेगा।

जिस तरीके से ट्रंप ने यह बताया है कि भारत क्या करेगा और कैसे करेगा, उससे लगता है कि यह समझौता सिर्फव्यापार का नहीं, बल्कि दबाव, मजबूरी और रणनीतिक बदलाव के तहत किया गया है। वैसे तो नरेन्द्र मोदी देश को महत्वपूर्ण फैसलों के बारे में कभी खुलकर नहीं बताते हैं, लेकिन फिर भी उनसे पूछा जाना चाहिए कि क्या इस समझौते के पीछे एपस्टीन फाइल्स के खुलासे के कारण बना कोई दबाव है। क्योंकि इसमें नरेन्द्र मोदी, उनके मंत्री हरदीप पुरी और कारोबारी अनिल अंबानी का नाम आया है। इस बारे में मोदी की सफाई पेश करने के लिए तो विदेश मंत्रालय ने बयान दिया है कि अमेरिकी न्याय विभाग ने जो कुछ फाइल्स से खुलासा किया है, वो बेबुनियाद है। लेकिन हरदीप पुरी और अनिल अंबानी के विषय में खामोशी पसरी हुई है।

अगर इन दोनों के किसी भी तरह के संबंध जेफ्री एपस्टीन से थे, तो मोदी ने इन दोनों से खुद को पूरी तरह अलग करने का ऐलान क्यों नहीं किया। एक आशंका यह भी है कि क्या समझौते के पीछे अमेरिका की अदालत से गौतम अडानी को मिला समन है। मोदी सरकार इस समझौते को अपनी जीत बता रही है, तो फिर उसे साबित करना



चाहिए कि अगर भारत अमेरिका 45 लाख करोड़ रूपए का सामान खरीदेगा तो बदले में अमेरिका क्या उससे इतनी ही कीमत या इससे ज्यादा कीमत का सामान खरीदेगा क्या। अगर नहीं तो फिर यह जीत कैसी है। अमेरिका ने तो भारत पर अब 18 प्रतिशत टैरिफ की बात कही है, लेकिन भारत की तरफसे जो शून्य टैरिफलगेगा, उसमें भारत की जीत कैसे हुई। याद करें कि शपथ ग्रहण के बाद ही ट्रंप ने टैरिफ का राग छेड़ते हुए भारत के साथ व्यापार घाटे को बड़ा मुद्दा बनाया था और कहा था कि यह ठीक नहीं है। ट्रंप ने 25 प्रतिशत के टैरिफ के साथ ही पिछले साल अगस्त में रूसी तेल खरीदने के लिए दंड के रूप में अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ भारत पर लगाया था, क्या तब मोदी उन्हें महान नेता और प्रिय मित्र नहीं लग रहे थे। बता दें कि टैरिफ के दबाव से भारत के निर्यात में कमी आई थी, अगस्त 2025 में भारत का अमेरिका को निर्यात 6.86 अरब डॉलर था, जो अक्टूबर में घटकर 6.30 अरब डॉलर रह गया था। वहीं अमेरिका से आयात अगस्त में 3.60 अरब डॉलर था, जो अक्टूबर में बढ़कर 4.84 अरब डॉलर हो गया था। मतलब भारत लगातार घाटा सह रहा था और अब फिर से वही हालात बन रहे हैं।

ट्रंप ने रूस की जगह वेनेजुएला से तेल खरीद की जबरदस्ती भारत पर थोपी है। तो सवाल है कि मोदी ने भारत के सबसे परखे हुए, बरसों पुराने दोस्त रूस को दरकिनार कर के क्या ट्रंप के सामने पूरी तरह घुटने टेके हैं। वेनेजुएला से भारत अपनी शर्तों पर तेल खरीदता तो यह अलग बात होती, लेकिन निकोलस मादुरो अमेरिका की कैद में हैं और ऐसे में यह ऐलान एहसास कराता है कि ट्रंप भारत को भी अपनी कैद में करने का गुमान पाले हुए हैं। इस समझौते में ईरान का जिक्र नहीं है, लेकिन चाबहार परियोजना से पीछे हटना भी बता रहा है कि भारत की विदेश और अर्थ नीति अब ट्रंप की मेहरबानी पर आ टिकी है। इस समझौते की खतरनाक बात ये है कि कृषि क्षेत्र को अमेरिका के लिए खोला गया है।

अमेरिकी कृषि मंत्री ब्रूक रोलिंस ने कहा है कि अब अमेरिका के किसानों के उत्पाद भारत के बाजार में बिकेंगे। इससे अमेरिका के ग्रामीण इलाकों में पैसा आएगा। तो सवाल है कि भारत के ग्रामीण इलाकों के बारे में नरेन्द्र मोदी ने क्या सोचा है। पहले ही वीबी जीरामजी के कारण मजदूरी पर बड़ी चोट पड़ चुकी है। अब किसानों का भविष्य भी खतरे में दिख रहा है।

साहित्य



### पाक और चीन की यारी...!

**संजय एम तराणेकर**

*अब तो सुकून पा रहें होंगे पाक के हुक्मरान,*
*कहीं तो ऊंचा हो रहा हैं उनके देश का नाम।*
*पाँच सालों से गधों की संख्या बढ़ती जा रही,*
*भले महंगाई डायन अवाम का खून चूस रहीं।*

*पाक में इस समय 60 लाख से ज्यादा गधे हैं,*
*इस बढ़ोत्री से तो भई चीन के मज़े ही मज़े हैं।*
*इस्लामाबाद और बीज़िंग की ज़बरदस्त यारी,*
*गधों की सप्लाई से डॉलर कमाने की तैयारी।*

*चीन में गधों की डिमांड में वृद्धि आया मौका,*
*शहबाज ने बिना बॉल के लगा दिया है चौका।*
*चीनी खरीदारों ने अपनी नजरें खूब हैं जमाई,*
*अभी यहाँ कंगाली में दिख रहीं सिर्फ कमाई।*
*(संदर्भ-पाकिस्तान में गधों की आबादी पहुंची 60 लाख पार)*





## राशिफल

**मेषः-** भावुकतावश संबंधों में भावनात्मक शोषण की आशंका है। पूर्वाग्रह वश अपने निकटस्थ सम्बन्धों के बारे में गलत धारणा पालना ठीक नहीं।

**वृषभः-** व्यावसायिक संबंध प्रगाड़ होंगे। परिश्रम से आर्थिक लाभ के योग हैं। अत्यधिक भावुकता से भावनात्मक शोषण की भी आशंका है।

**मिथुनः-** किसी अचल सम्पत्ति क्रय हेतु प्रयत्न तीव्र। अपने भाग्य को कोसना छोड़ अपने समय का सकारात्मक दिशा में लगाएं। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि तो होगी परन्तु अभिमानी न बनें।

**कर्कः-** समाजिक मान-सम्मान व वर्चस्व में वृद्धि होगी। व्यावसायिक क्षेत्र के प्रतिभा में निखार आयेगा। आपके स्थितियों में आकस्मिक सुधार के आसार बन रहें। कल्पनाएं साकार होती नजर आएंगी।

**सिंहः-** नये कार्य में पूंजी निवेश हेतु धनाभाव अवरोधक होगा। आप में दूसरों को आकर्षित करने की अभूतपूर्व क्षमता है इसका भरपूर लाभ मिलेगा।

**कन्याः-** रोजगार के क्षेत्र में किये गये कर्म का फल सफलता का आगाज कर रहा है। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रमानुकूल सफलता प्राप्त होगी। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिन्तित होगा।

**तुलाः-** प्रणय सम्बन्ध में केन्द्रित मन प्रियतम से मिलने के लिऐ व्याकुल होगा। किसी खास मुद्दे को लेकर परिजनों के मतभेद का सामना करना पड़ेगा।

**वृश्चिकः-** अच्छे अवसरों का लाभ उठाने में सक्षम बनें। जीवन में नीरसता को कम करने के लिए मन को सकारात्मक दिशा दें। व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता से मन उत्साहित होगा।

**धनुः-** भावुकतावश किसी सम्बन्धी की बातें मन को कष्ट पहुचा सकती हैं। अपने अन्दर नए उर्जा की अनुभूति करेंगे। लेकिन बिगड़े हुए सम्बन्धों को सुधारने की चेष्ठा करें।

**मकरः-** उच्छृंखल व मजाकिया स्वभाव आस-पास के वातावरण में महत्ता तो बढ़ाएगा। रोजगार में अपनी स्थिति को लेकर मन में हीनता का वाश होगा। महत्वपूर्ण पारिवारिक दायित्वों के पूर्ति के आसार बनेंगे।

**कुंभः-** परिवार में किसी की अस्वस्थता से मन चिन्तित होगा। परिवारिक जिम्मेदारियां मन को बोझिल करेंगी। शिक्षा-प्रतियोगिता में प्रयत्न सार्थक होगा।

**मीनः-** सरल व मिलनसार स्वभाव से संबंधों में लोकप्रिय होंगे। भौतिक सुख-साधनों की लालसा में व्यय के योग हैं। जीविका क्षेत्र में परिश्रम सार्थक होगा।

# डिजिटल लत के साये में बचपन और भारत की अधूरी सोशल मीडिया सुरक्षा नीति



*अजय कुमार*

भारत एक ऐसे दौर से गुजर रहा है जहां बच्चों की दुनिया तेजी से बदल रही है। खिलौनों, मैदानों और दोस्तों की जगह मोबाइल स्क्रीन ने ले ली है। यह बदलाव अचानक नहीं आया, बल्कि धीरे-धीरे हमारी आंखों के सामने पनपा। गाजियाबाद की तीन नाबालिग बहनों और भोपाल के एक 14 साल के बच्चे की मौत ने इस सच्चाई को बेरहमी से उजागर कर दिया है कि डिजिटल दुनिया अब सिर्फ मनोरंजन नहीं रही, बल्कि कई मासूम जिंदगियों के लिए मानसिक जाल बन चुकी है।

ये घटनाएं कोई इत्तेफाक नहीं हैं, बल्कि उस सिस्टम का नतीजा हैं जहां बच्चों की सुरक्षा से ज्यादा अहमियत डिजिटल मुनाफे को दी जा रही है।भारत में इंटरनेट और स्मार्टफोन की पहुंच ने पिछले एक दशक में क्रांति ला दी। सरकारी और निजी रिपोर्टों के मुताबिक आज देश में 80 करोड़ से ज्यादा इंटरनेट यूजर हैं और इनमें करीब एक तिहाई बच्चे और किशोर हैं। एक औसत भारतीय बच्चा रोजाना 3 से 6 घंटे स्क्रीन पर बिता रहा है। कोरोना महामारी के दौरान यह समय और बढ़ा। ऑनलाइन पढ़ाई ने मोबाइल को बच्चों की जिंदगी का अनिवार्य हिस्सा बना दिया। लेकिन पढ़ाई खत्म होने के बाद वही मोबाइल गेमिंग, सोशल मीडिया और ऑनलाइन चैलेंज का प्रवेश द्वार बन गया। धीरे-धीरे बच्चों के लिए असली दुनिया उबाऊ और स्क्रीन के भीतर की दुनिया ज्यादा आकर्षक लगने लगी। ऑनलाइन गेमिंग का मनोविज्ञान बेहद जटिल है। कई गेम्स और टास्क-बेस्ड ऑनलाइन ट्रेंड इस तरह डिजाइन किए जाते हैं कि यूजर को लगातार अगला स्तर पूरा करने की बेचैनी बनी रहे। हर टास्क पूरा होने पर दिमाग में डोपामिन रिलीज होता है, जो खुशी और संतुष्टि का एहसास देता है। यही प्रक्रिया बार-बार दोहराई जाती है और लत बन जाती है। बच्चों का दिमाग, जो अभी विकास की अवस्था में होता है, इस प्रभाव को समझ नहीं पाता। वे यह फर्क नहीं कर पाते कि गेम का दबाव और असली जिंदगी की अहमियत क्या है। गाजियाबाद की तीनों बहनों के मामले में भी शुरुआती जांच यही संकेत देती है कि वे एक टास्क-बेस्ड ऑनलाइन गेम से भावनात्मक रूप से जुड़ चुकी थीं, जहां गेम पूरा करना ही उनका लक्ष्य बन गया था।समस्या सिर्फ गेमिंग तक सीमित नहीं है। सोशल मीडिया एल्गोरिदम भी इसी सिद्धांत पर काम करते हैं। रील्स, शॉर्ट वीडियो और लाइक-शेयर का सिस्टम बच्चों को लंबे समय तक स्क्रीन से बांधे रखता है। कंपनियों का मुनाफा यूजर के समय पर निर्भर करता है। जितना ज्यादा समय बच्चा स्क्रीन पर रहेगा, उतना ज्यादा डेटा, उतना ज्यादा विज्ञापन और उतनी ज्यादा कमाई। लेकिन इस दौड़ में बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य की कीमत कोई नहीं गिनता।

भारत में डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के लिए बच्चों की सुरक्षा को लेकर नियम तो हैं, लेकिन वे या तो अधूरे हैं या सख्ती से लागू नहीं होते। मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ मानते हैं कि डिजिटल एडिक्शन बच्चों में अकेलापन, चिड़चिड़ापन, नींद की कमी और अवसाद को बढ़ाता है। कई अध्ययनों में यह सामने आया है कि अत्यधिक स्क्रीन टाइम बच्चों के व्यवहार में आक्रामकता और सामाजिक दूरी पैदा करता है। बच्चे परिवार से कटने लगते हैं और ऑनलाइन दुनिया में मिले अनजान लोगों या कैरेक्टर्स से ज्यादा जुड़ाव महसूस करने लगते हैं। यही स्थिति उन्हें आसानी से मैनिपुलेट होने के खतरे में डाल देती है।

ब्लू व्हेल, मोमो चैलेंज या अन्य टास्क-बेस्ड ट्रेंड इसी मानसिक कमजोरी का फायदा उठाते हैं।दुनिया के कई देशों ने इस खतरे को गंभीरता से लिया है। चीन ने बच्चों के लिए ऑनलाइन गेमिंग पर सख्त समय सीमा तय की है। वहां 18 साल से कम उम्र के बच्चे तय घंटों से ज्यादा गेम नहीं खेल सकते। दक्षिण कोरिया ने भी रात के समय बच्चों के गेमिंग पर रोक जैसे नियम लागू किए। यूरोप के कई देशों में सोशल मीडिया कंपनियों को बच्चों के डेटा और मानसिक सुरक्षा के लिए जवाबदेह ठहराया गया है। वहां उम्र सत्यापन, कंटेंट फिल्टर और पैरेंटल कंट्रोल को अनिवार्य बनाया गया है। इसके उलट भारत में ऑनलाइन गेमिंग और सोशल मीडिया तेजी से बढ़ रहे हैं, लेकिन बच्चों की सुरक्षा के लिए ठोस और स्पष्ट नीति अब भी अधूरी है।

माता-पिता की भूमिका भी इस संकट में अहम है, लेकिन उन्हें पूरी तरह दोषी ठहराना सही नहीं होगा। बदलती तकनीक की रफ्तार के साथ पैरेंट्स खुद जूझ रहे हैं। कई बार वे बच्चों की ऑनलाइन भाषा, गेम्स या प्लेटफॉर्म्स को समझ ही नहीं पाते। जब समस्या नजर आती है, तब तक हालात बिगड़ चुके होते हैं। डांट, मोबाइल छीनना या सख्ती अक्सर बच्चों को और ज्यादा दूर धकेल देती है। विशेषज्ञ मानते हैं कि संवाद, भरोसा और भावनात्मक जुड़ाव ही इसका सबसे बड़ा समाधान है। बच्चों को यह महसूस होना चाहिए कि वे अपनी उलझनें परिवार के साथ साझा कर सकते हैं।यह सवाल अब टालने लायक नहीं रहा कि क्या भारत को भी बच्चों के लिए सख्त सोशल मीडिया और गेमिंग नीति की जरूरत है। क्या उम्र सत्यापन को मजबूत नहीं किया जाना चाहिए। क्या कंपनियों को यह जिम्मेदारी नहीं लेनी चाहिए कि उनके प्लेटफॉर्म बच्चों के लिए सुरक्षित हों। जब दूसरे देश यह कर सकते हैं, तो भारत क्यों नहीं। डिजिटल दुनिया से बच्चों को पूरी तरह दूर करना संभव नहीं है, लेकिन उन्हें बिना सुरक्षा के छोड़ देना भी एक तरह की लापरवाही है।गाजियाबाद और भोपाल की घटनाएं हमें यह याद दिलाती हैं कि तकनीक जितनी ताकतवर है, उतनी ही खतरनाक भी हो सकती है, अगर उसका इस्तेमाल बिना संतुलन के हो। यह सिर्फ एक परिवार या एक शहर की कहानी नहीं है। यह पूरे समाज के लिए चेतावनी है। अगर अब भी नीति, समाज और परिवार एक साथ नहीं आए, तो आने वाले समय में ऐसी घटनाएं और बढ़ सकती हैं। तब हमारे पास अफसोस के अलावा कुछ नहीं बचेगा। बच्चों का भविष्य डिजिटल बाजार के हवाले करना सबसे बड़ा जोखिम है, जिसे अब और नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

*लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।*

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### बाल विवाह रोकथाम हेतु दिलाई गई शपथ



**कुलपहाड़, महोबा।** निदेशक महिला कल्याण एवं जिला अधिकारी के आदेशानुसार एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी के कुशल मार्गदर्शन में 27 नवंबर 2025 से 8 मार्च 2026 तक सौ दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के चलाया जा रहा है इसी के तहत नगर पंचायत कुलपहाड़ में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें महिला कल्याण विभाग के संरक्षण अधिकारी श्याम बाबू विश्वकर्मा, जेंडर स्पेशलिस्ट रुचि द्विवेदी तथा परामर्श दाता सीमा यादव ने बाल विवाह की रोकथाम हेतु सामूहिक रूप से चर्चा संवाद, हस्ताक्षर अभियान तथा सामूहिक रूप से शपथ ग्रहण कराई गई। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में बाल विवाह जैसी कुरुतियों को जड़ से समाप्त करना है इस मौके पर अवधेश, बाबू नंदकिशोर, शिवम, कृपाल सिंह, संतोष कुमार सफाई नायक, नीरज सफाई नायक, संजय नामदेव, जुबेर, लालदीमान, दीपू, राकेश आदि लोगों द्वारा उपस्थित रहकर जानकारी प्राप्त कर शपथ ग्रहण की।

### गांव की आधी-आबादी को अभी तक नहीं मिला हर घर जल योजना का लाभ



**कुलपहाड़/महोबा।** जिले में बीते दिनों राजनीतिक एवं प्रशासनिक हलचल उस समय तेज तर्रार हो गई, जब जल जीवन मिशन को लेकर कैबिनेट मंत्री और भाजपा विधायक के बीच टकराव की खबरें सामने आई थीं। जल जीवन मिशन का मुख्य उद्देश्य 2024 तक भारत के सभी ग्रामीण परिवारों के घरों में व्यक्तिगत नल कनेक्शन के माध्यम से प्रतिदिन सुरक्षित और पर्याप्त पेयजल (हर घर जल) उपलब्ध कराना है। हर घर तक पानी पहुंचाने से महिलाओं को दूर दराज के कुओं व हैंडपंपों से पानी ढोने की समस्या से राहत दिलाना एवं आम जनमानस के जीवन को आसान बनाना है। जनपद का मुढ़ारी गांव ऐसा रहा है, जो पानी की समस्या को लेकर हमेशा सुर्खियों में बना रहा है। ग्रामवासी देवेंद्र राठौर, सुजीत राजपूत, दिलीप सेन, रोहित तिवारी, राहुल मिश्रा, ब्रजेश नामायच, जैनेन्द्र राजपूत, गोविंद तिवारी, विजयकान्त पुरोहित, दिनेश कुशवाहा, प्रेमनारायण नामदेव, मनोज रैकवार, नीरज अहिरवार आदि का कहना है कि अगर जल जीवन मिशन की बदहाली का मुद्दा न उठता, तो गांव की स्थिति आज भी ज्यों की त्यों बनी रहती। जल जीवन मिशन योजना की धरातल पर सच्चाई भी ठीक वैसे ही साबित होती दिख रही है, लोगों का कहना है कि ज्यादातर लोगों के घरों में वर्षों पहले दिए गए नल कनेक्शन से आज भी पानी की एक बूंद नहीं टपकी है। आज भी कई घरों में शोपीस बने नीले पाईप घरों की शोभा बढ़ा रहे हैं। गांव में पाईप लाइन के लिए खोदी गई सड़क की मरम्मत न होने से स्थानीय ग्रामीणों को कीचड़ से होकर गुजरने को मजबूर होना पड़ रहा है। कई जगह पाइपलाइन लीकेज होने से दलदल जैसी स्थिति बनी हुई है। जबकि गांव की कुछ गलियों में अभी भी 40 प्रतिशत से अधिक रास्तों पर पाइप लाइन नहीं डाली गई। और जहां डाली भी गई है, तो वहां आज तक पानी नहीं पहुंच सका। अधिकांश मोहल्ले इस योजना से अभी भी अछूते बने हुए हैं। ठेकेदार को बार-बार सूचित करने के बावजूद भी पाइप लाइन नहीं जोड़ी जा रही है। और जहां पानी की आपूर्ति हो भी रही है, तो वहां कीचड़ युक्त पानी की सप्लाई की जा रही है। जिससे लोगों को बीमार होने का खतरा मंडरा रहा है।

### पुलिस ने शांति भंग में किया गिरफ्तार

**कुरारा, हमीरपुर।** कस्बा कुरारा निवासी रामशंकर पुत्र शिवकुमार व ललपुरा थाना क्षेत्र के मोरा कांदर गांव निवासी रामबाबू पुत्र देवराज को शांति भंग करने के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज किया है। दोनों का चालान किया गया है।

### शवे बरात के दिन सूरक्षा व्यवस्था को देखते प्रशासन



**मौदहा हमीरपुर।** इस्लामी त्योहार शबे बरात के दिन सुरक्षा के दृष्टिगत रात भर प्रशासन कब्रिस्तान में जगह–जगह व्यवस्थाओं का जायजा लेता रहा और शांतिपूर्ण ढंग से शबे बरात का त्योहार संपन्न हुआ शबे बरात के दिन मुस्लिम समुदाय के लोग अपने पूर्वजों को जन्नत प्राप्त के लिए मान्यताएं करते हैं और उनकी मजारों व कब्रिस्तान में पहुंचकर साफ सफाई एवं चादरपोशी कर अल्लाह पाक से जन्नत नसीब होने की दुआएं मांगते हैं जिसको दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी राजकुमार पांडे, कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार सिंह, अभिषेक त्रिवेदी,विनेश गौतम, सहित भारी पुलिस बल कस्बे के कब्रिस्तान में गस्त करता हुआ नजर आया।

### हमीरपुर के सुपर स्टार जय विजय सचान ने रक्तदान कर बचाई हरीशंकर की जान



**हमीरपुर।** जिला अस्पताल में भर्ती सहंजना निवासी जहोरी के पुत्र हरीशंकर को खून की जरूरत पड़ने पर बुंदेलखंड रक्तदान समिति के सदस्य जय विजय सचान जी ने O+ पॉजिटिव 1 यूनिट रक्तदान करके बचाई जान। बुंदेलखण्ड रक्तदान समिति रक्तदानी महादानी का दिल से आभार व्यक्त करती है जुनून है रक्तदान महादान।

### शौच को गई महिला के साथ पीआरडी जवान ने की छेड़खानी, रिपोर्ट दर्ज

**खढेही लोधन बिवांर।** खेत में सुबह शौंच क्रिया करने के लिए जा रही महिला को बुरी नीयत के साथ गांव के युवक ने दबोच कर जमीन में गिराकर छेड़खानी की। महिला ने युवक के खिलाफ छेड़खानी रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने महिला का डाक्टरी परीक्षण कराकर उपचार कराया है। थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी 35 वर्षीय महिला घर से खेत में शौच क्रिया करने के लिए सुबह 6 :30 बजे करीब अकेले जा रही थी। तभी पीछे से गांव का पीआरडी जवान रामकिशोर पुत्र रामसनेही यादव आ गया। महिला को अकेली देखकर बुरी नीयत से उसे दबोच कर जमीन में गिराकर छेड़खानी करने लगा। महिला के विरोध के करने पर युवक ने अभद्रता कर मारपीट की। शोर सुनकर शौच क्रिया करने आ रहे गांव के महिला पुरुषों ने ललकारा तो आरोपी महिला को जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। एसआई मोहम्मद सुल्तान ने बताया कि महिला की तहरीर पर युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। युवक पीआरडी का जवान है।

### वृंदावन धाम के लिए पैदल और दंडवत करते निकले भक्त

**कुरारा, हमीरपुर।** हमीरपुर के मौदहा क्षेत्र के मकरांव गांव निवासी भक्त वृंदावन धाम के लिए पैदल यात्रा पर निकले है। तथा एक भक्त दंडवत यात्रा कर रहा है। आज यह कुरारा क्षेत्र में रात्रि विश्राम कर सुबह आगे की यात्रा पर जाएंगे।मकरांव गांव निवासी बृजेश यादव ने बताया कि वृंदावन धाम के लिए एक फरवरी से गांव से दंडवत यात्रा की शुरुवात की थी। उसने बताया कि स्वामी प्रेमानंद की प्रेरणा से दंडवत यात्रा काशुभारम्भ किया है। उसने बताया कि एक दिन में दस किलोमीटर की यात्रा कर लेते है। इस यात्रा में लगभग तीन माह का समय लग जाएगा। इसके साथ में सुदेश यादव, दीपक कुशवाहा,संदीप राणा, सत्यम कुशवाहा भी पैदल यात्रा कर रहे है।

### विश्व कैंसर दिवस का जन जागरूकता एवं स्कीन कैम्प आयोजित

**हमीरपुर।** एनपी एनसीडी कार्यकम के अर्न्तगत विश्व कैंसर दिवस का जन जागरूकता एवं स्क्रीनिंग कैम्प का आयोजन जिला पुरुष चिकित्सालय में किया गया। इस कार्यकम के अन्तर्गत इस वर्ष थीम यूनाइटेड बाई यूनिक पर है। इस थीम का उददेश्ये कैंसर से प्रभावित प्रत्येक व्यंक्ति की अलग– अलग यात्रा, जरूरतो एवं अनुभवों को अपनाना एवं जोड़ना है। शिविर में विभिन्न प्रकार के कैंसर जैसे मुँख का कैंसर, स्तन कैंसर, बच्चे दानी का कैंसर के लक्षण व बचाव के बारे में बताया गया और 38 मरीजो की स्क्रीनिंग की गयी है नोडल अधिकारी डॉ. पुष्पेन्द्र कुमार उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ. आरएस प्रजापित, डॉ. परमेन्द्र, डॉ. आयुष, डॉ. मोहित सिंह राजेन्द कुमार यादव जिला मलेरिया डॉ. नीता एवं कंचन प्रभा स्टॉफ नर्स एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बाल मंदिर में सीनियरों को जूनियर छात्रों ने दी विदाई

**राठ, हमीरपुर।** कस्बे के सरस्वती बाल मंदिर इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट के छात्रों का विदाई समारोह हुआ। इस दौरान कक्षा 11 के छात्रों ने अपने सीनियरों को भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिमांशु तिवारी पुरातन छात्र एनआईटी तमिलनाडु ने कहा कि जीवन में आत्म समर्पण और कठिन परिश्रम से बडे से बडा लक्ष्य हासिल कर सकते हैं। लक्ष्य हासिल करने के लिए लक्ष्य निर्धारित करें। तभी सफलता मिलेगी। विदाई समारोह के दौरान 12वीं के छात्रों को पेन, डायरी देकर सम्मानित किया गया। संगीताचार्य महेंद्र सिंह सोमवंशी ने विदाई गीत प्रस्तुत कर भावुक कर दिया। इस मौके पर प्रबंधक श्याम सुंदर मुखिया, पूर्व प्रधानाचार्य हरिनारायण नगाइच, प्रधानाचार्य अखिलेश तिवारी समेत टीचर मौजूद रहे।

# आमजन की सुरक्षा, न्याय एवं सेवा में समर्पित जनपद पुलिसः पुलिस अधीक्षक

**पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कार्यालय में फरियादियों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए**



**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों की समस्याओं के निस्तारण एवं त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित की गयी। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए प्रत्येक फरियादी को निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण समाधान का आश्वासन दिया गया। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से किया जाए ताकि आमजन का पुलिस पर विश्वास और अधिक मजबूत हो। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिलाओं को सशक्त बनाने एवं उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान किये जाने के उद्देश्य से उपस्थित महिला फरियादियों से संवाद कर उनको जागरूक करते हुए महिलाओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों एवं शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई तथा उन्हें निडर होकर अपनी बात रखने हेतु प्रेरित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनपद महोबा पुलिस आमजन की सुरक्षा, न्याय एवं सेवा के लिए पूर्णतः समर्पित है।

## अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश तिथि 15 फरवरी तक बढ़ाई गई

**शैक्षणिक सत्र 2026-27 प्रवेश परीक्षा 8 मार्च 2026 रविवार को राजकीय इण्टर कालेज महोबा में सम्पन्न करायीं जायगी**

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

उ.प्र. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा अटल आवासीय विद्यालय, ग्राम अछरौड़, ब्लॉक बड़ोखर खुर्द जनपद बांदा में संचालित है। उ.प्र. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों, कोविड-19 की महामारी के दौरान अनाथ हुये बच्चों एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के अन्तर्गत पात्र बच्चों के अटल आवासीय विद्यालय शैक्षणिक सत्र 2026-27 में प्रवेश हेतु कक्षा 06 के लिये कुल 160 एवं कक्षा 09 के लिये कुल 62 उम्मीदवारों के प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन पत्र आमान्त्रित किये गये है। प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथी 31 जनवरी 2026 निर्धारित की गयी थी। मुख्य विकास अधिकारी की विज्ञप्ति के अनुसार महानिदेशक, अटल आवासीय विद्यालय, उ.प्र. के पत्र संख्या 654-6 एवीएस- (2248-बी)-2026 दिनांक 30 जनवरी 2026 द्वारा अटल आवासीय विद्यालय शैक्षणिक सत्र 2026-27 में प्रवेश हेतु आवेदन ऑनलाइन करने/जमा करने की अन्तिम तिथि 31 जनवरी 2026 से बढ़ाकर 15 फरवरी 2026 तक विस्तारित की गयी है। उ.प्र. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिक जो दिनांक 30 नवम्बर 2025 को बोर्ड की 03 वर्ष सदस्यता अवधि पूर्ण कर चुके है से अनुरोध है कि कक्षा 06 एवं कक्षा 09 में शैक्षणिक सत्र 2026-27 प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन ऑनलाइन कराकर आवश्यक अभिलेख संलग्न कर कार्यालय श्रम प्रवर्तन अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला प्रोबेशन कार्यालय, महोबा में शासन द्वारा नियत अन्तिम तिथी दिनांक 15 फरवरी 2026 को सांय 05:00 बजे तक जमा कराना सुनिश्चित करें। आवेदन जमा करने की अन्तिम तिथी 15 फरवरी 2026 के पश्चात् आवेदन पत्र पर विचार नही किया जायेगा। शैक्षणिक सत्र 2026-27 प्रवेश परीक्षा दिनांक 08 मार्च 2026 दिन रविवार परीक्षा केन्द्र मुकुन्दलाल तिवारी राजकीय इण्टर कॉलेज, राठ रोड़ महोबा में सम्पन्न करायी जायेगी। उक्त प्रवेश परीक्षा हेतु पात्र छात्र/छात्रों के प्रवेश पत्र दिनांक 26 फरवरी 2026 से कार्यालय श्रम प्रवर्तन अधिकारी, महोबा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला प्रोबेशन कार्यालय से प्राप्त किये जा सकेगें। अटल आवासीय विद्यालय में कक्षा 06 एवं कक्षा 09 में प्रवेश प्रवेश परीक्षा की मेरिट के आधार पर किया जायेगा। उन्होंने कहा कि आवेदन हेतु किसी प्रकार की सहायता एवं जानकारी हेतु मोबाइल नम्बर 8707330408 एवं जनपद के श्रम कार्यालय में जाकर कर सम्पर्क कर सकते है।

### हिंद एंजिल्स स्कूल बना जिले का पहला एआई सर्टिफाइड स्कूल

**राठ, हमीरपुर।** कस्बे के हिंद एंजिल्स स्कूल को जिले का पहला एआई सर्टिफाइड स्कूल का सर्टिफिकेट मिलने से खुशी छा गई बता दें के हिंद एंजिल्स में पिछले दो सप्ताह से एआई ट्रेनिंग चलती रही। ट्रेनिंग के दौरान स्कूल के सभी शिक्षकों ने भाग लिया। ट्रेनिंग के दौरान टीचरों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस क्षेत्र में योग्यता हासिल की। ट्रेनिंग के दौरान टीचरों को गूगल जैमेनाई एप में प्राम्प्ट डालना, टेस्ट पेपर बनाने, एआई फोटो बनाने, इक्सेल सीट इत्यादि के बारे में जानकारी दी गई। यह विशेष ट्रेनिंग जीओ फाउंडेशन टीम के एरिया बिजनेस हेड जीओ ज्ञान सिंह एवं सीओ सेंटर मैनेजर पंकज मिश्रा के द्वारा दी गई। टीम द्वारा स्कूल को सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। इस मौके पर स्कूल के डायरेक्टर स्वदेश राजपूत, प्रधानाचार्य अली बक्स ने कहा कि इस कार्य से विद्यालय में नई गति आयेगी एवं छात्रों को बहुत कुछ सीखने को मिलेगा।

## स्पेल कार्यक्रम के तृतीय चरण में छात्र-छात्राओं को पुलिस सुरक्षा व्यवस्था दी जानकारी

**भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा अपर पुलिस महानिदेशक के निर्देशानुसार नगर कोतवाली में आयोजित किया कार्यक्रम**



**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा अपर पुलिस महानिदेशक, नियम एवं ग्रन्थ, उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार संचालित स्टूडेंट पुलिस एक्सपेरीनटियल लर्निंग कार्यक्रम के तृतीय चरण के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के आदेशानुसार थाना कोतवाली नगर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम अपर पुलिस अधीकक्षक श्रीमती वन्दना सिंह तथा क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार सिंह (कार्यक्रम नोडल अधिकारी) के निकट पर्यवेक्षण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागी छात्र/छात्राओं को स्पेल कार्यक्रम के उद्देश्य, पुलिस प्रबंधन, पुलिस व्यवस्था, पुलिस विभाग की संरचना, पदेन कर्तव्य, तथा महिला हेल्प डेस्क की स्थापना एवं कार्यप्रणाली के विषय में विस्तृत एवं व्यवहारिक जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर महिला थानाध्यक्ष श्रीमती निकिता शुक्ला द्वारा छात्र/छात्राओं को सरल एवं प्रभावी तरीके से पुलिस कार्यप्रणाली, महिला सुरक्षा से जुड़े प्रावधानों एवं पुलिस की जनसेवा भूमिका के बारे में अवगत कराया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को पुलिस विभाग की कार्यशैली से परिचित कराना, उनमें कानून के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा पुलिस-जन सहयोग को सुदृढ़ करना रहा, जिसे प्रतिभागियों द्वारा उत्साहपूर्वक सराहा गया।

## हाईवे में लग रही थोक की फल मंडी हादसे का खतरा बढ़ा

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



कस्बे में सुबह लगने वाली थोक की फल मंडी जगह के अभाव में हाईवे के ऊपर लग रही है। इससे यहां हमेशा खतरे का अंदेशा मंडराता रहता है। शिकायत के बाद नगर पंचायत हाईवे से फल मंडी हटाने में नाकामयाब है कस्बे के प्रतिदिन तड़के फल की थोक मंडी थाने की ठीक बगल में हाईवे के ऊपर लगती है। फलों की ज्यादातर गाड़ियां बाहर से आती हैं और यह हाईवे पर खड़े होकर फल उतारती है। इसके बाद फल खरीदने वाले व्यापारी भी वाहन लगाकर हाईवे पर खड़ा करते हैं। इससे हमेशा हादसे का खतरा मंडराता रहता है कई मर्तबा हादसा होते-होते बचा है। कस्बे के निवासी सोनू गुप्ता, शिवम गुप्ता आदि ने बताया कि वह कई बार नगर पंचायत जाकर शिकायत कर चुके हैं। लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ है। नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी दिनेश चंद्र आर्य ने कहा कि फल मंडी हाईवे पर लग रही है। हाईवे राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की संपत्ति है। इसको एन एच आई की टीम ही हटवा सकती है। उनके कार्य क्षेत्र से यह बाहर है।

## विकसित भारत को साकार करने वाला है बजटः संजीव श्रंगश्रषि

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में भारत सरकार द्वारा प्रस्तुत आम बजट को लेकर एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा महोबा के जिला प्रभारी संजीव श्रंगऋषि उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि संजीव श्रंगऋषि ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत यह बजट विकसित भारत के संकल्प को साकार करने वाला बजट है। उन्होंने बताया कि इस बजट में महिलाओं, किसानों, युवाओं और गरीब वर्ग को विशेष प्राथमिकता दी गई है। प्रत्येक जिला मुख्यालय पर महिला हॉस्टल निर्माण, महिलाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। साथ ही किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से नारियल, काजू जैसी नकदी फसलों को बढ़ावा देने के लिए विशेष योजनाएं एवं सुविधाएं प्रदान की गई हैं। श्रंगऋषि ने यह भी बताया कि बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत ढांचे (इंफ्रास्ट्रक्चर) और रोजगार सृजन पर विशेष ध्यान दिया गया है। प्रत्येक जिला अस्पताल की क्षमता 50 प्रतिशत तक बढ़ाने का प्रावधान कर स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ किया गया है। सदर विधायक राकेश गोस्वामी जी ने कहा कि यह बजट गरीब, मजदूर, किसान और युवाओं के हितों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने, कौशल विकास को बढ़ावा देने और नए रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए इस बजट में ठोस प्रावधान किए गए हैं। विधान परिषद सदस्य जितेंद्र सिंह सेंगर ने कहा कि बजट में स्वास्थ्य एवं सामाजिक कल्याण योजनाओं को मजबूती दी गई है, जिससे अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचेगा। जिला अध्यक्ष मोहनलाल कुशवाहा ने कहा कि यह बजट छोटे उद्योगों, स्टार्टअप्स और उद्यमियों के लिए बेहद लाभकारी है। उद्योग जगत को प्रोत्साहन देने से स्थानीय स्तर पर रोजगार बढ़ेगा और आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी। प्रेस वार्ता में उपस्थित सभी नेताओं ने एकमत से कहा कि यह बजट देश के सर्वांगीण विकास, आत्मनिर्भर भारत और मजबूत अर्थव्यवस्था की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

### अलग-अलग सड़क दुघर्टना में मां बेटे सहित चार लोग घायल

**मौदहा, हमीरपुर।** क्षेत्र में हुई अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में मां-बेटे सहित चार लोग घायल, सभी घायलों को लहू लुहान हालत में राहगीरों की मदद से कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहाँ प्राथमिक इलाज के उपरांत हालत में सुधार न होने पर डाक्टरों ने सभी घायलों को सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार के दिन दोपहर बाद मरौली डेरा निवासी संतोष 25 वर्ष पुत्र रामकिशोर बाइक में सवार होकर अपनी मां बृजरानी 50 वर्ष पत्नी रामकिशोर को बैठा कर मौदहा की ओर जा रहा था तभी कपसा मार्ग सीजनौड़ा के पास बाइक का संतुलन बिगड़ जाने से बाइक सहित सड़क पर गिर गंभीर रुप से घायल हो गए दोनों घायलों को लहू लुहान हालत में राहगीरों की मदद से कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया दूसरी घटना भवानी गांव निवासी बउरा बाइक में सवार होकर गहबरा चौकी की ओर जा रहा था तभी गहबरा गांव के निकट फूलों की बगिया के पास सामने से बाइक सवार रामकिशोर की आमने-सामने जोरदार भिडंत हो गई दोनों घायलों को कस्बे के सरकारी अस्पताल भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर हालत में सुधार न होने पर डाक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## बीएलओ द्वारा 18 वर्ष पूर्ण कर चुके नागरिकों का नाम मतदाता सूची में शामिल करने में लगे

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (2026) उत्तर प्रदेश के अन्तर्गत प्रत्येक कार्य दिवस में बी एल ओ को समय 10 बजे से 12 बजे तक दावा आपत्ति आदि का कार्य रहमानिया इंटर कॉलेज में किया गया। इस कार्य में 18 वर्ष पूर्ण कर चुके नागरिकों का नाम मतदाता सूची में अंकित करना नाम में संशोधन करना आदि कार्य का सफल आयोजन किया गया और 18 वर्ष पूर्ण कर चुके नागरिकों को वोट के प्रति जागरूक करना और अधिक से अधिक नए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ना रहा । इस अवसर पर नाजरा खान बूथ अध्यक्ष निजामपुरा बीएलओ फखरुद्दीन बी एल ओ नितिन गुप्ता बीएलओ अमित कुमार बीएलओ जितेंद्र बीएलओ अश्विनी बीएलओ सौरभ कौशल बीएलओ मोहम्मद साजिद बी एल ओ शकील अहमद उपस्थित रहे।

## किशोरी से छेड़खानी में तीन वर्ष की कैद व जुर्माना

**हमीरपुर।** बकरी चराने गई किशोरी के साथ गांव के युवक ने छेड़खानी की थी। पीड़िता के पिता की तहरीर पर छेड़खानी व दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज हुआ था। विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) कीर्ति माला सिंह ने आरोपी को तीन वर्ष का कठोर कारावास व 8 हजार अर्थदंड की सजा सुनाई विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो रुद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मौदहा कोतवाली के एक गांव के ग्रामीण ने तहरीर देकर बताया कि 6 जुलाई 2017 को उसकी तेरह वर्षीय पुत्री बकरी चराने खेत गई थी। जहां शाम 5 बजे गांव के रफीक पुत्र गामा उर्फ जमील अहमद ने उसकी पुत्री को बुरी नीयत से पटककर उसके साथ छेड़खानी करने लगा। पुत्री के शोर मचाने पर आरोपी पुत्री को छोड़कर भाग निकला। पुत्री ने घर आकर पूरी घटना अपनी मां को बताई। शाम को मजदूरी करके लौटने पर पत्नी ने घटना की जानकारी दी। जिसके बाद वह पुत्री को लेकर मौदहा कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी। कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छेड़खानी व दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर आरोप पत्र प्रस्तुत किया।

## एनजीटी टीम के सदस्यों ने देखी गायत्री गंगा की दुर्दशा

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



बुधवार को एनजीटी की दो सदस्यीय टीम ने प्रशासनिक अमले के साथ कस्बे से गुजरी गायत्री गंगा के अतिक्रमण एवं प्रदूषण का अवलोकन किया। इसके बाद टीम चंद्रावल नदी देखने के लिए मौदहा के लिए रवाना हो गई। कस्बे के समाजसेवी राजेश शिवहरे ने कस्बे से गुजरी गायत्री गंगा के अतिक्रमण एवं प्रदूषण को लेकर एनजीटी में याचिका दायर की थी। जिसमें उन्होंने नदी को अतिक्रमण एवं प्रदूषण से मुक्त करने की मांग की है। एनजीटी ने सुनवाई करते हुए दो सदस्यीय टीम को भेज कर स्थल का निरीक्षण कर रिपोर्ट तलब की है।इसी को लेकर बुधवार को एनजीटी के सदस्य हरीश कुमार महावर एवं डॉ. कीर्ति वर्मा ने कस्बे से गुजरी गायत्री गंगा को का अवलोकन करके रिपोर्ट तैयार की है। मीडिया से बातचीत के दौरान एनजीटी के सदस्य हरीश कुमार महावर ने कहा कि गायत्री गंगा प्रदूषण एवं अतिक्रमण की शिकार है। रिपोर्ट जल्द दाखिल कर दी जाएगी। निरीक्षण के दौरान नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी दिनेश चंद्र आर्य, बीडीओ आशीष कटियार के अलावा वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। इसके बाद टीम हाल में पुनरुद्धार की गई चंद्रावल नदी के अवलोकन के लिए मौदहा के लिए रवाना हो गई। याचिकाकर्ता राजेश शिवहरे ने बताया कि टीम एवं अधिकारियों ने उन्हें मौके पर नहीं बुलाया है। जिससे वह अपना पक्ष नहीं रख पाए है। अब अगली सुनवाई नौ मार्च को होनी है। जिसमें वह अपना पक्ष ट्रिब्यूनल में जाकर रखेंगे।

### कस्बे सहित क्षेत्र में सक्रिय भूमाफिया

मौदहा। तीन साल से कस्बे सहित क्षेत्र में भूमाफिया का साम्राज्य स्थापित हो गया है जो राजस्व विभाग के जिम्मेदारों की मिलीभगत से कृषि भूमि को बिना अकृषि घोषित कराए प्लाटिंग कर सरकार को हर साल करोडों के राजस्व का चूना लगा रहे हैं।

**समन विनावर/गजट इनाफ साल मुकदमा**
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
**व अदालत उपजिलाधिकारी कायमगंज जनपद फर्रुखाबाद**
वाद संख्या-8714 -2025 धारा- 210 उ0प्र0 भू0 राजस्व अधिनियम 1901
ग्राम कटिया परगना कम्पिल
तहसील कायमगंज
1- मजहरुल इस्लाम खां पुत्र स्व0 मु0 सलाम खां नि0 कटिया तहसील कायमगंज जिला फर्रुखाबाद
**बनाम**
1-श्रीमती सलमा बेगम पत्नी स्व0 मुशीरूल इस्लाम खां निवासी कटिया परगना कम्पिल तहसील कायमगंज जिला फर्रुखाबाद
2-गाँव सभा कटिया परगना कम्पिल तहसील कायमगंज जनपद फर्रुखाबाद
ने आपके नाम एक नालिस बावत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है आप बतारीख 09 माह-02-सन् 2026 ई व वक्त 11-00 बजे दिन से
असालतन या मार्फत बकील के जो मुकद्दमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गवाहो ओर कुल उमूरात अहम मुतालिका मुकद्दमा का जबाब दे सके या जिराके साथ कोई और शख्स हो कि जो जबाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जबाबदेही दाबा की करे और आपको लाजिम है कि उसी रोज अपने जुमला दस्तावेजात पेश करें जिस घर बताइद अपनी जबाबदेही के इस्तदलाल कराना बाहते है। आको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होगे तो मुकद्दमा बगैर हाजिर आपके मजबून और फैसला होगा। दाखिल करे ताकि कार्यवाही इजर या डिग्री कोजो व वक्त मेरे हस्ताक्षर और मुहर आदलत के आज वतारीख 30-माह 01-सन् 2026 को जारी किया गया है
**उपजिलाधिकारी**
**कायमगंज, जनपद फर्रुखाबाद**

**सूचना**
मेरा हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के अंक पत्र व प्रमाण पत्र में ऊषा रानी गुप्ता नाम दर्ज है तथा आधार कार्ड, पैन कार्ड व अन्य दस्तावेज में ऊषा गुप्ता दर्ज है। ऊषा रानी गुप्ता व ऊषा गुप्ता दोनों ही मेरे नाम है, मुझे दोनों नामों से जाना जाए।
**ऊषा गुप्ता पत्नी संजय गुप्ता निवासी मोहल्ला छपट्टी, कायमगंज, जिला फर्रुखाबाद।**

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र छोटू के गलत चाल चलन के चलते अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा। उर्मिला पत्नी स्व0 रमेश निवासी नेकपुर कलां फतेहगढ़, जिला फर्रुखाबाद।

# अवसानेश्वर मंदिर में हुई 25 लाख की चोरी

▸ मंदिर के गर्भगृह में घुसकर चोरों ने उड़ाया आभूषण व नकदी



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** गोमती नदी के तट पर कोतवाली क्षेत्र में स्थित प्रसिद्ध अवसानेश्वर मंदिर के गर्भगृह में घुसकर चोरों ने लगभग 25 लाख रुपए कीमत के चांदी के आभूषण एवं दानपात्र में रखी नगदी पर हाथ साफ कर दिया और फरार हो गए। सूचना पहुंची हैदरगढ़ पुलिस एवं फोरेंसिक टीम ने जांच शुरू कर दी है। यही नहीं पुलिस मन्दिर के अंदर व बाहर लगे व रास्ते में पड़ने वाले सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी खंगाल रही हैं। जानकारी के अनुसार मंगलवार रात चोरों ने लोगों की आस्था के प्रतीक अवसानेश्वर महादेव मंदिर को अपना निशाना बनाया। दरमियानी रात चोर मन्दिर के उत्तरी साइड में लगे लोहे के जालीदार चैनल गेट को औजारों से तोड़कर अंदर प्रवेश किया। मंदिर के अंदर से चोर लगभग नौ किलोग्राम चांदी, जिसमें चांदी की छड़ें, आभूषण और अन्य कीमती वस्तुएं शामिल थीं, चुरा ले गए।यही नहीं श्रद्धालुओं द्वारा दानपात्र में चढ़ाई गई धनराशि पर भी हाथ साफ कर दिया और फरार हो गये। घटना का खुलासा बुधवार सुबह लगभग 5 बजे तब हुआ जब मंदिर के पुजारी शिवम गिरी नित्य पूजन के लिए मंदिर पहुंचे। चैनल टूटा देख उन्होंने तत्काल मंदिर कमेटी के अध्यक्ष संजय गिरी को सूचित किया। चोरी की खबर फैलते ही मंदिर परिसर में स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस व फोरेंसिक टीम मन्दिर पहुंची। पुलिस ने मंदिर प्रशासन से घटना की जानकारी ली और साक्ष्य जुटाने शुरू कर दिए हैं। पुलिस मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है ताकि चोरों की पहचान की जा सके।फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट्स और डॉग स्क्वायड की मदद भी ली जा रही है। जानकारी के मुताबिक मंदिर के गर्भ गृह में चोरी के उद्देश्य से पहुंचे एकमात्र चोर ने अपनी पहचान छुपाने के लिए मंकी कैप लगा रखी थी। यह भी पता चला है कि चोरी के दौरान चोरो द्वारा मन्दिर के गर्भगृह के अंदर की लाइट बन्द कर दी गई थी। चोरों की इस कारगुजारी से यह आशंका जताई जा रही है कि कही न कही इस घटना को अंजाम देने में किसी जानकार आदमी का हाथ हो सकता है। अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह ने बताया कि मन्दिर से चांदी की छड़ें और आभूषण गायब हुए है। उन्होने कहा कि वह स्वयं मौके पर मौजूद है और पूरे मामले की गहन जांच पड़ताल की जा रही है जल्द ही घटना का खुलासा करने का प्रयास किया जा रहा है।

## चौपाल लगाकर महिलाओं को किया गया जागरूक



**मसौली बाराबंकी।** मिशन शक्ति अभियान के तहत बुधवार को मसौली पुलिस ने ग्राम पंचायत गुरेला के मजरे सिसवारा मे चौपाल लगाकर महिलाओं और छात्राओं को सुरक्षा के प्रति जागरुक किया। पुलिस ने उन्हें उनके अधिकारों के बारे में जागरुक करते हुए कहा कि किसी भी दिक्कत की स्थिति में डायल 112 व थाना मसौली के सीयूजी नम्बर पर जानकारी देने की अपील की। पुलिस चौपाल मे उपस्थित महिलाओं से रूबरू होते हुए उपनिरीक्षक रशिद अली खान ने महिलाओं को उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों को सूचना देने के लिए जागरूक करते हुए हेल्पलाइन नंबरों 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन तथा 1078, 181, 112 आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी तथा सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर मौजूद ऐप फेसबुक/ट्वीटर/इंस्टाग्राम आदि का सावधानी पूर्वक इस्तेमाल करने एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। महिला आरक्षी अच्छी बी ने अभियान मिशन शक्ति 'नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन' एंटी रोमियो, साइबर जागरूकता के तहत विद्यार्थियो को मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, व साइबर क्राइम संबंधी अपराध ,यातायात के नियमों , बाल विवाह ,पास्को एक्ट,नये कानून,घरेलू हिंसा, गुड टच ,बैड टच के बारे में अवगत कराया गया और महिलाओं को जागरूकता सरकार द्वारा चलाई गई लाभकारी योजनाओं जैसे सामूहिक विवाह योजना, कन्या सुमंगला योजना, वृध्दा पेंशन, विधवा पेंशन आदि एवं ड्रेन संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई एवं थानाध्यक्ष महोदय जी के सीयूजी नंबर 9454403070 की भी जानकारी दी गई महिला एवं बालिकाओं से उनकी समस्या के बारे में भी पूछ गया। इस मौके पर आरक्षी राजकुमार, रत्नेश पाण्डेय सहित ग्रामीण महिलाएं मौजूद रही।

## बूथों पर पहुंच कर जिला प्रभारी ने एसआईआर प्रगति की परखी जमीनी हकीकत



**समृद्धि न्यूज़, बछरावाँ रायबरेली।** विधानसभा क्षेत्र बछरावाँ सुरक्षित 177 के अंतर्गत मंडल बछरावाँ नगर शक्ति केंद्र पर बुधवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा गहन मतदाता विशेष पुनरीक्षण अभियान के तहत विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर भाजपा के जिला प्रभारी पीयूष मिश्रा ने बूथ संख्या 79 और 81 पर स्वयं बैठकर अभियान की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने बीएलए-2 एवं बीएलओ के साथ समन्वय करते हुए नए मतदाताओं के फॉर्म-6 भरवाए तथा मतदाता सूची में अधिक से अधिक पात्र नागरिकों का नाम जोड़ने पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम में बछरावा विधानसभा संयोजक एवं पूर्व जिला महामंत्री भाजपा सरोज गौतम, जिला कार्यसमिति सदस्य एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष बछरावा सुनील सागर, मंडल महामंत्री मयंक द्विवेदी, शक्ति केंद्र संयोजक बालकृष्ण पांडे सहित बड़ी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ता व नगर के मतदाता उपस्थित रहे। इस मौके पर जिला प्रभारी पीयूष मिश्रा ने कहा मतदाता सूची का शुद्ध और पूर्ण होना लोकतंत्र की मजबूती की पहली शर्त है। भारतीय जनता पार्टी का प्रयास है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित न रहे। यह अभियान लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## एसआईआर में की जा रही धांधली, फर्जी फार्म-7 से काटे जा रहे नाम, कराएंगे एफआईआर : गोप



**बाराबंकी।** एसआइआर प्रक्रिया में फॉर्म 7 के माध्यम से पात्र मतदाताओं के फर्जी तरीके से कुछ लोगों के द्वारा वोट काटने की कार्रवाई करने वालों के खिलाफ एफआइआर करा कर भेजेंगे जेल किसी मतदाता के साथ नहीं होने देंगे भेदभाव जिला प्रशासन से मिलकर देंगे पूरी जानकारी और संबंधित के खिलाफ दर्ज करायेंगे।

उक्त बात बाराबंकी जनपद के स्थूक प्रभारी समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने छाया चौराहा स्थित जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद पूर्व मंत्री/ विधायक रामनगर फरीद महफूज किदवाई सदर विधायक धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव पूर्व विधायक रामगोपाल रावत पूर्व विधायक राम मगन रावत पूर्व विधान परिषद सदस्य राजेश यादव राजू प्रदेश प्रवक्ता फैजान किदवाई सहित अन्य नेताओं की उपस्थिति में आयोजित महत्वपूर्ण प्रेस कॉन्फ्रेंस व्यक्त किये।

राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने गंभीर मुद्दो को सामने रखते हुए कहा फार्म 7 के माध्यम से पीडीए एवं विशेष रूप से अल्पसंख्यकों का वोट कटवाने की साजिश निरंतर की जा रही है मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर धांधली की तैयारी हो रही है फार्म 7 के फर्जी तरीके से इस्तेमाल की पूरे प्रदेश की हर विधानसभाओं से शिकायत मिल रही है। समाजवादी पार्टी ने चुनाव आयोग को लिखित शिकायते दी है। फार्म 7 की धांधली और लिखित शिकायतों के बाद अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है।

श्री गोप ने चुनाव आयोग से फार्म 7 के जरिए हो रही धांधली को रोकने की मांग करते हुए कहा कि डाउन लोडेड फार्म के सत्यापन की वैकल्पिक व्यवस्था हो। हर फार्म पर नम्बरिंग हो। कागजी फार्म 7 पर भारत निर्वाचन आयोग का होलोग्राम हो। फार्म 7 के अब तक जमा सारे फार्म निरस्त किये जाये। अब तक जमा किये गये फार्म 7 के हस्ताक्षरों की न्यायिक जांच हो। घपलेबाजी को पकड़ने के लिए आर्टीफिसियल इंटेलीजेंस का सहारा लिया जाये। फार्म 7 जमा करते समय की सीसीटीवी फुटेज निकाली जाये। जो भी आरोपी पकड़ा जाये उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर संबंधित के खिलाफ साजिश करने के साथ उसके ऊपर 420 का मुकदमा चलाया जाय। राष्ट्रीय सचिव अरविंद कुमार सिंह गोप ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा उत्तर प्रदेश के मुख्य चुनाव अधिकारी क्या कर रहे है। वे किस तरफ है। समाजवादी पार्टी की तमाम लिखित शिकायतों के बाद भी दोषियों के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं कर रहे हैं। आज इस परिस्थिति में प्रदेश के बीएलओ हताश और निराश है। भाजपा ने बीएलओ का नाम ही वोटर लिस्ट से काटने की सूची भेज दी है। इससे बड़ा फार्म 7 के दुरुपयोग का प्रमाण और क्या चाहिए।

प्रेस वार्ता में उपस्थित सभी पूर्व विधायकों पदाधिकारियों ने जिला प्रशासन एवं चुनाव आयोग से इस तरह की धांधली को रोकने के लिए तत्काल मजबूत कदम उठाने क्या अपील करते हुए फार्म 7 की गड़बड़ी में शामिल लोगो के ऊपर तत्काल कार्रवाई की मांग करते हुए कहा भाजपा हार के डर से घबराई हुई है इसीलिए वह पीडीए मतदाताओं खासकर अल्पसंख्यकों का वोट काटने का षडयंत्र कर रही है पेन ड्राइव के जरिए टारगेट करके विधान सभाओं में वोट काटने के लिए सूची भेजी जा रही है जिस पर सभी विधायक पूर्व विधायक विधानसभा अध्यक्ष ब्लॉक अध्यक्ष पदाधिकारियों की पैनी नजर है।

## खबरें एक नजर में

### राष्ट्रीय परशुराम सेवा के लोगों ने यूजीसी को लेकर किया विरोध प्रदर्शन

**लालगंज रायबरेली।** राष्ट्रीय परशुराम सेना व गौ रक्षा दल ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के प्रस्तावित 'काले कानून' के विरोध में प्रदर्शन किया। संगठन के प्रदेश महासचिव अंकित पांडेय के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें इस कानून को तत्काल वापस लेने की मांग की गई। संगठन का आरोप है कि यूजीसी के ये नए नियम 'सवर्ण विरोधी' हैं। उनका दावा है कि इन नए प्रावधानों के तहत सवर्ण छात्रों के लिए उत्तीर्ण अंक (पासिंग मार्क्स) बहुत अधिक रखे गए हैं, जिससे उनके अधिकारों का हनन हो रहा है।परशुराम सेना ने कहा कि शिक्षा नीति का उद्देश्य सभी वर्गों को साथ लेकर चलना होना चाहिए, न कि 'अगड़ा-पिछड़ा' के आधार पर किसी एक वर्ग के अधिकारों का हनन कर दूसरे वर्ग के लिए मार्ग प्रशस्त करना। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कानून एकपक्षीय होगा, तो इसका परिणाम दीर्घकालिक सामाजिक विभाजन के रूप में सामने आ सकता है। ज्ञापन में मांग की गई कि यूजीसी के इस एकपक्षीय एवं सवर्ण छात्रों के विरुद्ध प्रभाव डालने वाले ड्राफ्ट रेगुलेशन को तत्काल वापस लिया जाए। संगठन ने सभी वर्गों के लिए समान अवसर, योग्यता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने की अपील की। साथ ही, नीति निर्धारण समितियों में सभी सामाजिक वर्गों का संतुलित और पारदर्शी प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने की बात कही गई। प्रदर्शनकारियों ने यह भी मांग की कि छात्रों, शिक्षकों, शिक्षाविदों और राज्य सरकारों से व्यापक परामर्श के बाद ही कोई नई नीति लागू की जाए। उनका मानना है कि निर्णय समितियों में सामाजिक विविधता का अभाव नीति को एकपक्षीय, पक्षपातपूर्ण और अविश्वसनीय बनाता है।प्रदर्शन में अजय कुमार, अंजनी सिंह, मनीष यादव,संदीप यादव, शिव सिंह, अभिषेक शुक्ला, गीतांश तिवारी, ठाकुर अमर वेद सिंह, एडवोकेट ए.के. त्रिपाठी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए 'फार्मर रजिस्ट्री' अनिवार्य : शिवबहादुर सिंह

**बछरावा रायबरेली।** क्षेत्र के किसानों को सरकारी योजनाओं का निर्बाध लाभ सुनिश्चित करने की दिशा में बुधवार को खंड विकास अधिकारी बछरावा (बीडीओ) शिवबहादुर सिंह ने विकासखंड परिसर से फार्मर रजिस्ट्री के प्रचार-प्रसार के लिए जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सरकार द्वारा जारी नए निर्देशों के अनुसार अब किसानों के लिए 'फार्मर रजिस्ट्री' कराना अनिवार्य कर दिया गया है। इसके बिना किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, खाद, बीज, और कृषि उपकरणों पर मिलने वाली सब्सिडी जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाएगा। अक्सर जानकारी के अभाव में ग्रामीण क्षेत्रों के किसान इन डिजिटल प्रक्रियाओं से छूट जाते हैं, जिसे देखते हुए कृषि विभाग ने यह जागरूकता अभियान शुरू किया है। तस्वीरों में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि सजाया गया प्रचार वाहन, जिस पर जागरूकता स्लोगन और लाउडस्पीकर लगे हैं, उसे बीडीओ ने औपचारिक रूप से रवाना किया। यह वाहन अब क्षेत्र के सुदूर गांवों में जाकर किसानों को बताएंगे कि वे अपना पंजीकरण कैसे और कहाँ करवा सकते हैं। प्रशासन का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि क्षेत्र का कोई भी पात्र किसान तकनीकी प्रक्रिया के कारण अपने हक से वंचित न रहे।

## दावे-आपत्तियों के लिए सभी बूथों पर आज उपस्थित रहेंगे बीएलओ

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**

उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पित गुप्ता ने बताया कि जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजय चौहान के निर्देशन में अर्हता तिथि के आधार पर दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 6 जनवरी से 6 फरवरी तक निर्धारित की गई है, जिसके अंतर्गत दिनांक आज 5 फरवरी को जनपद में विशेष अभियान की तिथि घोषित किया गया है। इस विशेष अभियान दिवस पर समस्त मतदेय स्थलों पर संबंधित बूथ लेवल अधिकारी प्रातः 11 बजे से अपराह्न 4 बजे तक उपस्थित रहेंगे।

इस दौरान वे प्रारूप मतदाता सूची का प्रदर्शन करेंगे तथा गणना चरण के दौरान अनुपस्थित, मृतक, दोहरी प्रविष्टि, अनट्रेस्ड एवं स्थानांतरित मतदाताओं की सूची भी प्रदर्शित की जाएगी। साथ ही, मतदाता सूची से संबंधित दावे एवं आपत्तियां भी प्राप्त की जाएंगी।

यदि किसी अर्ह मतदाता का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित होने से छूट गया हो तो वह फार्म-6 के साथ घोषणा पत्र संलग्न कर आवेदन कर सकता है।

किसी मृतक अथवा गलत मतदाता का नाम हटवाने के लिए फार्म-7 तथा नाम, पता या अन्य विवरण में त्रुटि सुधार के लिए फार्म-8 भरकर संबंधित बूथ लेवल अधिकारी को निर्धारित तिथि पर मतदेय स्थल पर प्रस्तुत किया जा सकता है।

# जिलाधिकारी ने सुनी जनता की फरियाद



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी संजय चौहान ने बुधवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा है कि जनता की शिकायतों का समाधान प्राथमिकता, पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप से किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। संबंधित अधिकारी व्यक्तिगत रुचि लेकर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें। डीएम ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में यदि लापरवाही बरती गई तो उत्तरदायित्व तय करते हुए कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस अधीक्षक ने की जनसुनवाई

**समृद्धि न्यूज़ अमेठी।** जनपद में बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय गौरीगंज में जनपद पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा जनसुनवाई की गयी । जनसुनवाई के दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की शिकायतों को पुलिस अधीक्षक द्वारा सुना गया तथा उनकी शिकायतों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित को आवश्यक आदेश दिये गए।



## पुलिस ने किया चोरी का खुलासा, जेवर व नकदी के साथ चार गिरफ्तार



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** बीते 30 जनवरी को सेमऊ पत्नी रमेश निवासी फूला थाना मोहनगंज की लिखित सूचना दी कि 20 जनवरी को छत्तीसगढ़ सत्संग में गयी थी घर वापस आयीं तो देखा कि अज्ञात चोरों द्वारा उनके घर के अन्दर अलमारी व बक्शे में रखे सोने-चांदी के जेवरात व रुपये चोरी कर लिये गये हैं। बुधवार 4 फरवरी को क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्र के नेतृत्व में थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर 4 अभियुक्तों 1. सूरज पुत्र बैजनाथ निवासी फूला थाना मोहनगंज 2. राजकुमार पुत्र श्रीनाथ निवासी फूला, 3. अर्जुन पुत्र केदारनाथ निवासी फूला व 4. दीपक सिंह पुत्र संत बक्श सिंह निवासी फूला को गिरफ्तार किया गया है। जामा तलाशी से सूरज के कब्जे से एक चैन, एक अंगूठी, एक हार पीली धातु, दो जोड़ी बिछिया, एक जोड़ी पायजेब सफेद धातु तथा 10,000/- रुपये नगद बरामद हुए, राजकुमार के कब्जे से दो नाक की कील, एक मंगलसूत्र पीली धातु, दो जोड़ी बिछिया, एक सिक्का सफेद धातु तथा 11,000/- रुपये नगद बरामद हुए, अर्जुन के कब्जे से एक मांग टीका, एक जोड़ी कान का झाला पीली धातु, एक जोड़ी हाथफूल, 4 जोड़ी बिछिया सफेद धातु तथा 10,000/- रुपये नगद बरामद हुए एवं दीपक के कब्जे से एक नाक की नथुनी पीली धातु, एक हाफ पेटी, दो जोड़ी बिछिया, एक बिस्किट सफेद धातु तथा 10,000/- रुपये नगद बरामद हुए। पूछताछ में सूरज ने बताया कि रमेश उसके पारिवारिक चाचा हैं जिनकी पत्नी सेमऊ, गांव में ही रहती है । सेमऊ अपनी पुत्री के साथ दामा खेड़ा छत्तीसगढ़ सत्संग में गयीं थीं एवं उनके घर पर कोई नहीं था। सूरज ने अपने अन्य साथियों राजकुमार, अर्जुन व दीपक के साथ मिलकर रमेश के घर में घुसकर अलमारी व बक्शे का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात व 41,000/- रुपये चोरी किये थे । आज वह सभी चोरी किये गये सामान का बंटवारा करने के लिए एकत्र हुए थे। बरामदगी के आधार पर थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) की बढ़ोत्तरी कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## पुलिस ने छात्राओं को जागरूक करते हुये किया संदिग्धों की चेकिंग



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** बुधवार को पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में 'मिशन शक्ति' अभियान के तहत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान नारी स्वावलंबन हेतु महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण के उद्देश्य से कंचन सिंह प्रभारी निरीक्षक महिला थाना मय टीम द्वारा थानाक्षेत्र गौरीगंज के मनीषी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय की छात्राओं को 1090, 181, 108, 1076, 112-, 1098, 102 आदि विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों तथा महिला सशक्तिकरण से संबंधित शासन की विभिन्न योजनाओं आदि के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया तथा इसी क्रम में जनपदीय पुलिस की एण्टीरोमियो टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर मनचलो, शोहदों द्वारा छेड़छाड़ व महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत सतत निगरानी करते हुए अभियान चलाया गया तथा संदिग्धों की चेकिंग की गयी।

## प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने गिनाई केंद्रीय बजट 2026 की उपलब्धियां




**समृद्धि न्यूज, सीतापुर।** संसद में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा आम बजट 2026 संसद में पेश किया जा चुका है इसी बजट की उपलब्धियों के संबंध में जिले के प्रभारी मंत्री राजा मंयकेश्वर शरण सिंह द्वारा स्थानीय जिला पंचायत सभागार में प्रेस वार्ता करके बजट की बिंदुवार खूबियां गिनाते हुए बताया गया कि यह बजट लोक कल्याणकारी व दूरगमी सकारात्मक परिणाम देने वाला है। इसमें विशेष रूपसे ? निर्धन वर्ग मध्यम वर्ग एवं उच्च वर्ग तीनों के हितो का ध्यान रखा गया है। वही करदाताओं के हितों का भी विशेष ध्यान रखा गया है। बजट के बिंदुओं पर चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि इस बजट में दुविधा के स्थान पर निर्णय ,शब्दाडंबर के स्थान पर सुधार तथा लोग लुभावना के स्थान पर जन कल्याण को प्राथमिकता दी गई है इस बजट का मूल उद्देश्य मध्यम वर्ग को सशक्त बनाना है इसके अंतर्गत शिक्षा से रोजगार, गुणवत्ता शिक्षा के माध्यम से युवा शक्ति का सशक्तिकरण, सूक्ष्य, लघु और मध्यम उद्योगों की क्षमता का पूर्ण उपयोग, बृहद एवं तीव्र गति से विनिर्माण विस्तार आधारभूत संरचना आधारित दीर्घकालिक वृद्धि आदि पर विशेष कार्य किया गया है इस बार वैश्विक सफलता पर काम किया गया है ग्रामीण एवं किसानों के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाओं का समावेश भी बजट में किया गया है। उन्होंने बताया कि यह बजट 2047 के विकसित भारत की आधारशिला है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए दिन-रात प्रयास कर रहे हैं और यह बजट घोषित करता है कि हम हैं विजन पर कामयाब हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस बजट ने कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की 10 से ज्यादा दवाइयां स सस्ती कर दी गई है जो की मध्यम वर्ग के रोगियों के लिए विशेष राहत भरी बात है साथ ही विदेश में पैसा भेजने के टैक्स में भी बड़ी कटौती की गई है जिससे हमारे बाहर पढ़ने वाले बच्चों को विशेष राहत मिलेगी उन्होंने क्रमशः बजट के कई बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। प्रेसवर्ता में आए हुए पत्रकार बंधुओ का जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया इस अवसर पर बिसवा विधायक निर्मल वर्मा कार्यक्रम संयोजक रोहित सिंह जिला महामंत्री विश्राम सागर राठौर भाजपा नेता शिवकुमार गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य जनसुनवाई कार्यक्रम में उपस्थित हुईं

**सीतापुर।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी बुधवार को सीतापुर की सदर तहसील सभागार में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में उपस्थित हुईं, जिसमें 19 शिकायतें प्राप्त हुयीं। उन्होंने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आई महिलाओं की समस्याएं सुनीं और उन्हें आश्वस्त किया कि हर पीड़ित महिला को न्याय दिलाना महिला आयोग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सदस्य महोदया ने शिकायकर्ता महिला को कम्बल देते हुये आर्थिक सहायता प्रदान की। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में महिलाएं पहुंचीं और घरेलू हिंसा, दहेज प्रताड़ना, मानसिक उत्पीड़न, संपत्ति विवाद, कार्यस्थल पर उत्पीड़न जैसी विभिन्न समस्याएं रखीं। कई पीड़िताओं ने अपनी शिकायतें महिला आयोग को लिखित रूप में भी सौंपीं। मा0 सदस्य सुजीता कुमारी ने कहा कि महिला आयोग इन शिकायतों को गंभीरता से लेकर संबंधित विभागों और प्रशासनिक अधिकारियों के सहयोग से शीघ्र न्याय सुनिश्चित करता है। उन्होंने कहा कि महिला आयोग एक वैधानिक संस्था है जो राज्य में महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और उनके कल्याण के लिए कार्य करती है। आयोग समय-समय पर जनसुनवाई, जागरूकता कार्यक्रम और निरीक्षण अभियान चलाता है, जिससे महिलाओं की समस्याओं को समझा जा सके और उनका त्वरित समाधान हो सके। सदस्य सुजीता कुमारी ने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना होगा। उन्हें अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध डटकर खड़ा होना चाहिए। महिला आयोग हर उस महिला के साथ खड़ा है जो अपने हक के लिए लड़ रही है।

## डीएम ने ब्लॉक परसेण्डी में संचालित वी.एच.एस.एन.डी. सत्र का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं

**सीतापुर।** जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने आज स्वास्थ्य उपकेन्द्र एवं हेल्थवेलनेस सेंटर ग्राम गुरईपुर, विकास खण्ड परसेण्डी में संचालित वी0एच0एस0एन0डी0 सत्र का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के जिलाधिकारी ने सी0एच0ओ0 अर्चना से वार्ता करते हुये जानकारी प्राप्त की। ए0एन0एम0 अनुपमा ससमय अनुपस्थित मिलने पर 15 दिन का वेतन काटने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। ए0एन0एम0 की वैक्सीनेशन किट, ड्यू रजिस्टर, एच0आर0पी0 रजिस्टर, हीमोग्लोबिन मीटर को देखा। जिलाधिकारी ने मरीजों के रजिस्टर का भी अवलोकन किया एवं दूरभाष के माध्यम से मरीज का फीडबैक लिया। जिलाधिकारी ने समस्त व्यवस्थाएं सही न मिलने पर सी0एच0ओ0 की 05 प्रतिशत की वेतन कटौती एवं बी0सी0पी0एम0 पूनम वर्मा का 15 दिन का वेतन काटने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। आशा बबली एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री राजलली देवी के समय से उपस्थित न होने पर नाराजगी व्यक्त की एवं गर्भवती महिलाओं के रजिस्टर का भी गहनतापूर्वक अवलोकन किया। सी0डी0 पी0ओ0 से दूरभाष के माध्यम से वार्ता करते हुये अव्यवस्थाओं के दृष्टिगत कड़ी फटकार जिलाधिकारी ने लगायी।

# भाईचारा बचाओ रैली में चंद्रशेखर आजाद का भाजपा पर तीखा प्रहार







**पेड़ पर चढ़ने से मजबूत नहीं होगी पार्टी**

छिबरामऊ। जनसभा स्थल पर भीड़ का हुजूम उमड़ पड़ा। यहां पहुंचे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद एडवोकेट की झलक देखने के लिए कई युवा वहां लगे पेड़ों पर चढ़ गए और पार्टी का झंडा लहराने लगे। पेड़ पर चढ़े उन युवाओं पर जैसे ही सांसद की नजर पड़ी, तो उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि पेड़ पर चढने से पार्टी मजबूत नहीं होगी। आपको घर-घर जाना होगा और पार्टी की नीतियों से लोगों को अवगत कराना होगा।

**कर्मचारियों और जमीनी कार्यकर्ताओं के समर्थन में हुंकार**

छिबरामऊ। अपने संबोधन में नगीना सांसद ने पुलिसकर्मियों, आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं, रोजगार सेवकों, पंचायत सहायकों, पीआरडी जवानों सहित अन्य संविदा कर्मियों के पक्ष में आवाज बुलंद की। उन्होंने कहा कि यह लोग समाज की रीढ़ हैं, लेकिन इन्हें सम्मान और उचित वेतन नहीं मिल पा रहा है। आजाद ने भरोसा दिलाया कि उनकी पार्टी सत्ता में आने पर इनके सम्मान की सुरक्षा और वेतन बढ़ाने का काम करेगी।

**यूजीसी लागू कराने की बात**

छिबरामऊ। चंद्रशेखर आजाद ने यूजीसी लागू कराने का भी ऐलान किया और कहा कि यह युवाओं और छात्रों के हित में है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और रोजगार ही देश को आगे बढ़ा सकते हैं। रैली के अंत में उन्होंने भाईचारे, समानता और सामाजिक न्याय को मजबूत करने का संकल्प दोहराया।

**बेहतर शिक्षा से ही आगे की नस्लें होगी मजबूत**

छिबरामऊ। जनसभा को संबोधित करते हुए आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद एडवोकेट ने अपने संबोधन में कहा कि उनकी सरकार बनने पर सबसे पहले शिक्षा में सुधार के बेहतर प्रयास किए जाएंगे। सरकारी स्कूलों में प्राइवेट स्कूलों से भी बेहतर शिक्षा दिलवाई जाएगी, जिससे आगे की नस्लें बेहतर हों और मजबूत बन सकें।

**छिबरामऊ-तालग्राम रोड पर लगा रहा जाम**

छिबरामऊ। क्षेत्र के कपूरपुर गांव के पास तालग्राम रोड किनारे खाली पड़े मैदान में आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) की जनसभा का आयोजन किया गया। इस जनसभा में कई जनपदों से लोग आए हुए थे। यहां आस-पड़ोस क्षेत्रों से भी लोग ट्रैक्टरों, कारों, ई-रिक्शों, टेंपो, बाइकों आदि वाहनों से शामिल होने पहुंचे थे। ऐसे में वहां मैदान में वाहन खड़े होने की जगह तक कम पड़ गई। ऐसी स्थिति में लोगों ने अपने वाहनों को तालग्राम रोड पर ही खड़ा करना शुरू कर दिया, जिससे वहां जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। हालत यह हुई कि कई घंटे तक तालग्राम रोड पर जाम लगा रहा। जाम में कई स्कूलों के वाहन भी फंसे रहे, जिसके चलते छात्र-छात्राओं के साथ ही अन्य लोगों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हालांकि जाम खुलवाने को लेकर पूरे समय पुलिस प्रशासन प्रयासरत रहा।

**युवाओं का जोश देख शांत हो गए आजाद**

छिबरामऊ। युवाओं का जोश, उत्साह और उनके द्वारा की जा रही नारेबाजी से एक समय यह हालात हुए कि जनसभा को संबोधित कर रहे चंद्रशेखर आजाद को अपना भाषण रोकना पड़ा और वह काफी देर तक चुप खड़े रहे। युवाओं के उत्साह से अव्यवस्था फैल गई। इस पर उन्होंने तीखी नाराजगी भी जताई। पुलिस बल के साथ पार्टी के वालेंटियरों को निर्देश दिए कि इन लोगों को शांत कर बिठाएं। युवाओं के शांत होने पर उन्होंने पुनः अपना भाषण शुरू किया।

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र के कपूरपुर गांव में आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) की भाईचारा बनाओ, संवैधानिक अधिकार बचाओ महारैली में हुंकार भरते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद ने भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार संविधान की मूल भावना के साथ खिलवाड़ कर रही है और जनता के अधिकारों को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। रैली में बड़ी संख्या में समर्थक और स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे। एसआईआर के नाम पर वोट कटौती का आरोप लगाते हुए चंद्रशेखर आजाद ने एसआईआर के नाम पर वोट काटे जाने का मुद्दा उठाते हुए कहा कि बाबा साहब डॉ.भीमराव आंबेडकर ने संविधान के माध्यम से प्रत्येक नागरिक को वोट देने का अधिकार दिया है। यदि किसी भी वर्ग से यह अधिकार छीना गया, तो इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर वोट का अधिकार छीनने की कोशिश हुई, तो दिल्ली में चक्का जाम किया जाएगा और देशव्यापी आंदोलन छेड़ा जाएगा। उन्होंने संविधान और लोकतंत्र की रक्षा का संकल्प लेते हुए कहा कि आज संविधान और लोकतंत्र दोनों खतरे में हैं। गरीब, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्गों को योजनाबद्ध तरीके से हाशिये पर धकेला जा रहा है। आजाद ने कार्यकर्ताओं से आवाहन किया कि वह संविधान की रक्षा के लिए एकजुट होकर संघर्ष करें और किसी भी साजिश को सफल न होने दें। प्रदेश अध्यक्ष पूर्व एमएलसी सुनील कुमार चित्तौड़ के संचालन में हुई रैली में मुख्य जोन प्रभारी रामगोपाल, जोन प्रभारी शिवप्रकाश विश्वकर्मा, मंडल प्रभारी प्रदीप निगम, छविराम जाटव, जिलाध्यक्ष प्रभात गौतम, कार्यक्रम आयोजक गुलाम वारसी, विजय गिहार, गुड्डू कठेरिया, जयप्रकाश आदि मौजूद रहे। जनसभा समाप्त होने के बाद वह जिलाध्यक्ष प्रभात कुमार गौतम के आवास पर भी गए।

## मानव धर्म ही है सबसे बड़ा धर्मः डॉ. रवीद्र शुक्ला



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज़।**

श्रीमती गंगा देवी-चतुर्वेदी सरस्वती शिशु, विद्या मन्दिर इण्टर कालेज में आयोजित विचार गोष्ठी में मुख्य अतिथि पूर्व शिक्षा मंत्री एवं हिन्दी साहित्य भारती के अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रवीन्द्र शुक्ल ने कहा मानव धर्म ही सबसे बड़ा धर्म है। हमें धर्म की रक्षा प्रयत्न पूर्वक करनी चाहिए। उन्होंने मार्मिक प्रसंगों के साथ जवलंत प्रश्नों का विषद विश्लेषण करते हुए मानव जीवन के उद्देश्य पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने समाज, राष्ट्र, प्राचीन आदर्शों के साथ धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष जैसे गूढ़ विषयों का भी बड़ी सहजता से विश्लेषण करते हुए कहा कि मानव धर्म ही सबसे बड़ा धर्म है, हमें धर्म की रक्षा प्रयत्न पूर्वक करनी चाहिए। %मानव बन जाये जग सारा, यह संकल्प हमारा% पर बल देते हुए सर्वे भवन्तु सुखिनः का सन्देश देते हुए अपने अभिभाषण को विराम दिया। उन्होंने सरस्वती शिशु, विद्या मंदिर के बच्चों को आश्वासन दिया कि झांसी का ऐतिहासिक किला देखने आएं, मैं उन सभी के आवास और भोजन की संपूर्ण व्यवस्था करूंगा। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अनिल कुमार शुक्ल, विख्यात कवि ओम प्रकाश शुक्ल %अज्ञात% एवं प्रबंध समिति के कोषाध्यक्ष दिवाकर त्रिपाठी ने माल्यार्पण के साथ स्मृति चिन्ह भेंट करके रवींद्र शुक्ल का जोरदार स्वागत किया। कार्यक्र म में सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर का आचार्य परिवार उपस्थित रहा।

## युवती का मिला अधजला शव

**कन्नौज समृद्धि न्यूज़।**

सदर कोतवाली क्षेत्र के ऋतुकला गांव स्थित एक आलू के खेत में संदिग्ध परिस्थितियों में युवती का अधजला शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव की हालत देखकर हत्या कर पहचान छिपाने के उद्देश्य से जलाने की आशंका जताई जा रही है। सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई और क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। बताया गया कि खेत में पड़े शव का सिर के नीचे का पूरा धड़ जलकर राख हो चुका था, जबकि चेहरा आंशिक रूप से सुरक्षित मिला। हालांकि सिर भी झुलसा हुआ दिखाई दे रहा है। पुलिस प्रथम दृष्ट्या इसे गंभीर आपराधिक घटना मानकर जांच में जुट गई है। मौके पर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार स्वयं पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। साथ ही फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर साक्ष्य जुटाने शुरू कर दिए हैं। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में गुमशुदा युवतियों की जानकारी खंगाल रही है और शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है। अधिकारियों के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। गौरतलब है कि लगभग एक माह पूर्व छिबरामऊ तहसील क्षेत्र में हाईवे किनारे गड्ढे में इसी तरह का अधजला शव मिला था। फिलहाल पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखकर जांच कर रही।

## सीतापुर ने फिरोजाबाद को हराया, फाइनल में किया प्रवेश

**समधन, समृद्धि न्यूज़।**



नगर में चल रहा गौरी क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को दो मैच खेले गए जिसमें कमेटी के आयोजकों ने तीसरा क्वार्टर मैच पहले सीतापुर क्रिकेट टीम व फिरोजाबाद के बीच मैच कराने का फैसला लिया गया दोनों टीमों के कप्तानों में मोहम्मद वसीम,बीरू के बीच टॉस कराया गया टॉस जीतकर पहले फिरोजाबाद क्रिकेट टीम ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए 14 ओवरों के मैच में 12 ओवर खेलने पर 115 रन बनाकर पूरी टीम आलाउट हो गई। बाद में जबाव में उतरीं सीतापुर क्रिकेट टीम ने अच्छा प्रदर्शन कर 10 विकेट के नुकसान पर 10 ओवर खेलने पर 116 रनों को पूरा कर जीत अपने नाम दर्ज कराई विजय हुई टीम के खिलाड़ी विमल कुमार ने अपनी टीम के लिए 60 बनाने पर मैन ऑफ द मैच चुना गया इसी तरह दूसरा सेमीफाइनल मैंच गौरी क्रिकेट टीम व सीतापुर क्रिकेट टीम के बीच खेला गया दोनों टीमों के कप्तानों के बीच टॉस कराया गया जिसमें पहले सीतापुर क्रिकेट टीम ने अच्छी बल्लेबाजी करते हुए 14 ओवर के मैच में 8 विकेट के नुकसान पर 157 रन बनाए जीत के लिए 158 रनों का लक्ष्य रखा बाद में गौरी क्रिकेट टीम ने जबरदस्त बल्लेबाजी करते हुए 11 ओवर खेलने पर 7 विकेट के नुकसान पर 158 रन पूरे कर जीत अपने नाम करतें हुए सीधे फाइनल में प्रवेश किया मैन ऑफ द मैच खिलाड़ी शिवली को 70 रनों की पारी खेलने पर चुना गया। इस अवसर पर उम्मीद हसन अल्लाह रक्खा,आरिफ (शीरू), इमरान बन्ना, रूकसाद पहलवान, नफीस बम्बईया, अब्दुल्ला खान, स्कोरर मोहम्मद आकिब, कमेन्टर मोहम्मद आरिफ आदि मौजूद रहे।

## विधानसभा चुनाव सहित प्रगाढ़ मतदाता पुनरीक्षण पर चर्चा

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज़।**




**भाजपा की संगठनात्मक बैठक**

सिद्ध पीठ मां कालिका देवी मंदिर के पास अटल भवन में हुई भाजपा की संगठनात्मक बैठक में 2027 विधानसभा चुनाव की रणनीति सहित प्रगाढ़ मतदाता पुनरीक्षण अभियान पर चर्चा की गई।

विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय ने कहा कि भाजपा केवल एक पार्टी नहीं, बल्कि एक परिवार है। उन्होंने कहा कि समय-समय पर ऐसी बैठकों का आयोजन किया जाता है, जहाँ सभी मिल बैठ कर विचार-विमर्श करते हैं और किसी भी संभावित त्रुटि पर चर्चा की जाती है। इन बैठकों से कार्यकर्ताओं से मुलाकात होती है और संगठन भी मजबूत बना रहता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने सभी कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया और पार्टी के हित में काम करने का आह्वान किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आगामी 2027 विधानसभा चुनाव में पार्टी एक बार फिर पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी। पाल ने कहा कि सरकार सबका साथ, सबका विकास के सिद्धांत पर आगे बढ़ रही है और पार्टी का कार्यकर्ता ही सर्वोपरि है, जो भाजपा को एक बड़े परिवार के रूप में स्थापित करता है। उन्होंने प्रगाढ़ मतदाता पुनरीक्षण पर चर्चा करते हुए कहा भाजपा समर्थक एक भी मतदाता छूटना नहीं चाहिए। सभी कार्यकर्ता इस कार्य में जुट जाएं क्योंकि समय बहुत कम रह गया है। इससे पहले विधायक अर्चना पांडेय ने अंग वस्त्र और पुष्प भेंट कर प्रकाश पाल को सम्मानित किया। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मोर्चा शिववीर भदौरिया, जिलाध्यक्ष वीरसिंह भदौरिया, निवर्तमान जिलाध्यक्ष नरेंद्र राजपूत, जिला महामंत्री शैलेन्द्र द्विवेदी, पूर्व नगर अध्यक्ष आनंद गुप्ता, नगर अध्यक्ष दिलीप गुप्ता सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सुंदरकांड पाठ से हुआ मां लक्ष्मी शीतालय का शुभारंभ

- किसानों में वितरित किया गया प्रसाद
- यह पाठ मनोकामनाओं की पूर्ति, संकटों के निवारण और भक्ति भाव की करता है वृद्धि

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**




जीटी रोड उधन्नापुर घिलोई स्थित मां लक्ष्मी शीतालय के द्वितीय सत्र का शुभारंभ सुंदरकांड पाठ के साथ धूमधाम से हुआ। इस अवसर पर एकत्रित किसानों में प्रसाद वितरित किया गया। आचार्य सुंदरम पाठक ने विजय दुबे से राम दरबार का पूजन कराया। तत्पश्चात सुप्रसिद्ध गायक भानु प्रताप सिंह चौहान ने सुंदरकांड पाठ की महिमा का बखान करते हुए कहा कि सुंदरकांड हनुमान जी की भक्ति, शक्ति और राम-भक्ति का सर्वोत्तम प्रतीक है। यह पाठ मनोकामनाओं की पूर्ति, संकटों के निवारण और भक्ति भाव की वृद्धि करता है। उन्होंने भजन वीर हनुमान अति बलवान, नित प्रेम की गंगा बहेती है बाबा जी तुम्हारे चरणों में सुनाकर सभी को भक्ति रस में डुबो दिया। इसके बाद अखिलेश दीक्षित ने भजन राम नाम जपोगे तर जाओगे, राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी और दुनिया में देव हजारों हैं, बजरंग बली का क्या कहना गाकर श्रोताओं से तालियां बटोरीं। कार्यक्रम में डॉ. अनिल दुबे, जय दुबे, शिखर दुबे, हिमांशु दुबे, नानू दुबे, डॉ. रजनीश दुबे सहित नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### ई रिक्शा चालक का मोबाइल छीनकर फरार हुए बाइक सवार

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के फर्रुखाबाद चौराहे पर सवारी के इंतजार में बैठकर मोबाइल चला रहे ई रिक्शा चालक का बाइक सवार दो युवक मोबाइल छीनकर फरार हो गए। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लक्षीराम नगला निवासी विकास शाक्य पुत्र मेघनाथ ने बताया कि वह ई रिक्शा चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। मंगलवार को वह रोज की भांति ई रिक्शा लेकर फर्रूखाबाद चौराहे पर गया था। वहां सवारी का इंतजार करते समय मोबाइल चला रहा था। इसी दौरान एक बाइक पर सवार दो युवक आए और उसका मोबाइल फोन छीनकर फर्रूखाबाद की तरफ गए।

### अवैध बायोडीजल पंप पर छापा, नोज़ल व भूमिगत टैंक सील

**कन्नौज।** सौरीख-परौर मार्ग स्थित ग्राम इज़्ज़लपुर में चौधरी मिस्टर सिंह डिग्री कॉलेज के सामने संचालित एक अवैध बायोडीजल पंप पर जिला पूर्ति अधिकारी राजीव मिश्रा ने बुधवार को आकस्मिक छापेमारी की। कार्रवाई पूर्ति निरीक्षक तिर्वा, प्रभारी लिपिक (पेट्रोलियम अनुभाग) व विधिक बाट एवं माप विज्ञान निरीक्षक की संयुक्त टीम ने की। छापे के दौरान पंप पर मौजूद अजीत पुत्र रूपलाल, निवासी परौर, वैध लाइसेंस व आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सके। जांच में पंप से डीजल व पेट्रोल की अवैध बिक्री की पुष्टि हुई। टीम ने भूमिगत टैंक से ईंधन के नमूने लेकर दो नोज़ल और टैंक से जुड़े चार पाइप सील कर दिए। गौरतलब है कि मंगलवार को पेट्रोल पंप स्टेशन अध्यक्ष विजय द्विवेदी की अध्यक्षता में पेट्रोलियम संगठन ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की थी।

### गीता इंटर कॉलेज मे संपन्न हुई बोर्ड प्रयोगात्मक परीक्षा

**गुरसहायगंज,कन्नौज समृद्धि न्यूज़।**



उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के दिशा-निर्देशों के अनुरूप आयोजित की गई प्रयोगात्मक परीक्षा जिसका उद्देश्य छात्रों को प्रयोगात्मक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना है। परीक्षा के समापन के बाद कई छात्रों ने इसे उपयोगी और शिक्षाप्रद बताया। नगर के राम किशन नगर मे स्थित गीता इंटर कॉलेज मे भौतिक विज्ञान व रसायन विज्ञान की परीक्षा प्रयोगशाला मे सीसीटीवी कैमरो मे सुचारू रूप से सम्पन्न हुई। उसके पश्चात सभी छात्र-छात्राओ को एक एक करके मौखिक परीक्षा ली गयी। भौतिक विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा स्तुति देवी और रसायन विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा सुशील कुमार गुप्ता ने ली। परीक्षा में छात्रों को दोनों विषयों के प्रयोगों को वास्तविक रूप से पूरा करने का अवसर मिला, जिससे उनकी शैक्षणिक समझ और प्रयोगात्मक कौशल मजबूत हुए। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेन्द्र सिहं ने बताया कि सभी परीक्षार्थियों ने समयबद्ध तरीके से अपना कार्य पूरा किया और उपस्थिति सूचियाँ तथा प्रयोगात्मक रिपोर्टें समय पर जमा की गईं। यह प्रायोगिक परीक्षा विद्यालय की प्रयोगशाला टीम और भौतिक विज्ञान के शिक्षक दीपचन्द्र व रसायन विज्ञान के शिक्षक विजय सिहं ने छात्रों को परीक्षा के दौरान आवश्यक सहयोग प्रदान किया। जिससे छात्रों का उत्साह और आत्मविश्वास दोनों बढ़े। इस परीक्षा के सफल आयोजन से विद्यालय में शिक्षा के प्रति सकारात्मक माहौल देखने को मिला है, और छात्र अब आगामी लिखित परीक्षाओं के लिए पूर्ण रूप से तैयार हैं।

## महिला मामलों में लापरवाही बर्दाश्त नहींः पुष्पा पाण्डेय

- जनसुनवाई में अफसरों को फटकार, बाल विवाह पर जताया कड़ा रुख

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



विकास भवन स्थित हर्षवर्धन सभागार में बुधवार को उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या पुष्पा पाण्डेय ने महिला जनसुनवाई कार्यक्रम की शुरुआत की। मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन के साथ शुरू हुए कार्यक्रम में उन्होंने साफ कहा कि महिलाओं से जुड़े मामलों में जरा भी ढिलाई बर्दाश्त नहीं होगी। जनसुनवाई में दो गंभीर प्रकरण सामने आए।एक भूमि कब्जे का और दूसरा ससुराल पक्ष के मुकदमे से जुड़ा-जिन पर त्वरित जांच व कार्रवाई के सख्त निर्देश दिए गए। कार्यक्रम के दौरान गोदभराई, अन्नप्राशन व विद्यारंभ प्रमाण पत्र वितरण के साथ बाल विवाह मुक्त अभियान की शपथ दिलाई गई। उन्होंने चेताया कि 18 वर्ष से कम आयु में विवाह की सूचना तुरंत दें, वरना जिम्मेदारों पर कार्रवाई तय है।

निरीक्षण के दौरान प्राथमिक विद्यालय की व्यवस्था, जिला अस्पताल की न्यू बॉर्न यूनिट, महिला थाना की काउंसलिंग प्रक्रिया और वन स्टॉप सेंटर की सुविधाओं का जायजा लिया गया। जिला कारागार में महिला बंदियों से संवाद कर पुनर्वास गतिविधियां शुरू कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार, जिला कार्यक्रम विभाग की बाल विकास परियोजना अधिकारी ग्रामीण अर्चना, संरक्षण अधिकारी विजय कुमार राठौर सहित विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारीगण, सुपरवाइजर एवं आंगनबाड़ी उपस्थित रहे।

## तिर्वा मेडिकल कॉलेज की कैथ लैब का निरीक्षण, मशीन पाई गई सही

**तिर्वा/कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

बुधवार को तिर्वा मेडिकल कॉलेज में स्थापित अत्याधुनिक कैथ लैब का जिला अधिकारी द्वारा नामित समिति द्वारा मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी की अध्यक्षता में निरीक्षण किया गया। इस दौरान एक्सईएन सिंचाई, मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ.सी.पी पाल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण टीम ने कैथ लैब की मशीन को संचालित कर उसकी कार्यक्षमता का परीक्षण किया, जिसमें सभी उपकरण सुचारु रूप से कार्य करते पाए गए। निरीक्षण के बाद विस्तृत रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। कैथ लैब हृदय रोगों के निदान और उपचार के लिए महत्वपूर्ण इकाई मानी जाती है। यहां उन्नत एक्स-रे इमेजिंग तकनीक के माध्यम से कैथेटर नामक पतली ट्यूब का उपयोग कर हृदय की धमनियों और वाल्वों की जांच की जाती है। साथ ही एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी और स्टेंट जैसी गैर-सर्जिकल प्रक्रियाएं भी इसी लैब में संभव होंगी, जिससे मरीजों को त्वरित और आधुनिक उपचार मिल सकेगा।

जानकारी के अनुसार करीब नौ करोड़ रुपये की लागत से स्थापित इस मशीन के शुरू होने से क्षेत्र के हृदय रोगियों को स्टेंट, पेसमेकर जैसी सुविधाएं स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध होंगी। इससे मरीजों को बड़े शहरों के अस्पतालों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा और समय व खर्च दोनों की बचत होगी।

**सूचना**

मेरा इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2023 अनुक्रमांक 2237225892 का अंकपत्र/ सह प्रमाणपत्र खो गया है।

**अर्पित भारती पुत्र अशोक कुमार निवासी गोसाई पुरवा खानपुर रनियापुर जनपद-बहराइच।**

## मोदी सरकार का बजट देश को देगा नई रफ्तारः रजनी तिवारी



- किसान, युवा और आम जनता पर फोकस का दावा

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने केंद्रीय बजट को विकासोन्मुख बताते हुए कहा कि यह बजट देश को नई रफ्तार देने वाला साबित होगा। बुधवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि आर्थिक मजबूती और सामाजिक संतुलन का रोडमैप है। मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने बजट में किसान, युवा और आम नागरिक-तीनों वर्गों को प्राथमिकता दी है। किसानों की आय बढ़ाने के लिए कृषि निवेश, सिंचाई परियोजनाओं और आधुनिक तकनीकों को बढ़ावा देने के प्रावधान किए गए हैं। वहीं आम जनता को टैक्स में राहत और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के जरिए सुविधाएं देने पर जोर दिया गया है।

रजनी तिवारी ने युवाओं को बजट का प्रमुख लाभार्थी बताते हुए कहा कि शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार सृजन पर विशेष ध्यान दिया गया है। उच्च शिक्षा संस्थानों को मजबूत बनाने के लिए अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर रोजगार के अवसर मिलेंगे। उन्होंने विपक्ष पर बजट को लेकर भ्रामक प्रचार करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जनता विकास कार्यों के आधार पर जवाब देगी। हालांकि, पत्रकारों द्वारा आलू आधारित उद्योग और इत्र कारोबार को बजट में राहत न मिलने के सवाल पर मंत्री स्पष्ट जवाब देने से बचती नजर आईं।

## पीडीए समाज के वोट पर डाका डालने की साजिशः आकाश शाक्य



**समधन, गुरसहायगंज, समृद्धि न्यूज़।**

- समधन में फॉर्म-7 के कथित दुरुपयोग से मतदाता सूची से नाम काटने का आरोप

समाजवादी पार्टी ने भाजपा पर लोकतंत्र और संविधान पर सीधा हमला करने का आरोप लगाते हुए बड़ा राजनीतिक वार किया है। सपा के प्रदेश सचिव आकाश शाक्य ने दावा किया कि नगर पंचायत समधन के कई बूथों पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा एक-एक नाम पर 70 से 100 तक फॉर्म-7 भरवाकर पीडीए समाज के जीवित और मौजूद मतदाताओं के नाम काटने की कथित साजिश रची जा रही है। सपा नेताओं का आरोप है कि यह कोई तकनीकी गलती नहीं, बल्कि सुनियोजित राजनीतिक खेल है, जिसका मकसद समाजवादी पार्टी समर्थकों को मतदान से वंचित करना है। सूचना मिलने पर सपा टीम ने बूथों पर पहुंचकर बीएलओ से जानकारी ली और पूरे प्रकरण को मताधिकार लूटने की कोशिश बताया। पार्टी ने इसे बाबा साहब अंबेडकर के संविधान पर हमला बताते हुए चेतावनी दी कि हर वोट की रक्षा के लिए सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ी जाएगी। सपा ने ऐलान किया है कि जल्द ही जिलाधिकारी से मिलकर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई और सभी फॉर्म-7 की निष्पक्ष जांच की मांग की जाएगी। हालांकि, इन आरोपों पर भाजपा की ओर से अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

**आवश्यकता है**

पत्रांकः बी.एस.एम./मेमो/2026 दिनांक 02.02.2026

**श्री बैजनाथ शिवकला पी.जी. कालेज, मंगलपुर,बाराबंकी**
**(डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या से सम्बद्ध)**

विज्ञान संकाय यू.जी.सी. द्वारा न्यूनतम अर्हताधारी,माइक्रोबायोलॉजी-01 पद वेतनमान रू. 16000 से 18000 में आवश्यकता है एवं परास्नातक स्तर एम.ए. विषय भूगोल, प्रा. इतिहास-प्रत्येक विषय में 2-2 प्रवक्ताओं वेतनमान रू. 18000 से 20000 में आवश्यकता है।

**नोट-** आवेदन पत्र सभी प्रमाण पत्रों, पैन कार्ड व आधार कार्ड के साथ प्रमाणित प्रतियों सहित दो फोटो के साथ महाविद्यालय कार्यालय में 15 दिवस में पहुंच जाना चाहिए।

**प्रबन्धक**
**रमेश कुमार वर्मा**
**मो.नं. 9621554399**

# डॉ. जितेंद्र सिंह यादव ने किया राहुल यादव के नवीन प्रतिष्ठान का उद्घाटन

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

कस्बा चौराहे पर नवीन प्रतिष्ठान का डॉ. जितेंद्र सिंह यादव ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान समर्थकों ने उनका फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया।

कस्बा नवाबगंज के मैन चौराहे पर नागला बारग निवासी नगर पंचायत सभासद पति नवनीत उर्फ राहुल यादव ने एंजेल कलेक्शन के नाम से कपड़े का नया प्रतिष्ठान खोला। जिसका शुभारंभ समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व मेजर एसडी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. जितेंद्र सिंह यादव ने फीता काटकर किया। उन्होंने शोरुम स्वामी राहुल यादव को नया प्रतिष्ठान खोलने के लिए बधाई दी तथा उज्जवल भविष्य की कामनाएं कीं। इस दौरान डॉ. जितेंद्र सिंह यादव ने राजनैतिक लोगों से भी कई बिंदुओं पर चर्चाएं कीं। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष डॉ. नवरंग सिंह यादव, अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष साजिद अली खान, लोहिया वाहिनी के जिला अध्यक्ष अनुराग यादव, राहुल यादव, उनके पिता हरनाम सिंह यादव बाबा, जबर सिंह यादव, भंवर सिंह यादव, जितेंद्र सिंह यादव, प्रधान मनोज यादव, अजय राज यादव, राजीव यादव, क्षेत्र पंचायत सदस्य जोगिंदर यादव, राजन गंगवार, प्रधान हरदुआ संजीव यादव, प्रधान सोना जानकीपुर विजेंद्र सिंह यादव, नमन यादव, सलमान खान, रवि यादव, अश्विनी यादव, डॉ. अखिलेश यादव, डॉ. धर्मेंद्र यादव, अखिल भारतीय सभा के जिला अध्यक्ष साहित्य तमाम समर्थक व क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।


प्रतिष्ठान का शुभारंभ करते डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव व मौजूद समर्थक


उद्घाटन अवसर पर लोगों को संबोधित करते डॉ. जितेंद्र सिंह यादव

# बाइकों की भिड़ंत में चार घायल, जीजा साले हायर सेंटर रेफर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को लोहिया अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद एक गंभीर घायल को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया, जबकि अन्य तीन घायलों का उपचार जारी है।

जानकारी के अनुसार मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव नीमकरोरी निवासी 30 वर्षीय टीटू दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करता है। वह कुछ दिन पूर्व ही दिल्ली से घर लौटे थे। बुधवार को कोर्ट में तारीख के बाद वह बाइक से घर वापस जा रहे थे। रास्ते में उन्हें 35 वर्षीय राजू मिले। जो अपने साले के बेटे के अंतिम संस्कार से पांचाल घाट से लौट रहे थे। दोनों एक ही बाइक से गांव जा रहे थे। दूसरी बाइक पर कन्नौज जनपद के भज्जनपूर्वा निवासी 25 वर्षीय जयवीर और हरदोई जनपद के गांव गदनपुर निवासी 17 वर्षीय सुधीर सवार थे। सुधीर ने बताया कि जयवीर उनके जीजा हैं। सुधीर की बहन किरन की शादी 8 फरवरी को है और वे मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में शादी का कार्ड बांटकर वापस लौट रहे थे। दोनों बाइकें गांव पापियापुर के पास आपस में टकरा गईं। इस दुर्घटना में चारों युवक घायल हो गए। लोहिया अस्पताल की इमरजेंसी में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. अभिषेक चतुर्वेदी ने बताया कि टीटू को पैर में गंभीर चोट आई है और वह टूट गया है। जिसके चलते उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया है। अन्य घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है।


लोहिया अस्पताल में भर्ती घायल

# साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस उपाधीक्षक साइबर क्राइम अभय वर्मा एवं साइबर क्राइम थाना फतेहगढ़ पुलिस टीम द्वारा साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम में वर्तमान में घटित हो रहे ऑनलाइन ठगी, ओटीपी फ्रॉड, फेंक लिंक आदि साइबर अपराध व उनसे बचाव, मजबूत पासवर्ड बनाने के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं/विद्यार्थियों व अभिभावकों को उनके अधिकारों/विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों व कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर जागरूक किया गया। साथ ही कहा गया कि किसी अननोन नंबर को कभी न उठायें और अपना पासवर्ड कभी भी किसी कॉलर को न बतायें, अन्यथा आप ठगी का शिकार हो सकते हैं।


कार्यक्रम में मौजूद पुलिसकर्मी व लोग

# महिला आयोग की सदस्य ने घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं की सुनी समस्यायें

- 11 शिकायतें प्राप्त हुई, संबंधित अधिकारियों को जांच कर कार्यवाही करने के दिये निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी ने विकास भवन सभागार में जनसुनवाई की। इस दौरान महिला उत्पीड़न और घरेलू हिंसा से संबंधित कुल 9 शिकायतें प्राप्त हुईं। जनसुनवाई के बाद उन्होंने जिला महिला अस्पताल का भी निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जनसुनवाई में आए सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए सुनीता सैनी ने संबंधित अधिकारियों को जांच कर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जन सुनवाई के आयोजन में लगभग 70 महिलाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिसमें 11 महिलाओं द्वारा अपने-अपने प्रार्थना पत्रों को सदस्य के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिस पर आयोग की सदस्य ने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का जल्द से जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान अधिकारियों ने अपना परिचय दिया और योजनाओं की स्थिति के बारे में जानकारी दी। इसके बाद पीड़िताओं की समस्याओं को सुना गया। एक महिला ने अपने बेटे और बहू द्वारा पिटाई किए जाने की शिकायत की, जबकि अन्य शिकायतें भी दर्ज की गईं। जनसुनवाई के बादए सदस्य सुनीता सैनी आवास विकास स्थित डॉ0 राम मनोहर लोहिया जिला महिला अस्पताल पहुंचीं। उन्होंने महिला वार्ड में भर्ती प्रसूताओं से बातचीत की और उन्हें मिल रही सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। फर्रुखाबाद आते समय महिला आयोग की सदस्य ने कमालगंज ब्लॉक क्षेत्र में स्थित एक आंगनबाड़ी केंद्र अमानाबाद का भी दौरा किया और वहां की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इसके बाद जिला जेल का निरीक्षण कर बंदियों से जानकारी ली। इस दौरान जिला प्रोवेशन अधिकारी अनिल चंद्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी, सीओ सिटी, महिला थानाध्यक्ष आदि मौजूद रहे।


महिलाओं की समस्याओं को सुनतीं महिला आयोग की सदस्य


कमालगंज के अमानाबाद आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण करतीं महिला आयोग की सदस्य

## खबरें एक नजर में

### अनियंत्रित ट्राला बाउंड्रीवाल में घुसा, बड़ा हादसा टला


मौके पर खड़ा ट्राला

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर के बाईपास मार्ग पर बुधवार को एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ट्राला सड़क किनारे बनी बाउंड्रीवाल में जा घुसा। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दीवार का एक बड़ा हिस्सा भरभरा कर गिर गया। गनीमत रही कि ट्राला पलटा नहीं, वरना कोई बड़ी जनहानि हो सकती थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सीमेंट से लदा एक भारी ट्राला बाईपास से गुजर रहा था तभी चिलाका मार्ग मोड़ के समीप अचानक चालक वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा और तेज रफ्तार ट्राला सड़क किनारे बनी एक बाउंड्रीवाल को तोड़ते हुए आगे बढ़ गया। टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर दौड़ पड़े। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि ट्राला सीमेंट की बोरिया थी। टक्कर के बाद ट्राला एक ओर हल्का झुक गया था और बाल-बाल पलटने से बचा। यदि वाहन सड़क पर या किसी दुकान की ओर पलटता, तो स्थिति गंभीर हो सकती थी। बाउंड्रीवाल गिरने के कारण वाहन की गति थम गई। जिससे चालक और राहगीर सुरक्षित बच गए। हादसे के बाद कुछ देर के लिए मार्ग पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

### भट्टे से ईंट लेने के लिए घर से निकला युवक लापता, पड़ोसी पर आरोप

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना नवाबगंज के गांव पुठरी निवासी कांति देवी पत्नी अवधेश सिंह ने नवाबगंज थाने में शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि शनिवार को पुत्र नीलेश कुमार घर से दोपहर लगभग बारह बजे करनपुर भट्टे से ईंट लेने की बात कहकर घर से निकला था। जो अभी तक वापस घर नहीं लौटा। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन नीलेश का कुछ पता नहीं चल सका। मां कांति देवी ने गांव के ही निवासी युवक व उसके परिजनों पर पुत्र को गायब करने का शक जताया और बुधवार थाने पहुंचकर पुलिस को युवक व उसके परिजनों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने का भरोसा दिया।

### किशोरी को बदनियती से दबोचा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में परचून की दुकान के अंदर एक नाबालिक किशोरी से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार ने कोतवाली पहुंचकर आरोपी के खिलाफ तहरीर दी है। दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया गया है कि मंगलवार 3 फरवरी को उसकी 16 वर्षीय नाबालिग बहन गांव में ही स्थित परचून की दुकान पर सामान लेने गई थी। इसी दौरान उसका पड़ोसी का पुत्र अदीव दुकान के अंदर घुस आया और बदनियति से बहन को दबोच लिया। विरोध किया तो आरोपी युवक जबरदस्ती करने लगा। किशोरी की चीख पुकार सुनकर जैसे ही कुछ लोग मौके पर पहुंचे, तो ग्रामीणों को अपनी ओर आता देख आरोपी मौके से फरार हो गया।

### ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कमालगंज थाना क्षेत्र के कतरौली पट्टी निवासी रेनू देवी की बुधवार शाम ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। यह हादसा कमालगंज स्टेशन पर हुआ। रेनू देवी पैसेंजर ट्रेन से लखनऊ दवा लेने जा रही थीं। स्टेशन पर पटरी पार करते समय वह एक एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गईं। जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटनास्थल पर भीड़ जमा हो गई। मृतक रेनू देवी पूर्व सैनिक विजय सिंह चौहान की पत्नी थीं। खुदागंज चौकी प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी और आरपीएफकी टीमें मौके पर पहुंचीं और आवश्यक कार्रवाई की। चौकी से भी सिपाही जांच पड़ताल के लिए भेजे गए हैं। पोस्टमॉर्टम के लिए शव भेज दिया गया है।

# सुमन श्रीवास्तव को एसपी ने किया सम्मानित

- प्रभागीय वनाधिकारी ने सौंपा पत्र

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा सुमन श्रीवास्तव को जिला पर्यावरण समिति का सदस्य नामित किये जाने पर समाज के लोगों ने प्रदेश के वन एवं पर्यावरण मंत्री  का आभार व्यक्त किया है।

शासन द्वारा जिला पर्यावरण समिति का सदस्य सुमन श्रीवास्तव को नामित किये जाने का पत्र प्रभागीय वनाधिकारी राजीव कुमार ने पत्र सौंपकर उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर उनके समर्थकों ने प्रभागीय वनाधिकारी को भी माला पहनाकर स्वागत किया। जिला पर्यावरण समिति की सदस्य सुमन श्रीवास्तव ने कहा कि शासन द्वारा दी गई जिम्मेदारी पर खरा उतरने का प्रयास करूंगी और पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरुक करेंगे। इस मौके पर कायस्थ समाज के लोगों ने कहा है कि गर्व की बात है कि प्रदेश के वन मंत्री ने कायस्थ समाज को जो सम्मान दिया है उसके लिए हम सभी लोग उनके आभारी रहेंगे। पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने भी जिला पर्यावरण समिति की नामित सदस्य सुमन श्रीवास्तव को माला पहनाकर उन्हें बधाई दी। इस मौके पर धर्मेन्द्र श्रीवास्तव, सदर रेंजर अनूप कुमार, कायमगंज रेंजर राजेश कुमार, सुनील सक्सेना एडवोकेट, राजेश हजेला, भाजपा नेता प्रदीप सक्सेना, देवेन्द्र श्रीवास्तव, जितेन्द्र श्रीवास्तव, भूपेश श्रीवास्तव, प्रसून सक्सेना आदि लोग मौजूद रहे।


प्रभागीय वनाधिकारी से पत्र प्राप्त करते के दौरान सुमन श्रीवास्तव आदि

# आबकारी निरीक्षक ने शराब दुकानों पर की छापेमारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी जी0पी0 गुप्ता के पर्यवेक्षण में  प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत बुधवार को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-3 रीता वर्मा मय स्टाफ द्वारा  थाना अमृतपुर के अंतर्गत आबकारी दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया।

स्टाक रजिस्टर, पीओएस से बिक्री, ऑनलाइन पेमेंट व सीसीटीवी कैमरा का परीक्षण किया गया। आबकारी निरीक्षक रीता वर्मा ने बताया कि जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण बिक्री/परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन कार्य निरंतर जारी रहेगा।


शराब दुकान का निरीक्षण करती आबकारी निरीक्षक रीता वर्मा

# कस्तूरबा गांधी विद्यालय में झूला झूलते समय छात्रा गिरी, हाथ टूटा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय राजेपुर में मंगलवार को झूला झूलते समय गिरने से एक छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे में छात्रा का हाथ टूट गया। विद्यालय की वार्डन ने तत्परता दिखाते हुए छात्रा को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर में भर्ती कराया।

जानकारी के अनुसार 11 वर्षीय दीपिका पुत्री रामकरन निवासी सुंदरपुरए जो कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में कक्षा 7 की छात्रा है। बुधवार अपराह्न लगभग 3 बजे विद्यालय परिसर में झूला झूल रही थी। इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से वह झूले से नीचे गिर गई। जिससे उसका हाथ टूट गया। घटना की सूचना मिलते ही वार्डन ममता ने एंबुलेंस की मदद से छात्रा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर पहुंचाया। वहां एक्स-रे जांच के बाद चिकित्सक डॉ0 अमित वर्मा ने छात्रा के हाथ में फ्रैक्चर होने की पुष्टि की। हालत को देखते हुए छात्रा को लोहिया अस्पताल फर्रुखाबाद के लिए रेफर कर दिया गया। वार्डन ममता ने बताया कि उपचार के बाद छात्रा के पिता उसे अपने साथ लेकर लोहिया अस्पताल चले गए। विद्यालय प्रशासन द्वारा घटना की जानकारी उच्चाधिकारियों को भी दे दी गई है।


लोहिया में भर्ती छात्रा

# मुख्य चौराहे पर रेहड़ी-पटरी वालों का कब्जा, लोग जाम से परेशान

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

नगर के मुख्य चौराहे के आसपास रेहड़ी-पटरी वालों के अतिक्रमण के कारण यातायात बाधित हो रहा है। इससे बड़े वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं। जिससे क्षेत्र के लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर के मुख्य बाजार में स्थित मछली मंडी भी आम जनमानस के लिए एक बड़ी समस्या बन गई है। बाजार में दुकानदार सड़क पर बेंच और तख्त लगाकर सामान बेचते हैं। जिससे फुटपाथ पर कब्जा हो गया है। वहीं मांस और मछली खरीदने वाले ग्राहक अपने वाहन सड़क पर ही खड़े कर देते हैं। इस वजह से अक्सर घंटों तक जाम की स्थिति बनी रहती है। मछली मंडी से गुजरने वाले लोगों को दुर्गंध के कारण हर रोज अपने मुंह पर कपड़ा लगाकर निकलना पड़ता है। ऐसी ही एक स्थिति बुधवार शाम करीब तीन बजे देखने को मिली। मांस और मछली खरीदने वाले ग्राहकों ने एक कार और कई बाइकों को सड़क पर खड़ा कर दिया। जिससे यातायात अवरुद्ध हो गया और लंबा जाम लग गया। स्थानीय निवासियों जैसे अंकुर गुप्ता, आलोक मिश्रा, विकास गुप्ता, सुनील राठौर और अभी कुमार ने बताया कि अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई न होने के कारण लोगों को घंटों जाम में फंसे रहना पड़ता है। उन्होंने प्रशासन से इस समस्या के समाधान की मांग की है। अधिशासी अधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया मुख्य बाजार मार्ग पीडब्ल्यूडी के नीचे है, इसलिए अतिक्रमण की कार्रवाई पीडब्ल्यूडी के अधिकारी करें।


जाम में फंसे लोग

# ऑल इंडिया किसान यूनियन ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन


तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते पदाधिकारीगण

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

ऑल इंडिया किसान यूनियन ने किसानों की जमीनों पर हुए अवैध कब्जों को हटाने की मांग को लेकर तहसीलदार विक्रम सिंह को एक ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन जिलाधिकारी को संबोधित था और जिला अध्यक्ष कमलेश राजपूत के नेतृत्व में दिया गया। ज्ञापन में जिलाध्यक्ष कमलेश राजपूत ने बताया कि कुछ किसान कार्यकर्ताओं की जमीनों पर दबंगों ने अवैध कब्जा कर रखा है। यूनियन ने प्रशासन से इन जमीनों को तत्काल कब्जा मुक्त कराने की मांग की है। यूनियन ने शमसाबाद थाना क्षेत्र के कौआ नगला गांव निवासी विधवा चंपा देवी के मामले का विशेष रूप से उल्लेख किया। आरोप है कि गंगा दरवाजा और नसरुल्लापुर निवासी कुछ लोगों ने उनकी जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया है। जब चंपा देवी और उनकी पुत्रवधू पूनम ने इसका विरोध किया, तो कथित तौर पर उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट की गई तथा उनके कपड़े फाड़ दिए गए। यूनियन ने इस मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इसके अतिरिक्त गांव महलई निवासी तोताराम और रामवीर की 55 बीघा जमीन पर भी पूर्व प्रधान द्वारा अवैध कब्जे का आरोप लगाया गया है। ज्ञापन में कुल पांच अन्य किसानों की जमीनों पर भी इसी तरह के कब्जे का आरोप लगाते हुए उन्हें तत्काल मुक्त कराने की मांग की गई है। जिलाध्यक्ष कमलेश राजपूत ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही इन किसानों की भूमि से अवैध कब्जे नहीं हटाए गए, तो यूनियन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। ज्ञापन सौंपते समय डॉक्टर अजय शाक्य, राम प्रताप, सुखराम सिंह सहित कई अन्य किसान भी उपस्थित रहे।

# व्यापारियों ने प्रीपेड मीटर को लेकर खोला मोर्चा, मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कायमगंज क्षेत्र में प्रीपेड मीटर लगाए जाने की तैयारियों के विरोध में व्यापारियों ने मोर्चा खोल दिया है। बुधवार को व्यापार मंडल के दर्जनों पदाधिकारी रूटोल स्थित बिजली उपकेंद्र पहुंचे। उन्होंने अधिशासी अभियंता को मुख्यमंत्री को संबोधित 19 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों ने स्पष्ट किया कि उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान किए बिना प्रीपेड मीटर योजना थोपना स्वीकार्य नहीं होगा।

ज्ञापन में व्यापारियों ने प्रीपेड मीटर लगाने से पहले उपभोक्ताओं की जमा सिक्योरिटी राशि वापस करने की मांग की। उनका तर्क है कि जब बिजली पहले से रिचार्ज होगी, तो सिक्योरिटी रखने का कोई औचित्य नहीं है। इसके अतिरिक्त प्रीपेड मीटर लगने के बाद फिक्स चार्ज, मिनिमम चार्ज और इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी को समाप्त कर केवल उपभोग की गई यूनिट के आधार पर बिलिंग की जाए। व्यापार मंडल ने बिजली विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार पर भी सवाल उठाए। उन्होंने मांग की कि मीटर उतारते या लगाते समय 100 प्रतिशत मामलों में सीलिंग सर्टिफिकेट मौके पर ही दिया जाए। लैब जांच के नाम पर उपभोक्ताओं पर चोरी के झूठे आरोप लगाने और एफआईआर दर्ज करने पर रोक लगाई जाए। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि 25-30 साल पुराने पीडी कनेक्शनों की आरसी जारी करना अवैध वसूली का माध्यम बन गया है। ज्ञापन में सोलर नेट मीटरिंग वाले उपभोक्ताओं के बिल सॉफ्टवेयर में सुधार करने की भी मांग की गई। उन्होंने यह भी मांग की कि वर्तमान ओटीएस (एकमुश्त समाधान) योजना का लाभ केवल छोटे उपभोक्ताओं तक सीमित न रखकर सभी औद्योगिक और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को भी दिया जाए। व्यापारियों ने बिजली कटौती का रोस्टर सार्वजनिक करने और अघोषित कटौती बंद करने की मांग की। अन्य मांगों में कार्यालय में प्रार्थना पत्र की अनिवार्य रूप से रिसीविंग देना, मीटर की जांच लीगल मेट्रोलॉजी विभाग से प्रतिवर्ष कराना और चेक मीटर लगाते समय मौके पर सीलिंग सर्टिफिकेट देना शामिल है। उन्होंने लाइन लॉस अधिक होने पर संबंधित जेई और एसडीओ की जवाबदेही तय करने की भी मांग की। ज्ञापन पर व्यापार मंडल के पवन गुप्ता, मनोज कौशल, संजय गुप्ता, अमित सेठ, संजीव अग्रवाल, लखपति बाबू सक्सेना, रश्मि दुबे, मधु गंगवार, आरती कश्यप, अतुल गुप्ता सहित कई पदाधिकारियों के हस्ताक्षर थे।


अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपते व्यापारी नेता

# किसी भी मौसम में हो सकता है डायरिया: जिला प्रतिरक्षण अधिकारी

- डायरिया से सुरक्षा प्रदान करता ओआरएस और जिंक


कैम्प में मौजूद चिकित्सक व स्थानीय लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

डायरिया बच्चों में होने वाली एक बीमारी है जिसके तहत बच्चों को पानी जैसे पतले दस्त होने लगते हैं इसी की रोकथाम के लिये पांच वर्ष तक के बच्चों को ओआरएस और जिंक की टेबलेट दी जाती है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. सर्वेश यादव ने ठंडी सड़क और राजीव गांधी नगर में हो रहे टीकाकरण के दौरान यह बातें कहीं। पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया लखनऊ से आये सीनियर प्रोग्राम मैनेजर अनिल द्विवेदी,अमरीश पांडे, अनुपम मिश्र, यूएनडीपी से मानव शर्मा और नगरीय स्वास्थ्य केंद्र से मेडिकल ऑफिसर डॉ. शिवानी, फार्मासिस्ट पंकज आदि मौजूद रहे।

डॉ. सर्वेश यादव ने कहा कि डायरिया किसी भी मौसम में हो सकता है कभी कभी यह रोग बच्चों में जानलेवा भी हो जाता है। अगर आपके बच्चे को दो या तीन से अधिक पानी जैसे पतले दस्त आ रहे हैं तो अपनी क्षेत्र की आशा बहुए व एएनएम से संपर्क करें। जिससे आपके बच्चे के शरीर में होने वाली पानी की कमी को ओआरएस और जिंक के माध्यम से पूरा किया जा सके। बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं, इनका टीकाकरण बहुत जरुरी है, टीकाकरण बच्चों को 12 जानलेवा बीमारियों से सुरक्षा देते हैं, इसलिए हमें अपने बच्चों को समय पर टीके लगवा लेने चाहिए। इस दौरान एएनएम आरती सागर, राखी, आशा कार्यकर्ता संध्या आदि लोग मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी के आदेश पर चेकिंग कर ओवरलोड खनन सामग्री ढोते दो ट्रक सीज

- टैक्स बकाया में दो ट्रकों पर भी की गई कार्यवाही


पकड़े गये ट्रक की जानकारी देते परिवहन अधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देशन में बुधवार को एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत द्वारा संजय प्रताप खनन अधिकारी के साथ बघार क्षेत्र में खनन सामग्री ढोने वाले वाहनों के विरूद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान बिना एचएसआरपी लगाये खनन सामग्री ढोते हुये 2 ओवरलोड ट्रक पकड़े गये तथा इन पर परिवहन विभाग द्वारा रू0 74 हजार का जुर्माना लगाया गया तथा खनन विभाग द्वारा रू0 48 हजार जुर्माना लगाया गया। जाँच के दौरान पाया गया कि खनन विभाग के पोर्टल पर इनका पंजीकरण नहीं था, इसलिये इन वाहनों की वीटीएस के माध्यम से ऑनलाइन निगरानी सम्भव नहीं थी। की गई कार्यवाही में परिवहन विभाग द्वारा 2 ट्रक टैक्स बकाया में सीज भी किये गये तथा एक बिना परमिट ट्रक सीज किया गया। परिवहन विभाग द्वारा रू0 2.18 लाख तथा खनन विभाग द्वारा रू0 48 हजार जुर्माना लगाया गया।

## अंधविश्वास के विरुद्ध जागरुकता कार्यक्रम आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद लखनऊ के निर्देशानुसार जिला विज्ञान क्लब फर्रुखाबाद के तत्वाधान में अंधविश्वास के विरुद्ध जागरुकता कार्यक्रम के तहत आयोजन जनता राष्ट्रीय इंटर कालेज फतेहगढ़ में 5 फरवरी गुरुवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक सम्पन्न होगा। जानकारी देते हुए प्रधानाचार्या दीपिका राजपूत ने बताया कि कक्षा 12 कला वर्ग गृहविज्ञान विषय की बोर्ड की प्रयोगात्मक परीक्षा 05 फरवरी को आयोजित होगी। कक्षा 12 विज्ञान वर्ग रसायन विज्ञान विषय की बोर्ड की प्रयोगात्मक परीक्षा 07 फरवरी को आयोजित होगी। छात्राएँ महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में में प्रातः 10 बजे उपस्थित हो। कार्यक्रम जनता राष्ट्रीय इंटर कालेज फतेहगढ़ में प्रधानाचार्य डॉ. विनीत सिंह की देखरेख में सम्पन्न होगा।

# बाल विवाह रोकथाम के प्रति किया गया जागरुक


बैठक में मौजूद अधिकारी व अन्य

- मिशन वात्सल्य योजना के तहत चलाया जा रहा है कार्यक्रम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी के आदेशानुसार खण्ड विकास अधिकारी राधेश्याम की अध्यक्षता में शमसाबाद ब्लॉक में मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत गठित ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन हुआ। उन्होंने कहा कि बच्चे ही देश का भविष्य हैं, उन्हें उचित संरक्षण प्रदान किया जाए और सरकारी योजनाओं से अधिक से अधिक जोड़ा जाए। आपके आस पास कोई भी असहाय बच्चा प्राप्त होता है, तो तुरंत उसकी सहायता करें। चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर 1098 पर सूचित करें। उन्होंने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत सभी को शपथ दिलायी और बाल विवाह की रोकथाम के लिए सतर्क रहने को कहा।

बाल संरक्षण अधिकारी सचिन सिंह ने समस्त अधिकारीगणों को महिला कल्याण विभाग के द्वारा महिलाओं एवं बच्चों के सशक्तिकरण हेतु संचालित योजनाओ जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य आदि के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ ही बाल विवाह के दुष्परिणामों के विषय में बताया कि बाल विवाह करने अथवा कराने पर 01 लाख रुपये जुर्माना एवं 2 वर्ष तक का कारावास अथवा दोनों से दण्डित किया जा सकता है। इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी संजीव कुमार, बृजेंद्र सिंह, खंड चिकित्साधिकारी के प्रतिनिधि डॉ. कुलभूषण सिंह, मुख्य सेविका नेहा राठौर, परामर्शदाता प्रवीण गुप्ता, बाल कल्याण पुलिस अधिकारी उप निरीक्षक सुरेश कुमार, शिक्षा विभाग से मनोज गंगवार मौजूद रहे।


बच्चों को प्रशिक्षण देते ट्रेनर

# तृतीय सोपान शिविर में टेंट बनाने की सिखाई गयी विधि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय पाठशाला इंटर कॉलेज में आयोजित तृतीय सोपान जांच शिविर के तीसरे दिन का शुभारंभ बीपी 6 से हुआ। जिला मुख्य आयुक्त दिनेश कुमार वर्मा प्रधानाचार्य भारतीय पाठशाला इंटर कॉलेज ने स्काउट और गाइड को स्काउट और गाइड से मिलने वाले लाभ की जानकारी दी। मुख्य प्रशिक्षक जिला संगठन आयुक्त गाइड चमन शुक्ला, तरुण कुमार शुक्ला ने बंधन व टेंट लगाना सिखाए तथा प्रशिक्षक जिला संगठन आयुक्त स्काउट गजेंद्र सिंह चौहान ने स्काउट गाइड को गैजेट्स बनाना सिखाया। प्रशिक्षक पुष्पेंद्र कुमार शर्मा एवं पूर्व प्रधानाचार्य प्रमोद चंद गंगवार ने प्राथमिक चिकित्सा का पाठ पढ़ाया। इस अवसर पर सुनीता दुबे, पूजा वर्मा उपस्थित रहे।

# माय भारत बजट क्वेस्ट 2026 पोस्टर का हुआ शुभारंभ


पोस्टर का शुभारम्भ करते डीएम, सीडीओ आदि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के माय भारत के तत्वावधान में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं के लिए आयोजित की जा रही माय भारत बजट क्वेस्ट 2026 क्विज प्रतियोगिता के पोस्टर का शुभारंभ कलेक्ट्रेट परिसर में किया गया। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी, मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़, परियोजना निदेशक डीआरडी डॉ. कपिल कुमार तथा क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी दीप्ति एवं जिला पंचायत राज अधिकारी राजेश चौरसिया ने संयुक्त रूप से पोस्टर का अनावरण किया।

डीएम ने कहा कि बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि देश की विकास दिशा का रोडमैप होता है। माय भारत बजट क्वेस्ट जैसी प्रतियोगिताएं युवाओं को आर्थिक समझ, नागरिक चेतना और राष्ट्र निर्माण से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि आज का जागरूक युवा ही कल का सशक्त भारत बनेगा। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं युवाओं में विश्लेषणात्मक सोच और निर्णय क्षमता विकसित करती हैं। जिला युवा अधिकारी शिखर रस्तोगी ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य केंद्रीय बजट को आमजन के लिए सरल व सुलभ बनाना है इससे युवाओं में वित्तीय साक्षरता बढ़ेगी और भी नीति निर्माण की प्रक्रिया को समझ सकेंगे प्रतियोगिता महाविद्यालय, शिक्षण संस्थाओं व कोचिंग केंद्रों के माध्यम से कराई जाएगी यह प्रतियोगिता 15-29 वर्ष के युवाओं के लिए है। इच्छुक युवा माय भारत पोर्टल पर स्वयं को पंजीकृत कर क्विज़ प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। पहले चरण में ऑनलाइन क्विज दूसरे चरण में राज्य स्तर पर निबंध प्रतियोगिता तथा चयनित युवाओं का केंद्रीय बजट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से वर्चुअल संवाद होगा। माय भारत की यह पहला युवाओं को बजट नीति और राष्ट्र विकास से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# स्कूल प्रबंधन समिति की मासिक बैठक सम्पन्न

- बच्चों के साथ स्कूल का सर्वांगीण विकास में प्रधानाध्यापक की भूमिका सराहनीय: नबाब सिंह वर्मा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विकास खण्ड कायमगंज के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में स्कूल प्रबंधन समिति की मासिक बैठक सम्पन्न हुई। अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ भाजपा नेता चीनी मिल संघ के प्रांतीय सदस्य एसएनएम इंटर कालेज कायमगंज के सेवानिवृत्त प्रवक्ता नबाब सिंह वर्मा ने कहा कि प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल की सराहनीय कार्यशैली को देखते हुए सांसद मुकेश राजपूत से शिक्षक पुरस्कार दिलाने की मांग की जायेगी। सांसद प्रतिनिधि अशोक कुमार वर्मा ने उपस्थित अभिभावकों से वोटर लिस्ट का गहन निरीक्षण कर जिनके नाम वोटर लिस्ट में शामिल नहीं है वह तत्काल फार्म 6 भरकर जमा करें। उन्होंने कहा कि कल गांव में शिविर लगाकर वोट बनवाने का काम किया जायेगा। प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने कहा कि इस माह नौ तारीख को निपुण टेस्ट होगा, जिसमें सभी छात्रों की उपस्थिति अनिवार्य है। प्रधानाध्यापक ने सभी का आभार जताते हुए मेवायुक्त हलवा और चाय का वितरण करा कर बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में प्रधानपति सूर्य कुमार वर्मा, हुकुम सिंह, जयवीर, श्याम सिंह, रामकुमार, भूपेंद्र, प्रीतम, नेहा, गौतम, मोना, नफीसा, फूलन देवी, शीतल, सत्यवती, आशा, उमा आदि उपस्थित रहे।

# डीएम ने सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय का किया निरीक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी द्वारा सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यालय की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के रख-रखाव, जनसुविधाओं तथा साफ-सफाई की स्थिति का गहनता से अवलोकन किया। डीएम ने विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि आमजन से संबंधित कार्यों का निस्तारण समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए। उन्होंने लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण, कार्यालय में आने वाले नागरिकों के साथ शालीन व्यवहार सुनिश्चित करने तथा निर्धारित समय में सेवाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने, कार्यालय के सामने के ढलान को सही कराने, अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण एवं डिजिटल सेवाओं के प्रभावी उपयोग हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। डीएम ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनसेवा सर्वोपरि है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी।


निरीक्षण करते डीएम

इस अवसर पर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन व प्रशासन सहित विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू सेना ने मुख्यमंत्री से लगायी ग्रामीणों के मकान बचाने की गुहार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**
अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू सेना ने समाजहित के लिए प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ को नगर मजिस्ट्रेट के माध्यम से पत्र भेजा है। जिसमें दर्शाया कि लघु सिचाई विभाग द्वारा नवाबगंज के गांव बसेली में तालाब का नव निर्माण सौन्दर्यकरण का कार्य प्रगती पर है। जिससे हमारे गांव के 50 से अधिक मकान प्रभावित हो रहे है। अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू सेना के प्रदेश महामंत्री शिवम त्रिपाठी ने मांग की है कि इस मामले को सरकार व स्थानीय अधिकारी गंभीरता से लें और उच्च स्तरीय जांच कराकर खड़ंजा को छोड़कर तालाब के सौन्दर्यकरण का कार्य कराया जाये। क्षेत्रीय लेखपाल हम सभी ग्रामीणों को मानसिक रुप से पीड़ित कर रहे है। जहां से नाप होनी चाहिए, उस जगह को छोड़कर गलत स्थान की नाप कर रहे है। यह सब वह अपने निजी लाभ के लिए कर रहे है। शिकायती पत्र में हस्तार करने वाले सुमित शुक्ला व मोनू पाण्डेय आदि के है।

# बिना नवीनीकरण कराये शीतगृह का न करें भण्डारण: राघवेन्द्र सिंह

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में कुल 111 शीतगृह संचालित है। आलू एवं शाकभाजी विकास अधिकारी राघवेन्द्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में संचालित शीतगृहों के शीतगृह स्वामी/प्रबन्धक अपने से सम्बन्धित शीतगृह लाइसेन्स की अवधि माह 31 दिसम्बर 2025 को समाप्त हो चुकी है।

कार्यालय से नोटिस/दूरभाष के माध्याम से भी बार-बार अवगत कराया जा रहा है, परन्तु जिस भी शीतगृह स्वामी/प्रबधंक द्वारा वर्ष 2026 में कृषको का आलू भण्डारण हेतु लाइसेन्स नवीनीकरण के समस्त प्रपत्र बुधवार को कार्यालय में प्रस्तुत नहीं किये गये है एवं शीतगृहो द्वारा लाइसेन्स नवीनीकरण में न ही रूचि ली जा रही है, जबकि शीतगृह में आलू भण्डारण का समय नजदीक है, ऐसी स्थिति में बिना शीतगृह लाइसेन्स के सम्बन्धित कोल्ड़ स्टोरेज में कृषको के आलू का भण्डारण कदापि न किया जाये, साथ ही शीतगृह नवीनीकरण हेतु समस्त प्रपत्र कार्यालय में उपलब्ध कराये। साथ ही बिना शीतगृह लाइसेन्स नवीनीकरण कराये आलू भण्डारण किया जाता है तो उत्तर प्रदेश कोल्ड स्टोरेज विनियमन अधिनियम-1976 के संगत प्राविधानों के अन्तर्गत आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

## ब्रेक डाउन के चलते विद्युतापूर्ति दो घंटे रही ठप्प

**जालौन ,उरई।** ब्रेक डाउन होने के कारण नगर की बिजली आपूर्ति सुबह दो घंटे ठप्प रही। इसके बाद भी लुका-छिपी का खेल चलता रहा है। बिजली आपूर्ति ठप होने से पेयजलापूर्ति भी बंद हो गई, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। उदोतपुरा बिजलीघर में अचानक खराबी आने के कारण सुबह लगभग 10 बजे ब्रेक डाउन हो गया। बिजलीघर के मुख्य फीडर में आई खराबी को लगभग डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद उसे ठीक किया जा सका। बिजलीघर में आई खराबी के कारण नगर के तीनों फीडर पर सुबह लगभग पौने 10 से दोपहर 12 बजे तक नगर की बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई। इसके पहले सुबह आठ बजे से साढ़े नौ बजे तक डेढ़ घंटे रोस्टिंग के चलते नगर की बिजली आपूर्ति बंद रही।

# दंपत्ति को टक्कर मारकर भागी कार, नहर में गिरी दो की मौत

**कोटरा,जालौन समृद्धि न्यूज।**

थाना कोटरा क्षेत्र में बुधवार सुबह एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हो गया। कोटरा-एट मार्ग पर बिनौरा नहर पुल के पास तेज रफ्तार सफेद रंग की टाटा पंच कार अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी। इस हादसे में कार सवार दो लोगों की डूबने से मौत हो गई जबकि पहले हुई टक्कर में बाइक सवार दंपत्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सफेद रंग की टाटा पंच कार ने ग्राम करथरा मोड़ के पास मोटरसाइकिल सवार दंपत्ति को जोरदार टक्कर मार दी। मोटरसाइकिल पर रियाज मिर्जा पुत्र स्व. मिस्टर मिर्जा अपनी पत्नी के साथ थाना कोटरा क्षेत्र से एट की ओर जा रहे थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों पति-पत्नी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे के बाद कार चालक घबराकर मौके से फरार हो गया और करीब दो किलोमीटर आगे तक वाहन को तेज गति से दौड़ाता रहा। इसी दौरान बिनौरा नहर पुल के पास कार का संतुलन बिगड़ गया और कार नंबर यूपी 92 एएम 2662 सीधे नहर में जा गिरी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू अभियान चलाया गया। कार को बाहर निकलवाया गया जिसमें दो व्यक्ति फंसे हुए मिले।

# फर्रुखाबाद को पांचाल नगर बनाने की मांग ने पकड़ा जोर


हस्ताक्षर करते लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

फर्रुखाबाद का नाम बदलकर पांचाल नगर करने का हिन्दू समाज पार्टी का हस्ताक्षर अभियान जारी है। बुधवार को जमापुर तिराहे पर हिन्दू समाज पार्टी के कार्यकर्ता अनमोल पाण्डेय के नेतृत्व में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जिसमें 388 लोगों ने हस्ताक्षर किये। प्रदेश अध्यक्ष अंकित तिवारी ने कहा कि हस्ताक्षर अभियान को जनपद का व्यापक समर्थन मिल रहा है, हम जनपद के हर व्यक्ति तक पहुँचने में असमर्थ रहे, लेकिन अभी तक 17450 लोगों के हस्ताक्षर हो चुके हैं। हमारा टारगेट 15000 हस्ताक्षर का था जो हम पूरा कर चुके हैं, गुरुवार को हस्ताक्षर अभियान का अंतिम दिन है। फर्रुखाबाद शहर के मुख्य चौक चौराहे पर हस्ताक्षर अभियान दोपहर 11 बजे से शाम 7:30 बजे तक चलाया जायेगा। हस्ताक्षर अभियान के दौरान सुरजीत बाल्मीकि, शुभम पाठक, देवेंद्र पाण्डेय, आशुतोष द्विवेदी, मोहित दुबे आदि मौजूद रहे।

## जान से मारने की धमकी देने वाले पांच को पांच-पांच वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जान से मारने की धमकी व फसल काट लेने के मामले में विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान ने अभियुक्त ब्रह्मानंद, सदानन्द, दर्शन देवी, मुन्नालाल, मोर सिंह को 5-5 वर्ष के कठोर कारावास व 15-15 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। कोतवाली कायमगंज के ग्राम जयसिंहपुर निवासी रवीन्द्र सिंह पुत्र जानकी सिंह ने दर्ज कराये मुकदमे में दर्शाया था कि उसके पिता ने एक खेत भूमि खसरा नं0 335/0.821 हे0 स्थित ग्राम वमुरूलिया परगना शमशाबाद पश्चिम थाना नबावगंज को नीलामी द्वारा क्रय किया था तथा नीलामी के समय वर्ष 1996 से आज तक उपरोक्त भूमि पर काबिज व दखील है। इस वर्ष उपरोक्त भूमि के 1/2 भाग पर अरहर व 1/2 भाग में सरसों की फसले बोयी थी। अरहर की फसल बिल्कुल तैयार खडी थी। 15 जनवरी 2001 को अपने पिता के साथ उक्त खेत पर फसल को देखने के लिए गया था, तभी ग्राम वमरूलिया थाना नबावगंज हाल निवासी ग्राम कड़िउली थाना नगांवगंज के ब्रहम्मानन्द, ब्रहचारी, दर्शन देवी तथा मुन्ना लाल, गया सिंह, मोर सिंह व सत्यप्रकाश असलहों बन्दूक तमंचों को लिए हुए थे। खेत में खड़ी अरहर की फसल काट रहे थे। विरोध करने पर दबंगों ने जान से मारने की धमकी दी और सम्पूर्ण फसल काटकर घर पर रख ली। विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान ने अभियुक्त ब्रह्मानंद, सदानन्द, दर्शन देवी, मुन्नालाल, मोर सिंह को 5-5 वर्ष के कठोर कारावास व 15-15 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। जुर्माने की धनराशि में से 50 हजार रुपये क्षतिपूर्ति के रुप में वादी को दी जायेगी।

# पंकज अवस्थी बने राष्ट्रवादी नवनिर्माण दल के जिलाध्यक्ष


राष्ट्रीय अध्यक्ष से मनोनयन पत्र लेते पंकज अवस्थी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश की राजनीति में ब्राह्मण समाज को लुभाने की कोशिशें तेज हो गई हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीकांत त्यागी के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी नवनिर्माण दल (रानद) ने अब मध्य क्षेत्र में अपनी पैठ मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। पार्टी ने जनपद में ब्राह्मण नेता पंकज अवस्थी को जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। यह कदम ब्राह्मण समाज को साधने की रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है, जहां ब्राह्मण वोटर विधानसभा चुनावों में निर्णायक भूमिका निभाते हैं।

पश्चिम उत्तर प्रदेश में पहले से सक्रिय रानद अब मध्य क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही है। यह नियुक्ति सामाजिक इंजीनियरिंग का हिस्सा है। पूरे देश, खासकर उत्तर प्रदेश में ब्राह्मणों पर अत्याचार के आरोप लगते रहे हैं, ऐसे में रानद लगातार ब्राह्मण समुदाय के नेताओं को प्रमुख पदों पर नियुक्त कर रही है। पार्टी भगवान परशुराम के विचारों को अपनी विचारधारा का आधार बनाकर चल रही है।

पंकज अवस्थी की नियुक्ति की घोषणा पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव संगठन अभिषेक त्यागी ने नोएडा स्थित कैंप कार्यालय पर की। अवस्थी ने कहा, यह जिम्मेदारी ब्राह्मण समाज की आवाज को मजबूत करने का अवसर है। हम अत्याचारों के खिलाफ लड़ेंगे और समाज की एकजुटता सुनिश्चित करेंगे।

## नगर पालिका अध्यक्ष व ईओ, कादरीगेट थानाध्यक्ष सहित सात के विरुद्ध परिवाद दायर

- तालाब का मुकदमा दीवानी न्यायलय में विचाराधीन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फर्रुखाबाद के बढ़पुर क्षेत्र मोहल्ला अल्लाह नगर निवासिनी कान्ति देवी पत्नी सरवन ने मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी न्यायाधीश के समक्ष आशीष शर्मा नगर पालिका कर्मचारी, नगर पालिका अध्यक्ष व तत्कालीन नगर पालिका अध्यक्ष व पूर्व एमएलसी, कादरी गेट थानाध्यक्ष कपिल चौधरी, सभासद धर्मेंद्र कन्नौजिया, ईओ विनोद शुक्ला, लेखपाल जगपाल के विरुद्ध अधिवक्ता के माध्यम परिवाद दायर किया। जिसमें बताया कि बढ़पुर स्थित तालाब मेरे पूर्वजों का जो बाप दादा के नाम चला आ रहा है। पीड़िता का कहना है कि लगभग पांच लाख रुपए की तालाब में मछली पालन करवाया था और उन्हें दाना पानी भी दिया जा रहा था। उपरोक्त लोगों ने तालाब पर आकर कहा इसका सौंदर्यीकरण कराएंगे। थाना अध्यक्ष ने गंदी-गंदी गालियां दी और कहा कि तुझको मुकदमे में फंसा कर जेल भेज देंगे यह घटना कई लोगों ने देखी। इस तालाब का मुकदमा दीवानी न्यायलय में विचाराधीन है।

जब तक न्यायलय में मामला विचाराधीन है तब तक पुलिस हस्तक्षेप नहीं कर सकती है। आशीष व धर्मेंद्र के कहने पर यह सब कार्यवाही की जा रही है। इस संदर्भ में पूर्व एमएलसी मनोज अग्रवाल ने बताया कि राजस्व विभाग तय करेगा कि तालाब किसका है। कागजों में राजस्व विभाग की जगह है तो राजस्व विभाग अपने स्तर से कार्यवाही करेगा। मुझ पर व वर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष पर जो आरोप लगाये गये है वह निराधार है।

# व्यापार मण्डल ने चौकी इंचार्ज के खिलाफ आंदोलन किया तेज

- फिर फूंकेगें भ्रष्ट पुलिस कर्मियों का पुतला
- आज व्यापारियों से मिलेगें युवा व्यापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उद्योग व्यापार मण्डल के युवा जिलाध्यक्ष अंकुर श्रीवास्तव सहित अन्य 22 व्यापारियों पर मशाल जुलूस निकालने को लेकर दर्ज हुए मुदकमे के विरोध में व्यापार मण्डल चौकी इंचार्ज का पुतला फूंकने की तैयारी कर रहा है। जानकारी देते हुए अंकुर श्रीवास्तव ने बताया कि इस संदर्भ में चौकी इंचार्ज व सिपाही के खिलाफ एसपी को ज्ञापन दिया गया था, लेकिन उसके बाद न ही जांच हुई और न ही कार्यवाही हुई। समय बीत जाने के बाद मशाल जुलूस निकालकर व्यापारी ने अपना विरोध दर्ज कराया। जिस पर उन्होंने मुकदमा दर्ज किया है। इससे नाराज होकर व्यापारी पुनः चौकी इंचार्ज का पुतला फूंकने की तैयारी कर रहे है। व्यापार मण्डल ने कहा कि अब आरपार की लड़ाई लड़ी जायेगी। समाधान का समय बीतता जा रहा है। प्रदेश नेतृत्व द्वारा युवा व्यापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष जीतू सोनी गुरुवार को जनपद में आयेंगे और अंकुर श्रीवास्तव के साथ हुई घटना की जानकारी लेकर व्यापारियों का साथ देंगे। साथ ही प्रतिनिधि मण्डल जिले के व्यापारियों के साथ मुख्यमंत्री से चौकी इंचार्ज व सिपाही की शिकायत करेगा। पूर्व में संडे बाजार को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया था। उसके बाद रेलवे रोड को लेकर भी विरोध प्रदर्शन हुआ था। इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखते हुए कार्यवाही की जा रही है। जो सरासर गलत है। प्रदेश नेतृत्व की फटकार के बाद जिला नेतृत्व भी अंकुर श्रीवास्तव के समर्थन में आ गया है और घटना की निंदा करते हुए मुकदमा वापसी एवं चौकी इंचार्ज पर कार्यवाही आदि की मांग की गई है।

## सीज अस्पताल में नाम बदलकर चलता रहा इलाज

**जिम्मेदार विभाग साधे रहे मौन**

**समृद्धि न्यूज़, गोला गोकर्णनाथ खीरी।**

प्रशासन द्वारा सीज किए गए अस्पताल और उससे जुड़े भवन में नियमों को दरकिनार कर नाम बदलकर अस्पताल संचालित किए जाने का गंभीर मामला गोला-खीरी क्षेत्र में सामने आया है। जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य विभाग ने अनियमितताओं, लाइसेंस उल्लंघन और मानकों की अनदेखी के चलते शिवाय हॉस्पिटल को पहले ही सीज कर दिया था तथा भवन पर नोटिस चस्पा कर ताले लगाए गए थे, इसके बावजूद अस्पताल प्रबंधन ने कथित तौर पर उसी भवन में मैक्स हॉस्पिटल के नाम से दोबारा इलाज शुरू कर दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल का केवल नाम बदला गया, जबकि स्टाफ, उपकरण और संचालन व्यवस्था पूर्ववत रही, जिससे स्पष्ट होता है कि यह कार्रवाई नियमों से बचने के उद्देश्य से की गई। सूत्रों के मुताबिक बिना वैध पंजीकरण और अनुमति के मरीजों का इलाज किया जाता रहा और कई मरीजों को यह जानकारी तक नहीं थी कि संबंधित अस्पताल पहले ही सीज किया जा चुका है। इस पूरे प्रकरण ने स्वास्थ्य विभाग और नगर प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं, जिनमें सीज भवन में दोबारा अस्पताल संचालन, समय पर कार्रवाई न होना और निरीक्षण व्यवस्था की लापरवाही शामिल है। स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग करते हुए इसे जनस्वास्थ्य से जुड़ा गंभीर विषय बताया है।

## राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

# यूजीसी नीतियों के विरोध में अधिवक्ताओं का प्रदर्शन

**समृद्धि न्यूज़, मितौली खीरी।**




तहसील सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आशीष कुमार मिश्रा के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने भारत सरकार द्वारा लाए जा रहे यूजीसी से जुड़े कानूनों के विरोध में महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी मितौली मधुसूदन गुप्ता को सौंपा। अधिवक्ताओं ने यूजीसी कानून को वापस लेने की मांग की।

ज्ञापन सौंपने से पूर्व अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में नारेबाजी करते हुए उप जिलाधिकारी कार्यालय तक मार्च किया। उस समय उप जिलाधिकारी विभागीय कार्यों में व्यस्त होने के कारण उन्होंने अपने प्रतिनिधि नायब तहसीलदार को ज्ञापन लेने के लिए भेजा, लेकिन अधिवक्ताओं ने प्रतिनिधि को ज्ञापन देने से इंकार कर दिया। उप जिलाधिकारी के कार्यालय में देर से पहुंचने पर अधिवक्ताओं में आक्रोश बढ़ गया और उन्होंने नारेबाजी करते हुए धरना शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर उप जिलाधिकारी मधुसूदन गुप्ता स्वयं मौके पर पहुंचे। अधिवक्ताओं से हुई तीखी नोक-झोंक के बाद उप जिलाधिकारी ने ज्ञापन स्वीकार किया। इस घटनाक्रम को लेकर तहसील परिसर में दिन भर चर्चाएं होती रहीं।

ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से एडिटर सरोज कुमार दीक्षित, एडवोकेट राम अवतार मिश्रा, सतीश चंद्र मिश्रा, संजयकांत मिश्रा, इंद्रपाल राठौर, उमाकांत तिवारी, अमिताभ मोहन पांडे, सौरभ अवस्थी, बृजेश कुमार मिश्रा, श्याम जी शुक्ला सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

सभी ने एक स्वर में यूजीसी कानून का विरोध जताते हुए इसे वापस लेने की मांग की।

## निःशुल्क मोतियाबिंद शिविर का आयोजन, 64 मरीजों की जांच

**मैलानी-खीरी।** मैलानी नगर के सिद्धि विनायक पब्लिक स्कूल परिसर में प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक निःशुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर नगर पंचायत अध्यक्ष कीर्ति माहेश्वरी के सौजन्य से संपन्न हुआ। शिविर में डॉ. श्राफ चैरिटी आई हॉस्पिटल से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मोतियाबिंद की निःशुल्क जांच की गई तथा मरीजों को आवश्यक परामर्श दिया गया। जिन मरीजों में ऑपरेशन की आवश्यकता पाई गई, उन्हें ऑपरेशन की सलाह दी गई। साथ ही चयनित मरीजों के लिए अस्पताल तक आने-जाने एवं भोजन की निःशुल्क व्यवस्था भी की गई। शिविर में आयुष्मान कार्डधारक मरीज अपने कार्ड, आधार कार्ड व मोबाइल नंबर के साथ पहुंचे, जबकि जिनके पास आयुष्मान कार्ड नहीं था वे आधार कार्ड और मोबाइल नंबर लेकर आए।

## करमूपुरवा में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

**आशीष कनौजिया ने टॉस कराकर किया मैच शुरू**

**निघासन (खीरी)।** ग्राम पंचायत बरोठा के मंजरा करमूपुरवा में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में खेल प्रेमियों का उत्साह देखते ही बन रहा है। टूर्नामेंट के तहत खेले गए मुकाबले में मुख्य अतिथि के रूप में आशीष कनौजिया पहुंचे। आयोजन स्थल पर पहुंचने पर आयोजकों और खिलाड़ियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर मुड़ाबुजुर्ग और सिंगाही की टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया। मुख्य अतिथि आशीष कनौजिया ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के बाद टॉस कराकर मैच का शुभारंभ कराया। उन्होंने दोनों टीमों के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए



कहा कि ग्रामीण अंचलों में इस तरह के खेल आयोजनों से युवाओं की प्रतिभा को मंच मिलता है और आपसी भाईचारा भी मजबूत होता है। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ खेलने का आह्वान करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम है, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करता है। मैच के दौरान बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे, जिन्होंने तालियों और नारों के साथ खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। आयोजकों ने बताया कि टूर्नामेंट में क्षेत्र की कई टीमें भाग ले रही हैं और रोजाना रोमांचक मुकाबले खेले जा रहे हैं। आयोजन को सफल बनाने में ग्रामीणों का सराहनीय सहयोग रहा।

## आमने-सामने की भीषण टक्कर में बाइक सवार युवक की मौत

**दो गंभीर रूप से घायल**

**समृद्धि न्यूज़, मैलानी खीरी।**



मैलानी थाना क्षेत्र अंतर्गत संसारपुर चौकी के तहत नेशनल हाईवे-730 (गोला-खुटार मार्ग) पर एक हृदयविदारक सड़क दुर्घटना हो गई। संसारपुर और नौगवाखेड़ा मार्ग के बीच स्थित संतोष पैलेस के सामने करीब 3:15 बजे हुई इस आमने-सामने की टक्कर में बाइक सवार युवक की मौके पर ही हालत गंभीर हो गई, जिसे अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया, जबकि बाइक पर सवार दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गोला गोकर्णनाथ की ओर से खुटार जा रही मोटरसाइकिल संख्या यूपी 27 वी 4878 जैसे ही संतोष पैलेस के सामने पहुंची, तभी सामने से तेज रफ्तार में आ रही कार संख्या यूपी 31 सीडी 6506 ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और तीनों सवार सड़क पर जा गिरे। हादसे के बाद कुछ देर के लिए मार्ग पर अफरा-तफरी मच गई और यातायात भी प्रभावित हुआ। इस दुर्घटना में बाइक चालक विवेक सिंह (32 वर्ष) पुत्र लाल बहादुर, निवासी सिंहपुर थाना खुटार, जनपद शाहजहांपुर गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं बाइक पर सवार राहुल वर्मा (24 वर्ष) पुत्र जसकरण तथा नीतू देवी (28 वर्ष) पत्नी पवन वर्मा, दोनों निवासी सिंहपुर थाना खुटार, को भी गंभीर चोटें आईं। सूचना मिलते ही संसारपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को 108 एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला भिजवाया गया। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद विवेक सिंह को मृत घोषित कर दिया। घायल राहुल वर्मा और नीतू देवी की हालत नाजुक होने के चलते प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम की कार्रवाई उपनिरीक्षक जितेंद्र सिंह यादव द्वारा कराई जा रही है। वहीं दुर्घटना में शामिल दोनों वाहनों को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

## खबरें एक नजर में

### नगर पालिका में राष्ट्रचिंतन की नई शुरुआत

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** नगर पालिका परिषद सभागार में वंदे मातरम् समिति एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के संयुक्त तत्वावधान में पहली समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रचिंतन को मजबूती देना, सांस्कृतिक चेतना का विस्तार करना तथा शैक्षणिक संस्थानों में राष्ट्रीय मूल्यों को प्रभावी रूप से स्थापित करने हेतु संयुक्त कार्ययोजना तैयार करना रहा। बैठक की अध्यक्षता वंदे मातरम् समिति के अध्यक्ष अनिकेत अवस्थी ने की। उन्होंने समिति की स्थापना, उसकी कार्यदृष्टि एवं 'वंदे मातरम' के माध्यम से विद्यार्थियों में राष्ट्रभावना जागृत करने की अवधारणा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि समिति का लक्ष्य विद्यालयों व महाविद्यालयों में नियमित सामूहिक वंदे मातरम् गायन के जरिए राष्ट्रीय चेतना को सुदृढ़ करना है। बैठक में उपस्थित अभाविप कार्यकर्ताओं ने समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। साथ ही विद्यालयों, महाविद्यालयों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों में राष्ट्रप्रेरक गतिविधियों के संचालन को लेकर गहन विचार-विमर्श किया गया। विचार-विमर्श के उपरांत आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई और उन्हें व्यापक स्तर तक पहुँचाने पर सर्वसम्मति बनी। वरिष्ठ मार्गदर्शकों ने अपने अनुभव साझा करते हुए युवाओं को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित किया। बैठक में मिलिंद शुक्ल, धीरज बाजपेयी, कमल नयन शुक्ला, हर्ष भारद्वाज, देवांश शर्मा, राहुल गुप्ता, युवराज जोशी एवं समिति सदस्य रौनक ठाकुर सहित अनेक नागरिक और युवा उपस्थित रहे। इस समन्वय बैठक को नगर में राष्ट्रस्मरण, सांस्कृतिक चेतना और संगठनात्मक एकता की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल के रूप में देखा जा रहा।

### अवैध संबंधों का विरोध करने पर पत्नी व बच्चों की पिटाई, नकदी लेकर फरार

**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** राजगढ़ थाना क्षेत्र के ददरा गांव में पारिवारिक कलह और अवैध संबंधों का एक गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता मंजू देवी ने अपने पति और उसकी कथित प्रेमिका के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता का आरोप है कि पति न केवल घर का खर्च बंद कर चुका है, बल्कि बच्चों के साथ मारपीट कर घर में रखी नकदी लेकर फरार हो गया है। **25 साल का रिश्ता दांव पर-** पीड़िता मंजू देवी के अनुसार, उसकी शादी 25 वर्ष पूर्व राजकुमार के साथ हुई थी और उनके चार बच्चे भी हैं। आरोप है कि पिछले दो वर्षों से पति का व्यवहार पूरी तरह बदल गया। जानकारी करने पर पता चला कि राजकुमार का मड़ईपुर सेमरा निवासी एक महिला (शकुन्तला देवी) के साथ अनैतिक संबंध है। पीड़िता का कहना है कि पति अपनी सारी कमाई वहीं खर्च कर देता है, जिससे घर में आर्थिक तंगी आ गई है। **कर्ज का बोझ और प्रताड़ना-** शिकायती पत्र के अनुसार, बेटी की शादी के लिए लिए गए कर्ज और गाड़ी की किश्तें न भरने के कारण लेनदार पीड़िता को परेशान कर रहे हैं। विरोध करने पर पति अपनी पत्नी और बच्चों को बुरी तरह पीटता है। **रंगेहाथ पकड़ने पर मिली जान से मारने की धमकी-** घटना का विवरण देते हुए पीड़िता ने बताया कि बीते 31 जनवरी 2026 की शाम करीब 7 बजे पति ने घर में मारपीट की और रखे हुए बीस हजार रुपये लेकर भाग निकला। जब मंजू ने पीछा किया, तो वह शकुन्तला देवी के घर मिला। पीड़िता ने 1090 पर फोन कर पुलिस की मदद ली, जिसके बाद दोनों को रंगेहाथ पकड़ा गया। आरोप है कि वहां भी विपक्षियों ने पीड़िता के साथ अभद्रता की और जान से मारने की धमकी दी। **थाने में सुनवाई न होने पर एसपी की शरण में-** पीड़िता का आरोप है कि स्थानीय थाने में सूचना देने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है। न्याय न मिलता देख मंजू देवी ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर प्रार्थना पत्र सौंपा और दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

### तालाब में डूबने से 35 वर्षीय महिला की मौत, परिजनों में कोहराम

**अदलहाट (मिर्जापुर)।** जनपद के अदलहाट थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बरी सलाहपुर में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है, जहाँ एक 35 वर्षीय महिला की तालाब में डूबने से मौत हो गई।जानकारी के अनुसार, मृतका सरोज (35 वर्ष) पुत्री नान्हु राम, निवासी ग्राम बरी सलाहपुर, मंगलवार (3 फरवरी 2026) को शौच के लिए पास के एक पोखरे (तालाब) पर गई थी। बताया जा रहा है कि तालाब के किनारे पैर फिसल जाने के कारण वह गहरे पानी में चली गई और डूबने से उसकी मृत्यु हो गई। **सुबह बरामद हुआ शव** परिजनों द्वारा खोजबीन के बाद, बुधवार (4 फरवरी 2026) की सुबह मृतका का शव तालाब से बाहर निकाला गया। शव मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

**पुलिस को दी गई सूचना**

मृतका के पिता नान्हु राम ने इस संबंध में अदलहाट थाना प्रभारी को लिखित प्रार्थना पत्र देकर घटना की जानकारी दी है। परिजनों ने पुलिस से मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## बाँसगांव पंचायत में भ्रष्टाचार के आरोपों पर घिरा प्रशासन

**15 दिन में कार्रवाई नहीं हुई तो फिर भड़केगा जन आंदोलन**

**समृद्धि न्यूज़, गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।**




ब्लॉक कुम्भी गोला के ग्राम बाँसगांव में पंचायत स्तर पर कथित भ्रष्टाचार, वित्तीय अनियमितताओं और प्रशासनिक लापरवाही के विरोध में लोक जन संघर्ष पार्टी द्वारा बीते 20 जनवरी से चल रहा धरना-प्रदर्शन प्रशासनिक आश्वासन के बाद फिलहाल अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया गया है। पार्टी ने साफ चेतावनी दी है कि यदि 15 दिन के भीतर निष्पक्ष जांच और ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन और भी व्यापक रूप में दोबारा शुरू किया जाएगा।

पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पं. राम निवास शुक्ल ने जिलाधिकारी को संबोधित पत्र में बताया कि धरना स्थल पर पहुंचे नायब तहसीलदार से वार्ता के दौरान एक जांच टीम गठित कर सभी बिंदुओं की जांच कराने का आश्वासन दिया था। इसी भरोसे पर जनहित को ध्यान में रखते हुए पार्टी ने आंदोलन फिलहाल रोकने का निर्णय लिया है।

पत्र में पंचायत कार्यों में भारी अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए कहा गया है कि सांसद निधि, विधायक निधि, विधान परिषद सदस्य निधि और ब्लॉक प्रमुख निधि से कराए गए कार्यों की अलग-अलग और पारदर्शी जांच कराई जाए। पार्टी का कहना है कि कई विकास कार्य कागजों में पूरे दर्शा दिए गए, जबकि धरातल पर उनका कोई अस्तित्व नहीं है। इंटरलॉकिंग सड़कों के निर्माण में नाली निर्माण दर्शाने के बावजूद मौके पर नालियां न बनने का भी गंभीर आरोप लगाया गया है। साथ ही पंचायत भवन में फर्नीचर मरम्मत और विद्युतीकरण के नाम पर निकाली गई धनराशि को भी संदेह के घेरे में बताते हुए इसकी गहन जांच की मांग की गई है।

विद्यालय परिसर में अवैध रूप से काटे गए सेमल के पेड़ से प्राप्त लगभग 42 हजार रुपये की धनराशि के उपयोग को लेकर भी सवाल उठाए गए हैं। आरोप है कि एक ओर पेड़ काट दिया गया, वहीं दूसरी ओर ऑनलाइन शिकायत के निस्तारण में प्रधानाध्यापक द्वारा पेड़ को खेत में खड़ा होना दर्शाया गया, जिससे पूरे प्रकरण की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े हो गए हैं।

इसके अलावा जिला कृषि अधिकारी द्वारा 8 दिसंबर 2025 की जांच आख्या को दो माह तक पोर्टल पर अपलोड न किए जाने को भी गंभीर लापरवाही बताया गया है। पार्टी का कहना है कि 22 जनवरी 2025 की शिकायत का समय पर निस्तारण न होना प्रशासनिक उदासीनता को उजागर करता है।

लोक जन संघर्ष पार्टी ने चेताया है कि यदि तय समयसीमा में दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं हुई, तो पार्टी दोबारा सड़क पर उतरने को मजबूर होगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

## विद्यालय में शिक्षक पर हमला, वाहन क्षतिग्रस्त आरोपी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

**निघासन खीरी।** थाना निघासन क्षेत्र के कोलापुरवा गांव स्थित परिषदीय विद्यालय में कार्यरत सहायक अध्यापक पर हमला करने और उनकी कार को क्षतिग्रस्त करने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर पीड़ित शिक्षक की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पारस नाथ शुक्ल पुत्र रामसागर शुक्ल, निवासी ग्राम कोटवा थाना नीमगांव, वर्तमान में उच्च प्राथमिक विद्यालय (1-8) कोलापुरवा, विकास क्षेत्र निघासन में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने तहरीर में बताया कि 3 फरवरी 2026 को सुबह करीब 9:50 बजे वे विद्यालय में शिक्षण कार्य में संलग्न थे, तभी गांव का ही रमेश पुत्र मोले विद्यालय परिसर में पहुंचा और उनकी वैगनआर कार पर ईंट-पत्थर से हमला कर दिया। इस दौरान कार की नंबर प्लेट भी मोड़ दी गई। शोर सुनकर जब बच्चे बाहर आए और शिक्षक को घटना की जानकारी मिली तो वे कक्षा से बाहर आए और आरोपी को रोकने का प्रयास किया। आरोप है कि इस पर रमेश ने गाली-गलौज करते हुए धमकी दी कि वह यहां नौकरी नहीं कर पाएंगे और डंडे से हमला कर दिया, जिससे शिक्षक की बाईं भुजा में चोट आई। विद्यालय की रसोइया व ग्रामीणों के आने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। घटना के बाद पीड़ित शिक्षक ने तत्काल डायल 112 पर सूचना दी। एंबुलेंस द्वारा उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निघासन ले जाया गया, जहां उपचार व एक्स-रे कराया गया। शिक्षक ने अपनी जान-माल की सुरक्षा को लेकर गंभीर आशंका जताई है और भय के कारण विद्यालय में कार्य करने में असमर्थ होने की बात कही है।

## 20 फरवरी को मंडलायुक्त की अध्यक्षता में आयोजित होगा मंडलीय पेंशन अदालत

**मिर्जापुर।** अपर निदेशक कोषागार एवं पेंशन/संयोजक पेंशन अदालत ने जानकारी देते हुए बताया है कि मंडलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल, मिर्जापुर की अध्यक्षता में 20 फरवरी को आयुक्त कार्यालय सभागार में पेंशन अदालत का आयोजन किया गया है। विन्ध्याचल मण्डल के सेवानिवृत्त हुये पेंशनरों के पेंशन सम्बन्धी समस्याओं का निवारण इस अदालत में किया जाना है। उक्त अदालत में निम्न मामले सुने जायेगेः-राजकीय कार्यालयों से सेवानिवृत्त कर्मियों के ऐसे मामले, जिनकी पेंशन/ग्रेच्युटी स्वीकृत न हुयी हो, पेंशन के त्रुटिपूर्ण निर्धारण के विरूद्ध पेंशनर द्वारा दिये गये प्रत्यावेदन पर विचार, सेवानिवृत्त के उपरान्त यदि वेतन आदि का पुनरीक्षण किया गया है, तो तद्नुसार पेंशन पुनरीक्षण के मामले, ऐसे प्रकरण जिनके निस्तारण में प्रशासनिक विभाग और पेंशन विभाग में मतभेद हो, तथा ऐसे प्रकरण जो न्यायालय में लम्बित हो परन्तु पेंशनर उसे अदालत से बाहर निस्तारित कराने के इच्छुक हो तथा ऐसे पेंशनरों के प्रकरण जो उच्च न्यायालय में लम्बित है, प्रकरण लम्बित रहने की स्थिति में उन पर विचार नहीं किया जा सकता तथा पेंशनरों की अन्य शिकायतों के संबंध में। पेंशन अदालत में वाद दाखिल करने हेतु आवेदन-पत्र का प्रारूप विन्ध्याचल मण्डल के जिला कोषागारों में उपलब्ध है। उक्त आवेदन पत्र तीन प्रतियों में भरकर सम्बन्धित जनपद के मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारियों के कार्यालय में 9 फरवरी तक उपलब्ध करा दें। अपूर्ण आवेदन पत्रों एवं अन्तिम तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

## मनबढ़ प्लॉटर ने पूर्व में ध्वस्तीकरण अवैध पुलिया पर कराया पुनः निर्माण

**सपा नगर अध्यक्ष व क्षेत्रीय लोगों ने किया विरोध**

**मानक के विपरीत कराया गया था एक वर्ष पूर्व पुलिया का निर्माण**

**समृद्धि न्यूज़, अहरौरा (मिर्जापुर)।**



स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत पट्टी कला आनंदपुर माइनर नहर पर प्लॉटर के द्वारा अपनी जमीन की कीमत बढ़ाने के लिए अवैध पुलिया का निर्माण दो दिन पूर्व में करा दिया गया है। जबकि लगभग 1 वर्ष पूर्व में सपा नगर अध्यक्ष व क्षेत्रीय लोगों के विरोध पर सिंचाई विभाग व पुलिस प्रशासन के मौजूदगी में अवैध पुलिया का ध्वस्तीकरण कराया गया था और सिंचाई विभाग के अधिकारियों व पुलिस प्रशासन के द्वारा प्लॉटर को सख्त से सख्त हिदायत दिया गया था कि पुनः ऐसा कृत्य करने पर मुकदमा पंजीकृत कराया जाएगा। इस संबंध में सपा नगर अध्यक्ष मुमताज अहमद ने सिंचाई विभाग के जे ई ओम प्रकाश सिंह से बात करने पर जे ई द्वारा बताया गया कि प्लॉटर को दो दिन पूर्व में कार्य करवा रहा था तभी मना किया गया था उसके बावजूद पुलिया पर निर्माण कराया गया है तो प्लॉटर के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया जाएगा। वहीं सिंचाई विभाग के एक्सचियन से सपा नगर अध्यक्ष मुमताज अहमद द्वारा बात करने पर एक्सचियन ने बताया कि हमें इसकी कोई जानकारी नहीं है। अगर पूर्व में किया गया शास्तीकरण पुलिया पर पुनः निर्माण कराया गया है, तो गलत है। इस पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## भाजपा पीडीए वोटर्स का नाम काटने की कर रही साजिश : श्याम लाल पाल

**फॉर्म-7 को लेकर सपा का बड़ा आरोप**

**समृद्धि न्यूज़, मिर्जापुर।**

समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने कहा कि मतदाता सूची से नाम काटने वाले फॉर्म-7 को लेकर भाजपा और प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कहा कि बड़े स्तर पर पीडीए वोटरों के नाम मतदाता सूची से काटे जा रहे हैं। वह मिर्जापुर समाजवादी पार्टी विधानसभा महासचिव अमरेश सोनकर की भतीजी एवं पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक यादव की भतीजी की शादी समारोह में भाग लेने आये थे। अनगढ़ रोड स्थित भोला गार्डन में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा बड़े स्तर पर पीडीए वोटरों के नाम मतदाता सूची से कटवाने की साजिश कर रही है। उन्होंने कहा कि जैसे ही यह जानकारी मिली, समाजवादी पार्टी ने चुनाव आयोग को लिखित रूप में अवगत कराया है।

दावा किया कि मिर्जापुर और उन तमाम इलाकों से शिकायतें आई जहां भाजपा 2027 विधानसभा चुनाव हार रही है। उन्होंने कहा कि कई मामलों में शिकायतकर्ता पढ़ा-लिखा नहीं है, लेकिन उसके नाम से हस्ताक्षर वाले फॉर्म-7 जमा कर दिए गए।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा प्रदेश सरकार पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों की घोर उपेक्षा कर रही उत्तर प्रदेश में भी सपा की सरकार बनेगी। लगे हाथ उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाते हुये कहा कि जनता इनकी करतूतों को जान चुकी है। आने वाले विधानसभा 2027 के चुनाव में इन्हे सत्ता से बाहर करने का काम करेगी। प्रदेश अध्यक्ष जी के मिर्जापुर आगमन पर कोन विकास खण्ड के तिलठी, मवैया, चील्ह एवं मझवां विधानसभा के बरौंधा, जसोवर आदि क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

इस मौके पर स्वागत करने वालो में गिरधारी पटेल, अमरेश सोनकर, अशोक यादव, रविन्द्र बहादुर सिंह, आशीष यादव, दामोदर प्रसाद मौर्या, कीर्ति कोल, सुरेन्द्र पटेल, सत्यप्रकाश यादव, राणा प्रताप सिंह, विवेक कुशवाहा, राहुल यादव, अभय यादव, सोकिम अहमद, हरिशंकर यादव, अनील सोनकर, रामनिलन यादव, झल्लू यादव, कौशिक कनौजिया, सौरभ यादव, लाल बहादुर यादव, विरेन्द्र यादव, राज नारायण निराला, रमाशंकर कोल, धर्मेन्द्र मौर्या, बलराम यादव आदि शामिल थे।

